मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष चतुर्थी 05:28 तक उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 19 नवंबर 2024
वर्ष 5, अंक 364, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





बाइडेन की मंजूरी के बाद जेलेंस्की ने रूस को धमकाया 14

17 जनवरी को रिलीज होगी फिल्म इमरजेंसी 13







# घुसपैठियों के रहनुमाओं से लिया जाएगा पाई-पाई का हिसाब : योगी

## मुख्यमंत्री ने झारखंड में की तीन रैली, विपक्षियों पर जमकर बरसे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आादित्यनाथ चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सोमवार को झारखंड में साहिबगंज, जामताड़ा और देवघर की जनसभाओं में कांग्रेस, झामुमो व राजद पर जमकर निशाना साधा। कहा कि एनडीए सरकार बनने के बाद घुसपैठियों को लात मारकर निकालेंगे। इनके रहनुमाओं से लूट-खसोट की पाई-पाई का हिसाब होगा। चेताया कि जब-जब बंटे थे तो कटे थे, अब बंटना नहीं है। जाति के नाम पर बांटने वाले नेता समाज व देश के दुश्मन हैं, इनसे सजग रहना है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि राजमहल, साहबगंज व आसपास के क्षेत्र को बांग्लादेशी घुसपैठियों व रोहिंग्या मुसलमानों का अवैध गढ़ बनाने का काम हो रहा है, लेकिन जिन राज्यों में भाजपा नेतृत्व की डबल इंजन सरकार है, वहां घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है। वहां दंगा, कर्फ्यू और गुंडागर्दी नहीं, बल्कि समृद्धि व सुशासन है। उप्र कोई घुसपैठ, गोहत्या और बेटी की इज्जत से खिलवाड़ नहीं कर सकता, किसी ने ऐसा किया तो यमराज के घर का टिकट पक्का है। योगी ने कहा कि खनन-बालू, वन, पशु, भू माफिया झारखंड को खोखला बना रहे हैं, जबकि यूपी में माफिया पर सख्ती है। झारखंड में लोग अवैध माइनिंग कराते हैं, लेकिन गरीब एक ट्रॉली बालू के लिए तरसता है। कहा कि झारखंड की जनता गरीब ही रह गई, लेकिन इन पार्टियों के नेता के घरों में नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं।



देवघर में चुनावी जनसभा के दौरान जनता का अभिवादन करते हुए योगी आदित्यनाथ।

### महाराष्ट्र और झारखंड में थमा चुनाव प्रचार 20 को पड़ेंगे वोट

**मुंबई/रांची।** महाराष्ट्र और झारखंड में सोमवार शाम से चुनावी शोर समाप्त हो गया है। अब महाराष्ट्र की सभी विधानसभा सीटों और झारखंड के दूसरे चरण की सीटों के लिए बुधवार, 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। वहीं दोनों राज्यों की सभी सीटों के लिए मतों की गणना 23 नवंबर को होगी। दोनों राज्यों में सभी दलों ने मतदाताओं को लुभाने के लिए पूरी ताकत झोंकी है। वहीं यूपी समेत देश के कई राज्यों की सीटों में होने वाले उपचुनाव का भी शोर थम गया। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति और विपक्षी महाविकास अघाड़ी के बीच मुख्य लड़ाई है। दोनों गठबंधन में कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। महायुति को जहां लड़की बहन योजना और ध्रुवीकरण से आस है तो वहीं महाविकास आघाड़ी को सत्ता विरोधी मिजाज और अपने लुभावने वादों से उम्मीद है। विदर्भ और मराठवाड़ा में भाजपा और कांग्रेस की सीधी लड़ाई चुनावी दिशा का रुख तय करेगी।

### उप्र में लव-लैंड जेहाद करने वाले जाते हैं यमलोकपुरी

योगी ने झामुमो, कांग्रेस व राजद पर हमला करते हुए कहा कि राजनीतिक स्वार्थ के लिए यह लोग आपके जीवन, सुरक्षा और भोली-भाली बेटियों के इज्जत से खिलवाड़ करते हैं। लव जेहाद को बढ़ावा दे रहे हैं। लैंड जेहाद के नाम पर जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। यूपी में लैंड व लव जेहाद नहीं है, वहां कोई ऐसा करेगा तो उसका यमलोकपुरी का टिकट कटता है।

## एक नजर

### के संजय मूर्ति भारत के अगले नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक होंगे

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को कहा कि के संजय मूर्ति भारत के अगले नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) होंगे। मूर्ति हिमाचल प्रदेश कैडर के 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं और वह गिरीश चंद्र मुर्मू का स्थान लेंगे। वह इस समय शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग में सचिव हैं। मूर्ति 20 नवंबर को अपना कार्यकाल पूरा करेंगे।

### मेटा पर 213 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने सोमवार को सोशल मीडिया कंपनी मेटा पर 213.14 करोड़ का जुर्माना लगाया। यह जुर्माना 2021 में व्हॉट्सएप की निजता नीति अद्यतन के संबंध में अनुचित व्यावसायिक तरीकों को अपनाने के लिए लगाया गया। सीसीआई ने मेटा को प्रतिस्पर्धा-रोधी व्यवहार को बंद करने और उनसे दूर रहने का निर्देश दिया है। सीसीआई ने आदेश पारित करते हुए कहा कि यह जुर्माना इस बात से जुड़ा है कि व्हॉट्सएप की 2021 की निजता नीति को कैसे लागू किया गया।

# एक्यूआई 450 के नीचे आने पर भी नहीं हटेगा प्रतिबंध

## दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, 12वीं तक स्कूल बंद करने के निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रदूषण में चिंताजनक वृद्धि रोकने के लिए कड़े कदम उठाने में विलंब पर नाराजगी जाहिर करते हुए उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) राज्यों को ग्रैप-4 के तहत प्रतिबंध लागू करने के लिए तुरंत टीम गठित करने का सोमवार को निर्देश दिया और कहा कि एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) 450 से नीचे होने पर भी ये प्रतिबंध लागू रहेंगे। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि यह सुनिश्चित करना सभी राज्यों का संवैधानिक कर्तव्य है कि हर नागरिक प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहे।

पीठ ने कहा हम एक्यूआई का स्तर 450 से नीचे जाने की स्थिति में भी ग्रैप के चौथे चरण के तहत प्रतिबंधों को जारी रखने का निर्देश देते हैं। उसने सभी दिल्ली-एनसीआर राज्यों से 12वीं तक की कक्षाएं आयोजित करने के संबंध में तुरंत निर्णय लेने को कहा और एक ऐसा तंत्र स्थापित करने का निर्देश दिया, जिसके जरिए चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (ग्रैप) के चौथे चरण के तहत प्रतिबंधों के उल्लंघन के संबंध में शिकायतें की जा सकें।



### सभी के स्वास्थ्य के लिए खतरे की चेतावनी

नई दिल्ली। दिल्ली की वायु गुणवत्ता सोमवार को बहुत अधिक खराब हो गई और द्वारका, मुंडका तथा नजफगढ़ जैसे क्षेत्रों में दोपहर के समय अधिकतम वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 500 दर्ज किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में धुंध की घनी चादर छाने से लोगों ने खुजली और आंखों से पानी आने की शिकायत की। सोमवार को सुबह आठ बजे यहां का एक्यूआई 484 दर्ज किया गया। एक्यूआई इस मौसम में अब तक के सबसे खराब स्तर पर पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दोपहर दो बजे तक एक्यूआई 491 दर्ज किया गया।

### 22 तक अनुपालन हलफनामा दाखिल करने के निर्देश

पीठ ने दिल्ली सरकार और पड़ोसी एनसीआर राज्यों को प्रदूषण रोकने के लिए निवारक कदमों के कार्यान्वयन पर 22 नवंबर तक अनुपालन हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा। उसने कहा कि ग्रैप के तहत सुझाए कदमों के अलावा भी कदम उठाए जा सकते हैं। पहली बार 2017 में लागू की गई ग्रैप प्रणाली स्थिति की गंभीरता के अनुसार वायु प्रदूषण को रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों के बारे में बताती है।

## अब सिर्फ दो बार दे सकेंगे जेईई एडवांस्ड

**कानपुर।** जेईई एडवांस्ड में छात्र अब सिर्फ दो बार ही शामिल हो सकेंगे। आईआईटी कानपुर ने छात्रों को परीक्षा में बैठने के लिए हाल ही में तीन अवसर दिए जाने का निर्णय लिया था लेकिन ज्वाइंट एडमिशन बोर्ड की बैठक के बाद अब उस निर्णय को बदल दिया गया है। जेईई एडवांस्ड परीक्षा आयोजक संस्था आईआईटी कानपुर ने 5 नवंबर को परीक्षा में छात्रों को तीन अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया था। सोमवार को संस्थान ने इस निर्णय को बदल दिया है। आईआईटी कानपुर की ओर से जेईई एडवांस्ड के संबंध में सोमवार को एक प्रेस रिलीज जारी कर इस बदलाव की जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि जेईई एडवांस्ड में शामिल होने वाले अवसरों की संख्या दो कर दिया गया है। इससे पहले आईआईटी कानपुर की ओर से तीन अवसर दिए जाने के बाद तमाम छात्रों ने जेईई मेन के लिए आवेदन कर दिया था।

## यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 24 फरवरी से

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट वर्ष-2025 की परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होगी। परीक्षा 12 मार्च तक चलेगी। यह जानकारी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने दी। परीक्षा में 54 लाख से ज्यादा परीक्षार्थी होंगे। हाईस्कूल में इस बार 27,40,151 परीक्षार्थी, जबकि इंटर में 26,98,446 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। यह परीक्षा 17 दिन में संपन्न होगी। प्रदेश भर में 7800 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

**(परीक्षा कार्यक्रम पेज 9 पर)**

## प्रदूषण को देखते हुए प्रदेश में निर्माण कार्यों पर रोक

**लखनऊ।** मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग से सभी मण्डलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर सोमवार को सभी तरह के निर्माण पर प्रतिबंध के निर्देश दिए हैं। ऐसा बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए किया गया है। वायु गुणवत्ता के विषय पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने विशेष तौर पर मेरठ, गाजियाबाद, शामली, बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर, हापुड़, बागपत, गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारियों को निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के निर्देशों का अनुपालन किया जाए। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत यदि किसी जनपद में एक्यूआई 449 है तो वहां ग्रेप 4 का सख्ती से अनुपालन कराया जाए। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। प्रतिदिन रोड की सफाई हो और सॉलिड वेस्ट का प्रतिदिन उठान हो। पानी का छिड़काव किया जाए।






# दैनिक अमृत विचार के पांचवें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं










**आज का मौसम**

आसमान में धूप खिलेगी। हल्के बादल छा सकते हैं।

| | |
|---|---|
| 26° अधिकतम तापमान | 12° न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06.37 | सूर्यास्त 05.15 |

## विवाहिता ने की आत्महत्या

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** पति से विवाद के बाद पत्नी ने ख़ुदखुशी कर ली। आनंन-फानन में परिजन ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना क्षेत्र के एक गांव की है। दंपति का आपस में विवाद होता रहता था। इसी के चलते विवाहिता ने गांव के बाहर स्थित जंगल की तरफ जाकर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

### शासन के निर्देश पर बराही, माला, महोफ रेंज का होगा सिक्योरिटी ऑडिट, जल्द आ सकती है नामित अफसरों की टीम

# अब गैंडों से भी गुलजार होगा पीलीभीत टाइगर रिजर्व, बेहतर ग्रासलैंड होगा सहारा

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा पिछले माह भेजा गया गैंडा पुर्नवास योजना का प्रस्ताव

**अमृत विचारः** यदि सब कुछ ठीक ठाक रहा तो आने आने वाले दिनों में पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघों के साथ गैंडों का कुनबा भी देखने को मिलेगा। पिछले दिनों टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा गैंडा पुर्नवास परियोजना के भेजे गए प्रस्ताव को शासन ने संज्ञान में लेते हुए पीलीभीत टाइगर रिजर्व की तीन रेंजों में सिक्योरिटी ऑडिट कराने का निर्णय लिया।

इसको लेकर शासन द्वारा गठित सिक्योरिटी ऑडिट टीम कभी भी यहां आकर सर्वे कर सकती है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व अपनी जैवविविधता के लिए देश-दुनिया में मशहूर है। 73 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में फैले रुहेलखंड के एक मात्र सघन जंगल को जून 2014 में टाइगर रिजर्व का दर्जा दिया गया था।

तबसे यहां बाघों समेत अन्य वन्यजीवों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के एक तरफ नेपाल की शुक्ला फांटा सेंचुरी है। इंडो-नेपाल की खुली सीमा होने के चलते नेपाल से गैंडा, हाथी एवं अन्य वन्यजीव एक-दूसरे देश की सीमा में आते-जाते रहे हैं। हालांकि खुली सीमा से एक-दूसरे देश की सीमा में आने वाले वन्यजीवों की संख्या में अब कमी देखी जा रही है। इधर पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बेहतर ग्रासलैंड होने के चलते टाइगर रिजर्व प्रशासन ने गैंडा पुर्नवास की कवायद शुरू की है। पिछले दिनों दक्षिण भारत से आई एक टीम भी इसको लेकर यहां आई थी।

बीते माह टाइगर रिजर्व प्रशासन ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व की तीन रेंजों को गैंडा पुर्नवास के उपयुक्त मानते हुए एक गैंडा पुर्नवास योजना का प्रस्ताव तैयार कर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) को भेजा था। इधर शासन ने भी भेजे गए प्रस्ताव को गंभीरता से लिया है और पीलीभीत टाइगर रिजर्व की महोफ, बराही एवं माला रेंज को सिक्योरिटी ऑडिट कराने का निर्णय लिया है। वन अफसरों के मुताबिक सिक्योरिटी ऑडिट शासन द्वारा नामित अफसरों की टीम द्वारा किया जाएगा। संभावना है जल्द ही टीम यहां पहुंचकर तीनों रेंजों को सिक्योरिटी ऑडिट करेगी। हालांकि इससे पूर्व भी पीलीभीत टाइगर रिजर्व में गैंडा पुर्नवास के प्रयास किए गए थे। तत्कालीन प्रमुख सचिव आलोक रंजन ने गैंडा परियोजना लागू करने में दिलचस्पी ली थी। महोफ एवं बराही रेंज को मुफीद पाते हुए स्थान चिन्हित करने के निर्देश भी दिए गए थे। बाउंड्री सर्वे भी कराया गया, लेकिन सबकुछ ठंडे बस्ते में चला गया था।



जंगल में विचरण करता गैंडा।

> गैंडा पुर्नवासन की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर गैंडा पुर्नवास योजना का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया था ।शासन ने प्रस्ताव को संज्ञान में लेते हुए तीन रेंजों का सोशल ऑडिट कराने का निर्णय लिया है। इन्हीं तीन रेंजों में गैंडा पुर्नवास योजना प्रस्तावित है।
>
> **- मनीष सिंह, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व**

### कॉरिडोर पर बढ़ी इंसानी दखलंदाजी, नदी के इस पार नहीं आते अब नेपाली गैंडे

कुछ साल पहले तो नेपाली गैंडों को बराही का लग्गा-भग्गा क्षेत्र इतना रास आ गया था कि वे यहां से वापस ही नहीं जाते थे। स्थानीय वनकर्मियों से सूचना मिलने के बाद शुक्ला फांटा सेंचुरी के वनकर्मी हाथियों की मदद से इन गैंडों की को बमुश्किल किसी तरह वापस ले जाते थे। फिलहाल गैंडे अभी भी आते हैं, मगर, अब गैंडे लग्गा-भग्गा क्षेत्र तक ही सीमित हैं। जंगल से जुड़े जानकारों के मुताबिक तीन-चार साल पहले तक गैंडे शारदा नदी के इस पार भी आ जाते थे, मगर उनके कॉरिडोर पर बढ़ती इंसानी दखलंदाजी के चलते गैंडों के नदी के इस पार आने का सिलसिला ही थम चुका है।

# चिराग तले अंधेरा...दूसरों को दिखाया आईना, खुद बेपरवाह

### दफ्तरों में नहीं आग बुझाने के इंतजाम, झांसी अग्निकांड के बाद डीएम के आदेश पर हुई चेकिंग में अधिकांश कार्यालयों में अग्निशमन यंत्र नहीं

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** झांसी में हुए अग्निकांड के बाद अधिकारियों ने सरकारी और निजी अस्पतालों में पहुंचकर अग्निशमन संसाधनों को परखा था। हादसे से निपटने के लिए पुख्ता तैयारी करने के निर्देश दिए गए थे। मगर, सरकारी दफ्तरों की भी बेपरवाह तस्वीर बनी हुई है।सरकारी कार्यालयों में अभिलेखों को सुरक्षित रखना विभाग की जिम्मेदारी होती है, लेकिन अधिकतर सरकारी कार्यालयों में अग्निशमन के इंतजाम ही नहीं हैं। कहीं इंतजाम किए भी गए हैं, तो खानापूर्ति है। न तो अग्निशमन यंत्र ठीक हैं और न ही पानी की कोई व्यवस्था है। नियम के मुताबिक जहां अग्निशमन यंत्र लगाए गए हैं, वहां उनकी जांच प्रत्येक वर्ष होनी चाहिए, लेकिन जिम्मेदार उदासीन बने हुए हैं।

जबकि झांसी में हुए हादसे के बाद खुद अधिकारियों ने दूसरों को जागरुक किया था। अपने कार्यालयों में क्या स्थिति है, उसके बारे में कभी जाने की कोशिश नहीं की। कार्यालयों में लगे फायर सिलिंडर कई साल पहले ही एक्सपायर हो चुके हैं। जिनकी दोबारा रिफिल करना तक जरूरी नहीं समझा। इतना ही नहीं कई कार्यालयों में तो सिलिंडर ही गायब हैं। कई सारे महत्वपूर्ण रिकॉर्ड रखे हुए हैं। ऐसे में इन सरकारी कार्यालयों में आग लगी तो सरकारी अभिलेखों को बचा पाना मुश्किल होगा। सोमवार को अमृत विचार की टीम ने पड़ताल की तो लापरवाह तस्वीर उजागर हुई।

### कोषागार : करोड़ों का लेनदेन, फायर सिलिंडर नहीं

कलेक्ट्रेट में संचालित हो रहे ट्रेजरी में जिले के हर सरकारी कार्यालय के लेनदेन का लेखा-जोखा होता है। जहां प्रतिदिन करोड़ों का लेनदेन होता है। इस कार्यालय में प्रतिदिन सैकड़ों लोग आते हैं। वर्तमान समय में ट्रेजरी में जीवित प्रमाण पत्र जमा करने के लिए लाइन लग रही है, जहां बुजुर्ग अपने जीवित होने का प्रमाण पत्र लेकर पहुंच रहे हैं। मगर इस महत्वपूर्ण कार्यालय में आग बुझाने के इंतजाम नहीं है। ऐसे में अगर यहां किन्हीं कारणों के चलते आग लगी तो काबू पाना मुश्किल होगा। क्योंकि यहां पर एक भी फायर सिलिंडर नहीं लगा हुआ है। वहीं कृषि विभाग में एक भी फायर सिलिंडर नहीं लगे हुए हैं, जो घटना को बढ़ावा दे रहे हैं।



कोषागार में काम करते कर्मचारी।



कृषि भवन में बैठे लोग।

> समस्त सरकारी कार्यालयों में फायर सिलिंडर होना अनिवार्य है। प्रतिवर्ष इसकी रिफिलिंग भी कराई जाती है। झांसी में हुए अग्निकांड के बाद सरकारी और निजी अस्पतालों को चेक भी कराया गया था। सरकारी दफ्तरों में लगे सिलिंडरों को भी रिफिलिंग कराया जाएगा। इसे गंभीरता से दिखवाएंगे।
>
> **-विजय वर्धन तोमर, सिटी मजिस्ट्रेट**

### विनियमित क्षेत्र और एनआईसी में लगे एक्सपायरी फायर सिलिंडर

रिकॉर्ड रूम में भी फायर सिलिंडर नहीं था। एक बॉल्टी में रेत कलेक्ट्रेट में स्थित विनियमित क्षेत्र का कार्यालय बना हुआ है, जहां सिटी मजिस्ट्रेट भी बैठते हैं। साथ ही शहरी क्षेत्र में होने वाले आवासीय और कामर्शियल काम्प्लैक्स की एनओसी ली जाती है। कुछ मानकों के तहत विनियमित क्षेत्र से फायर एनओसी भी लेने का प्रावधान है। मगर यहां सिटी मजिस्ट्रेट के कार्यालय में फायर के तीन सिलिंडर लगे मिले। जोकि एक्सपायर हो चुके है। यहां लगे सिलिंडर वर्ष 2018 में ही एक्सपायर हो चुका है। जिसको रिफिल नहीं कराया गया है। इस पर अफसरों को ध्यान देने की जरुरत है। इनके अलावा एनआईसी में भी एक्सपायर का सिलिंडर लगा हुआ है। वहां लगे सिलिंडर पर दो जुलाई 2024 को एक्सपायर हो गया। यहां भी रिफिलिंग नहीं कराई गई। जबकि एनआईसी के महत्वपूर्ण कार्यालय है। जहां से हर कार्यालय का सर्वर संचालित होता है।



सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय में लगे एक्सपायर सिलिंडर।



रिकॉर्ड रुम में भी नहीं मिला फायर सिलिंडर।



एनआईसी में लगा एक्सपायर डेट का फायर सिलिंडर।

### 19 कार्यालय, अग्निशमन यंत्र अधिकतर में नहीं

जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में संचालित हो रहे विकास भवन में करीब 19 से अधिक कार्यालय संचालित हो रहे हैं। इनमें सीडीओ, डीडीओ, डीपीआरओ , जिला दिव्यांग कल्याण, जिला समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा अल्पसंख्यक, जिला कार्यक्रम अधिकरी, मत्स्य विभाग, डीएसटीओ, जिला सहकारिता, कृषि, पशुपालन, डीआरडीए, पीआरडी, पीओ नेडा, प्रोबेशन अधिकारी शामिल हैं। नियम है कि इन सभी कार्यालयों में फायर सिलिंडर होना अनिवार्य है। मगर अधिकतर में फायर सिलिंडर नहीं लगे हैं, जहां लगे उनकी रिफलिंग भी नहीं कराई गई। ऐसे में इन सरकारी कार्यालयों में अगर आग लगी तो अभिलेख बचना मुश्किल हो गया है। जबकि पूर्व में जिला पंचायती राज कार्यालय में आग भी लग चुकी है। इसके बाद भी जिम्मेदारों ने सबक नहीं लिया। प्रथम तल पर चंद कार्यालयों में फायर सिलिंडर लगे हैं।



विकास भवन की गैलरी में नहीं लगे फायर सिलिंडर ।

## युवक ने रेस्टोरेंट से चोरी की चॉकलेट, सीसीटीवी में कैद

**संवाददाता, बिलसंडा**

**अमृत विचारः** नगर के एक रेस्टोरेंट में रंखे फ्रिज से एक युवक ने चॉकलेट चोरी कर ली और भाग गया। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक करने पर घटना का पता चला। बाद में आरोपी ने रुपये देकर अपनी गलती मानते हुए माफी मांग ली।

बता दें कि नगर के बंडा बस स्टैंड स्थित राजीव गुप्ता के रेस्टोरेंट पर नगर का एक युवक पनीर की पकौड़ी लेने गया था। बताते हैं कि दुकान पर उस वक्त दुकान पर राजीव की बेटी बैठी हुई थी, जिसका फायदा उठाते हुए युवक ने फ्रिज में रखे कई चॉकलेट चोरी की। पकौड़ी लेने के बाद भाग गया। उधर, शाम को जब दुकान पर राजीव पहुंचे और उन्होंने फ्रिज में रखें चॉकलेट गायब पाए, तो पहले उन्होंने बेटी से चॉकलेट के बारे में जानकारी की,लेकिन जब बेटी ने बताया कि कोई चॉकलेट बिका ही नहीं, तो उन्हें शक हुआ। इस पर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली। सीसीटीवी फुटेज में एक युवक फ्रिज से चॉकलेट चोरी करता दिखा। युवक का चेहरा पहचानने के बाद उन्होंने उसे पहले दुकान पर बुलाया। बताते हैं कि पहले तो उसने चॉकलेट ले जाने की बात से इनकार किया, लेकिन जब उसे स्क्रीन पर दिखाया गया कि वह फ्रिज से चॉकलेट निकाल कर जेब में रख रहा है, तब उसने गलती मानते हुए न केवल माफी मांगी, बल्कि चॉकलेट का भुगतान भी किया।

जिसकी वजह से पुलिस में घटना की तहरीर नहीं दी गई, हालांकि नगर के ही एक व्यक्ति ने मध्यस्थता करके मामले को रफा दफा कराया। उधर चॉकलेट चोरी की इस घटना को लेकर नगर में चर्चा का विषय बना रहा।

### विवाहिता की इलाज के दौरान मौत, परिवार में कोहराम

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** चाय बनाते वक्त झुलसी विवाहिता की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव नरायनपुर ताल्लुके घुंघचिहाई निवासी गुड्डू के परिजन नौ नवंबर को अपने खेत पर काम करने गए थे। उसकी पत्नी काजल (20) सिलेंडर पर चाय बना रही थी। गैस सिलेंडर लीक होने से विवाहिता आग की चपेट में आकर गंभीर रुप से झुलस गई थी। विवाहिता को पूरनपुर सीएचसी ले जाया गया था। वहां से बरेली रेफर किया गया। इसके बाद परिजन विवाहिता को लखनऊ ले गए और एक अस्पताल में भर्ती कराया। रविवार को विवाहिता की उपचार के दौरान मौत हो गई। इसकी सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में विवाहिता के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## महिला की नहीं हुई सुनवाई डीजीपी से लगाई गुहार

**संवाददाता, बिलसंडा**

- बोली- थाना पुलिस ने तहरीर पर नहीं लिखी रिपोर्ट

**अमृत विचार:** ननिहाल से मिली संपत्ति को हड़पने की कोशिश करने का आरोप महिला ने गांव के ही कुछ लोगों पर लगाया है। उसका कहना है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उस पर हमला कर मारपीट की। घर के भीरत से घसीटते हुए लाकर सड़क पर फेंक दिया गया। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद भी सुनवाई नहीं की। पीड़िता ने डीजीपी को ट्वीट कर न्याय की गुहार लगाई है।

थाना क्षेत्र के गांव ओड़ाझार की रहने वाली रेखा देवी पत्नी मेवाराम ने बताया कि वह ननिहाल में अपने पति एवं बच्चों के साथ लंबे समय से रह रही है। ननिहाल से मिली संपत्ति को गांव के ही कुछ लोग हड़पने की कोशिश कर रहे हैं। आरोपी जमीन हड़पने को लेकर पहले भी उसके साथ मारपीट कर चुके हैं। उसके परिवार को गांव छोड़ने का दबाव बना रहे हैं। इसी रंजिश के चलते बीते दिनों मामूली कहासुनी के बाद हमला कर पीटा। उसे पीटते हुए घर के भीतर से खींचकर सड़क पर ले आए थे। उस वक्त पति घर पर नहीं थे।



पीड़ित रेखा देवी।

पति के आने पर उनके साथ जाकर थाने में तहरीर दी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। तीन दिन बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। इसी को लेकर डीजीपी को भी ट्वीट कर गुहार लगाई है। उधर, एसओ प्रमोद कुमार का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई थी। मामले की जांच चल रही है।

## नकली खाद मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- डीएम से अनुमति मिलने के बाद जिला कृषि अधिकारी ने दी तहरीर

**अमृत विचार:** डीएपी के नाम पर ब्रांडेड कंपनी के बैग में भरकर किसानों को कैल्शियम सल्फेट की बिक्री करने वाले धंधेबाज पर एफआईआर दर्ज की गई है। डीएम से अनुमति मिलने पर जिला कृषि अधिकारी से मिली तहरीर पर गजरौला पुलिस ने कार्रवाई की है।

जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल ने टीम के साथ गजरौला थाना क्षेत्र में सुहास रोड स्थित मैसर्स खान खाद भंडार पर छापा मारा था। इस दौरान एनपीके कृभको ब्रांड छपे 38 बैग (प्रति बैग 50 किग्रा) और 1.900 मीट्रिक टन खाद मिली थी। एक सिलाई मशीन, एनपीके कृभको का एक खाली बैग, इफ्को एनपीके के 115 खाली बैग, रामबाण एसएसपी के 35 खाली बैग बरामद हुए। परिसर में खुशबू फर्टिलाइजर कैल्शियम सल्फेट के 84 बैग (4.1 मीट्रिक टन) रखे मिले थे। जांच में नकली खाद बनाने का मामला उजागर हुआ था। टीम ने मौके पर दो नमूने संग्रहित किए, जो जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए गए हैं। आरोपी कमरुजमा के द्वारा कैल्शियम सल्फेट को एनपीके बैग में रीपैकिंग करके एनपीके के दाम पर बेचा जा रहा था। डीएम से अनुमति मिलने के बाद जिला कृषि अधिकारी की तहरीर दी। एसओ गजरौला जगदीप मलिक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।



डॉ. अमित कुमार कुशवाहा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (चेस्ट स्पेशलिस्ट)
श्वांस, दमा, टी.बी, फेफड़ों के कैंसर, खर्राटों की जांच व इलाज की सुविधा एवं अन्य छाती की बीमारियों के विशेषज्ञ
जन आरोग्य क्लीनिक
बन्नू बाल नगर, पीलीभीत रोड बरेली, निकट शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल
9411477351
समय : - दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक
सोमवार, बुद्धवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार
पीलीभीत क्लीनिक
गौहनिया चौराहा, माधोटांडा रोड, पीलीभीत।
8191813757
समय : - सुबह 10 से शाम 5 बजे तक
मंगलवार, शनिवार

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
मिलने का समय
सोमवार–बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरूवार–शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।
संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

# बरखेड़ा में दूर नहीं हुई कोयले के डंपरों की आवाजाही

## आक्रोश बढ़ा : नई रैक आते ही व्यापारी पहुंचे चेयरमैन के पास, सुनाया दुखड़ा, ठेकेदार से भी हुई बात

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** विरोध के दस दिन बाद भी कोयले के डंपरों के गुजरने पर आने वाली दिक्कत का समाधान नहीं हो सका है। इसे लेकर व्यापारी और कस्बा बरखेड़ा के लोग विरोध में है। नई रैक के आते ही डंपर लोड होना शुरू हुए तो व्यापारी जमा हो गए और चेयरमैन के पास पहुंच गए। ठेकेदार से भी वार्ता चली। मगर कोई स्थायी समाधान नहीं निकल सका है। इतना जरूर रात के वक्त कुछ डंपर निकाल दिए गए। जबकि सोमवार को बड़ी संख्या में डंपर डिपो के बाहर लोड खड़े रहे।

. बता दें कि बरखेड़ा में भोपतपुर रेलवे स्टेशन के पास कोयला डिपो बनाया गया है। बजाज एनर्जी प्लांट बरखेड़ा और मकसूदापुर में कोयला सप्लाई किया जाता है। जिसमें डंपर और ट्रक द्वारा गुरुकृपा इन्फ्रास्ट्रक्टर प्राइवेट लिमिटेड को कोयला सप्लाई होती है। कोयला डिपो को कस्बे से हटाने की लंबे समय से मांग की जा रही है। मगर, इसका समाधान लंबे समय बाद भी नहीं हो सका है। कोयला डिपो पर रैक उतरती है, फिर डंपर और ट्रक में लादकर कोयला दौलतपुर रोड से होकर ले जाया जाता है। कोयला लदे डंपरों के गुजरने से धूल उड़ती है और कोयला भी गिरता रहता है। जिससे लोगों को बीमारी भी घेरने लगी हैं। इसके अलावा व्यापारियों की मानें तो हादसे का भी डर बना रहता है।


डिपो के बाहर सोमवार को खड़े कोयला लदे डंपर। ● अमृत विचार

### स्थानीय पुलिस से ठेकेदार ने साधा संपर्क

बताते हैं कि कोयले के डंपर सोमवार को दिनभर खड़े रहे। उनके निकाले जाने को लेकर विरोध न हो, इसकी भी तैयारियां चलती रही। व्यापारियों से भी वार्ता हो चुकी थी। उधर, ठेकेदार ने रविवार रात को पुलिस से भी संपर्क साधा है। जिसके बाद पुलिस के स्तर से ठेकेदार के आश्वस्त होने की बात चर्चा में है। माना जा रहा है कि तभी रविवार रात डंपर निकाल दिए गए थे। फिलहाल व्यापारियों में स्थायी समाधान न होने के चलते नाराजगी बरकरार है।

**● व्यापारियों ने किया था चक्का जाम, अब फिर लोग परेशान**

कई बार धरना प्रदर्शन पूर्व में किए जा चुके हैं। सात नवंबर को विरोध में जुटे व्यापारियों ने नगर पंचायत चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल की अगुवाई में जाम लगाकर प्रदर्शन किया था।

हालांकि बाद में ये तय किया गया था कि जब तक स्थायी समाधान नहीं होता है, कोयले के डंपर कस्बा बरखेड़ा में नहीं घुसने दिए जाएंगे। दस दिन बीतने के बाद अब दोबारा से नई कोयले की रैक रविवार देर शाम पहुंची। इसके बाद कोयले के डंपर भी भर लिए गए। जिसके बाद व्यापारी जमा हो गए और रात को ही नगर पंचायत चेयरमैन के पास पहुंच गए। ठेकेदार भी पहुंच गया था। जिसके बाद इसे लेकर विरोध कर रणनीति बनाई जाती रही। इसके बाद रात को ही कुछ डंपर निकाल दिए गए। फिर सोमवार को दिनभर कोयला लदे डंपर डिपो के बाहर खड़े रहे। व्यापारियों में नाराजगी रही लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हो सका है। इतना जरुर ठेकेदार ने ये आश्वस्त किया है कि कोयला डंपर के साथ ही साफ सफाई को लेकर इंतजाम रहेंगे। जिससे किसी को दिक्कत नहीं आएगी। मगर व्यापारी और स्थानीय लोग अब इसे लेकर अग्रिम रणनीति नहीं बना सके हैं।


पूरे नगर को कोयला डिपो ने दूषित कर दिया है। हर तरफ कोयले की राख फैली रहती है। व्यापारियों का दुकान पर बैठना भी मुश्किल हो चुका है। कोई समाधान निकाला जाना चाहिए। – **प्रिंस भारद्वाज बजरंगी, नगराध्यक्ष, युवा व्यापार मंडल बरखेड़ा**


डिपो से लोड होकर जब कोयला लदे डंपर सड़कों से गुजरते हैं तो उससे राख उड़ती है। मकान और दुकानों में कालिख हो जाती है। गंदगी फैलने के बाद उसकी सफाई भी नहीं कराई जाती। **संतोष भारती, कस्बा बरखेड़ा**


कोयला लदे वाहन ओवरलोड दौड़ते हैं। इससे दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। ये समस्या समस्त नगरवासियों की है। दुकानों में रखा सामान भी कोयले की राख से काला पड़ जाता है।
**– उत्तम अग्रवाल, व्यापारी**


कोयला लदे वाहनों के प्रवेश को लेकर लंबे समय से समस्या बनी हुई है। जिस मार्ग से डंपर गुजरते हैं उसके आसपास की दुकान मकान की दीवारें काली पड़ जाती है। लोगों के बीमार होने का भी डर रहता है।
**–नदीम अंसारी, कस्बा बरखेड़ा**

### ठेकेदार को तीन दिन की मोहलत, रात में चलेंगे डंपर

**बरखेड़ा :** कोयले की रैक आने के बाद खड़े डंपरों को निकालने के लिए दिनभर माहौल भांपा जाता रहा। सोमवार शाम को बरेली से ठेकेदार भी बरखेड़ा आ गए। इसके बाद व्यापारियों और कस्बे के लोगों से वार्ता चली। भाजपा के कुछ नेता भी पहुंच गए थे। फिर मामला बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद तक पहुंचा। उन्होंने दूरभाष पर ठेकेदार से वार्ता की। जिसमें ठेकेदार ने तीन दिन का समय मांगा। इस पर विधायक ने समय दे दिया। ये तय किया गया कि तीन दिन के भीतर रात्रि 11 से सुबह छह बजे तक कोयले लदे मौजूदा डंपरों को निकलवा दिया जाए। डिपो का मौजूदा स्टॉक तीन दिन में निकाल लिया जाए। कोयला ढककर लाने और बाद में सफाई कराने की बात तय की। इसके बाद डंपर निकालने की अग्रिम व्यवस्था को लेकर दोबारा बैठक कर निर्णय लिया जाएगा। इस मौके पर अमित गंगवार, अमित कुशवाहा, चंद्रपाल दिवाकर, प्यारेलाल कश्यप, प्रिंस भारद्वाज, उत्तम अग्रवाल, आशू गंगवार आदि थे। वार्ता के दौरान बरखेड़ा पुलिस भी मौजूद रही।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**न्यूरिया, अमृत विचार :** टनकपुर हाईवे पर रविवार देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार न्यूरिया क्षेत्र के राजा कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय राहुल मंडल की मौत हो गई। टांडा बिजैसी गांव के निकट बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज ♦ पीलिया ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ADITYA
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी–स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

# बच्चों ने जाना चीनी बनाने का तरीका


चीनी मिल बीसलपुर पहुंचे स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत बिलसंडा विकासखंड के स्कूली बच्चों को सोमवार को एक्सपोज़र विजिट कराया गया। दो बसों में सवार बच्चों को खंड शिक्षाधिकारी शिव शंकर मौर्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एक्सपोजर विजिट को लेकर बच्चों में उत्साह दिखा।

बस में सवार होकर बच्चे सहकारी चीनी मिल बीसलपुर पहुंचे, जहां बच्चों को गन्ने से चीनी बनने तक की सभी जानकारियां चीनी मिल स्टाफ ने दी। विकासखंड में एक पहला मौका था कि खंड शिक्षा अधिकारी स्वयं बच्चों के साथ एक्सपोजर विजिट के दौरान साथ रहे। सेक्शन इंजीनयर संकेत शर्मा, केमिस्ट अभिलाष शुक्ला, श्याम बहादुर शर्मा ने बच्चों को चीनी बनने की सभी ज़रूरी प्रक्रियाओं से अवगत कराया। 100 से अधिक बच्चों ने उत्साह पूर्वक बताई गई जानकारी को समझा किया और देखा। खंड शिक्षा अधिकारी ने एक्सपोजर विजिट में शामिल बच्चों को टी शर्ट व कैप दी। टी-शर्ट और कैप पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे। करीब 38 स्कूलों के सौ से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया।

**● 38 स्कूलों के सौ से अधिक बच्चे गए एक्सपोजर विजिट पर दिखा उत्साह**

इस मौके पर एआरपी मुईन खां, गोपेश शर्मा, हिमांशु दीक्षित, मूल शंकर, संजय कुमार का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में फैज़ान अली खां, रश्मि यादव, शालिनी जायसवाल, वन्दना, प्रियंका गुप्ता आदि अध्यापक मौजूद रहे।

## प्रेमी युगल को भीड़ ने पकड़ा, पीटकर पुलिस को सौंपा

**पूरनपुर, अमृत विचार:** गैर समुदाय की युवती के साथ प्लाट में बैठकर बातें कर रहे एक युवक को भीड़ ने पकड़ लिया। युवक की पिटाई कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने दोनों से जानकारी जुटाई। थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव बांस बोझी के रहने वाले युवक का क्षेत्र की गैर समुदाय की युवती से प्रेम प्रसंग है। सोमवार को दोनों पूरनपुर पहुंचे। धनाराघाट रोड दोनों एक खाली प्लाट में बात कर रहे थे। इसकी जानकारी लगने पर कुछ युवक मौके पर पहुंच गए। उन्होंने दोनों को पकड़ लिया। इसके बाद युवक की पिटाई कर दी गई। युवती ने भागने की कोशिश की तो युवकों ने उसे भी पकड़ लिया। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को थाने ले आई।

# निराश्रित बच्चों को दी जाएगी कंप्यूटर की निःशुल्क शिक्षा


प्रमाण पत्र दिखाते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** नगर के जेपी कंप्यूटर सेंटर की ओर से रविवार को आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा में 800 विद्यार्थी शामिल हुए। इंस्टीट्यूट द्वारा प्रमाण पत्र जारी किए गए।

इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर जसपाल सिंह ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने परीक्षा में 90 फीसदी प्राप्त किए हैं, उनको संस्था की तरफ से निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। कोई भी शुल्क नहीं लिया जाएगा। जिन विद्यार्थियों ने 80 से 90 फीसदी के बीच में अंक प्राप्त किए हैं, उन विद्यार्थियों को संस्था की तरफ से बैग, ड्रेस, आईडी कार्ड समेत चीजें फ्री में दी जाएगी और कम फीस में पढ़ाने का बीड़ा कंप्यूटर इंस्टीट्यूट उठाएगा। जेपी इंस्टिट्यूट कमेटी के डायरेक्टर ने कहा है कि जो निराश्रित बच्चे हैं, जिनके माता-पिता नहीं है। ऐसे बच्चों को निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा दी जाएगी।

# राज्यमंत्री ने व्यक्त कीं शोक संवेदनाएं

**पीलीभीत, अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला केसरी सिंह के रहने वाले डॉ.सुभाष त्रिवेदी के पुत्र डॉ.दीपांकन त्रिवेदी का बीते दिनों दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया था। सोमवार को राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार दिवंगत चिकित्सक के आवास पर पहुंचे और परिवार वालों से मुलाकात कर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि युवा पुत्र के निधन की कमी पूरी नहीं की जा सकती।


डॉ.दीपांकन त्रिवेदी के घर पहुंचे राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार। ● अमृत विचार

परिवार को इस असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर कार्यालय प्रभारी सुनील मिश्रा, मीडिया प्रभारी ऋषि श्रीवास्तव भी साथ रहे।

## सार-संक्षेप

### 202 वॉचर परिवार की महिलाओं को बांटी साड़ियां



**पीलीभीत, अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में टाइगर, वॉटर लाइफ वालंटियर ग्रुप की ओर से वन वॉचरों के परिवार की महिलाओं को साड़ी वितरित की गई। इस दौरान संस्था की ओर से 50 मेडिकल किट भी प्रदान की गई। साड़ी मिलने पर महीनों से मानदेय न मिलने से मुरझाए वन वॉचरों के परिवार के सदस्यों के चेहरे खिल उठे। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में एमथ्रीएम फाउंडेशन की ओर से वन जीवन कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इसमें एमथ्रीएम फाउंडेशन के के अलावा टाइगर, वॉटर लाइफ वालंटियर ग्रुप समेत अन्य संस्थाएं भी सहयोग कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को मुस्तफाबाद रेंज परिसर में एक कार्यक्रम के दौरान टाइगर, वॉटर लाइफ वालंटियर ग्रुप द्वारा उपलब्ध कराई गई साड़ियां वन वॉचरों के परिवार की महिलाओं को वितरित की गई। वितरण पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह द्वारा किया गया है। डिप्टी डायरेक्टर ने बताया कि संस्था के सहयोग से 202 वन वॉचरों के परिवार की महिलाओं को साड़ियां वितरित की गई है। संस्था की ओर से 50 मेडिकल किट भी उपलब्ध कराई कराई गई है।

### मासिक बैठक में बाघ मित्रों के उत्थान को लेकर चर्चा



**पीलीभीत, अमृत विचार :** मुस्तफाबाद रेंज में ही सोमवार को पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह की अध्यक्षता में बाघ मित्रों की मासिक बैठक हुई। मासिक बैठक में मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति समेत कई अन्य बिंदुओं पर बाघ मित्रों से जानकारी ली गई है। बैठक में बाघ मित्रों की आजीविका को लेकर भी चर्चा हुई है। ताकि बिना मानदेय कार्य कर रहे बाघ मित्रों को परिवार का भरण पोषण करने में कोई दिक्कत न हो। बैठक में महोफ और बराही रेंज का स्टाफ मौजूद रहा। इस दौरान डिप्टी डायरेक्टर के अलावा उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान, डब्ल्यूडब्ल्यू के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार, एमथ्रीएम फाउंडेशन के आशीष अग्रवाल एवं ऋषि भटनागर आदि मौजूद रहे।

### हाथियों ने उजाड़ी झोपड़ी, गन्ने की फसल रौंदी



**पूरनपुर, अमृत विचार :** सेहरामऊ क्षेत्र में हाथियों का आतंक कम नहीं हो रहा है। जंगल से निकला हाथियों का झुंड रविवार रात ग्राम पंचायत दुर्जनपुर के गांव मोहनपुर के किनारे पहुंचा। हाथियों ने गांव के खुशीराम, राजाराम और राम औतार के गन्ने के खेत में घुस गए और गन्ने की फसल उजाड़ दी। हाथियों ने खेत के किनारे पड़ी झोपड़ी उजाड़ दी। सोमवार सुबह खेत पर पहुंचे किसानों को इसकी जानकारी लगी। उन्होंने वन विभाग से उजाड़ी गई फसल का मुआवजा दिलाने की मांग की है।

### फंदे से लटका मिला बुजुर्ग का शव, हत्या का आरोप

**माधोटांडा, अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। घर से निकलने के दो घंटे बाद ही उनका शव बाग में फंदे से लटका मिला। परिजन ने हत्या का आरोप लगाया। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज छानबीन कर रही है। कस्बा माधोटांडा के रहने वाले 60 वर्षीय अमरनाथ सिंह पुत्र बुलाकीराम खेती करते थे। सोमवार दोपहर करीब एक बजे वह घर से बिना बताए निकल गए। करीब दो घंटे बाद उनका शव आधा किमी की दूरी पर गोमती उद्गम स्थल के नजदीक एक बाग में पेड़ पर फंदे से लटका मिला। राहगीरों की नजर शव पर पड़ी तो हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में भीड़ जमा हो गई। परिवार वाले भी जानकारी मिलने पर आ गए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। कस्बा इंचार्ज गौतम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। फिर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। फॉरेंसिक टीम के आने के बाद शव को फंदे से उतारा गया। पुलिस ने मामले की जानकारी की। परिवार वालों ने कोई रंजिश से इन्कार किया लेकिन हत्या के आरोप लगाए। इसे लेकर पुलिस पड़ताल करती रही। इंस्पेक्टर अशोक पाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

### एसडीएम ने परखी नगर की सफाई व्यवस्था

**बिलसंडा, अमृत विचार :** एसडीएम न्यायिक ऋषिकांत राजवंशी ने सोमवार सुबह नगर की गलियों में घूमकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। बता दें कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर पंचायत में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए संसाधनों के साथ ही सरकार द्वारा सफाई कर्मियों की भी भारी फौज मुहैया कराई गई है, ताकि नगर को स्वच्छ बनाया जा सके। इतना ही नहीं सफाई व्यवस्था की निगरानी के लिए जिला प्रशासन द्वारा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी क्रम में वह नगर का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे थे।

### आज से मनाया जाएगा कौमी एकता सप्ताह

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर 19 से 25 नवंबर तक कौमी एकता सप्ताह मनाया जाएगा। इसके तहत पहले दिन राष्ट्रीय अखण्ड दिवस मनेगा। जिसमें धर्मनिरपेक्ष साम्प्रदायिकता विरोधी और अहिंसा सम्बन्धी विषयों को महत्व देने के लिए बैठकें और सेमीनार होगा। शपथ दिलाई जाएगी। दूसरे दिन अल्पसंख्यक कल्याण दिवस के रूप में प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय अल्पसंख्यकों के कार्यक्रम की बातों पर जोर देते हुए भाईचारा जुलूस निकाला जाएगा। 21 को भाषाई सद्भावना दिवस मनेगा। 22 नवंबर को कमजोर वर्ग दिवस के तहत विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों के तहत बैठकें और रैलियां होंगी। 23 को सांस्कृतिक एकता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 24 को महिला दिवस के मौके पर भारतीय समाज में महिलाओं के महत्व व राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को उजागर किया जाएगा। 25 नवंबर को संरक्षण दिवस तहत पर्यावरण को सुरक्षित रखने के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया जाएगा।

### रेलवे क्रासिंग का बैरियर टूटने से लगा जाम

**पूरनपुर :** स्टेशन से एक मालगाड़ी सोमवार सुबह पीलीभीत के लिए रवाना हुई। ट्रेन गुजरने से पहले ही माधोटांडा रेलवे क्रासिंग बैरियर बंद कर दिए गए। अचानक लोहे का बैरियर टूट गया। इससे दोनों ओर वाहनों का जाम लग गया। वाहन चालक परेशान हुए।

### तीन आरोपी पकड़े, रेल संपत्ति बरामद

**पीलीभीत, अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर ट्रेन कोच से वायरिंग और कॉपर तार चोरी करने के मामले में आरपीएफ ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 12 हजार कीमत की रेल संपत्ति बरामद की गई है। उसकी रिपोर्ट वरिष्ठ अफसरों को दी गई है। कार्यवाहक इंस्पेक्टर आरपीएफ एवं जांच अधिकारी बरेली सिटी के इंस्पेक्टर नरेश कुमार मीना ने बताया कि मामले में उत्तराखंड के खटीमा निवासी दानिश अंसारी, भानु प्रताप और कबाड़ी अकील अहमद को गिरफ्तार कर लिया है।

# बिलसंडा में धूमधाम से निकाली राजगद्दी शोभायात्रा

## रामलीला मैदान से शुरू हुई शोभायात्रा का कई जगह भक्तों ने किया स्वागत, छतों से बरसाए फूल

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** रामलीला मैदान से सोमवार को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की राजगद्दी शोभायात्रा नगर में धूमधाम से निकाली गई। शोभा यात्रा देवी देवताओं के विभिन्न स्वरूपों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भजन गाए। झांकियां भी सजाई गई। छतों से पुष्पवर्षा की गई।

रामलीला मैदान से शुरू हुई शोभायात्रा का श्रीनिवास कुंज आश्रम पर स्वामी कैलाशदास वेदांताचार्य जी महाराज ने सभी स्वरूपों की आरती कर शुरुआत कराई। शोभायात्रा में बैंडबाजों की धुनों एवं भजनों पर श्रद्धालु थिरकते रहे। राम दरबार, शंकर-पार्वती, मां काली, विष्णु- लक्ष्मी, राधा-कृष्ण, ब्रह्मा, विष्णु व महेश, दुर्गा, सरस्वती व लक्ष्मी, रिद्धि-सिद्धि व गणेश की झांकियों को देखने के लिए लोग सड़क किनारे इंतजार करते दिखे। रथ के सिंहासन पर विराजमान श्रीराम, लक्ष्मण व सीता के स्वरूपों का दर्शन कर लोगों ने आशीर्वाद लिया। सुरक्षा की दृष्टि से एसओ प्रमोद कुमार मय फोर्स शोभायात्रा के साथ चल रहे थे। राजगद्दी शोभायात्रा नगर के कमल पार्क, पक्का तालाब, मुहल्ला जाटवपुरा, देविस्थान, थाना रोड होते हुए शोभा यात्रा पुनः रामलीला मैदान पर पहुंचकर संपन्न हो गई। श्रद्धालुओं ने आरती उतारकर शोभायात्रा का स्वागत किया।



राजगद्दी शोभायात्रा में सजाई सीता राम की झांकी। ● अमृत विचार



कस्बा बमरौली में अहिल्या उद्धार की लीला का मंचन करते कलाकार।

### बमरौली रामलीला मेले में अहिल्या उद्धार का मंचन

**बिलसंडा, अमृत विचार :** कस्बा बमरौली में चल रहे रामलीला मेले में चौथे दिन सोमवार को अहिल्या उद्धार लीला का मंचन किया गया। जिसे देख दर्शक भाव-विभोर हो गए। वृंदावन से आई रामलीला में सोमवार को कलाकारों ने लीला में दिखाया कि मिथिला में सूखे को देख गुरु के आदेश से महाराजा जनक और महारानी सुनैना ने हल चलाया। हल चलाते वक्त धरा की गोद से एक कन्या प्राप्त हुई। जिस पर राजा रानी खुशी से झूम उठे, उसी समय देवर्षि नारद ने पहुंचकर राजा जनक को भाग्यशाली बताया। उधर, विश्वामित्र का यज्ञ पूरा कराने के बाद जैसे ही राम लक्ष्मण आगे बढ़ते हैं, तो पत्थर की एक शिला पर प्रभु श्री राम की नजर पड़ती है, तो वह गुरु से जानकारी करते हैं, जिस पर गुरु उन्हें अहिल्या की कहानी बताते हैं। वह पत्थर की शिला को चरण स्पर्श करने के लिए कहते हैं। राम के चरण स्पर्श होते ही वह एक नारी के रूप में सामने प्रस्तुत हो जाती है। महर्षि विश्वामित्र ने बताया कि यह अहिल्या है, जो श्राप के चलते पत्थर बन गई थी। आज आपके चरण पड़ते ही इसका उद्धार हो गया। विश्वामित्र के साथ राम लक्ष्मण मिथिला पहुंचते हैं। जहां महाराज जनक सेवा सत्कार करते हैं। लीला की व्यवस्था में आयोजन अनिल मिश्रा, संजय शर्मा, बुधपाल सिंह, अन्नू सिंह, रिंकू सिंह अनूप मिश्रा समेत लोगों ने सहयोग किया।

### एडीजी से मिले डकैती पीड़ित दंपती, बताया जान को खतरा

**पूरनपुर, अमृत विचारः** डकैतों के जेल भेजे जाने के बाद भी लूटी गई धनराशि और जेवरात व्यापारी को नहीं मिल सके। उनका आरोप है कि घटना में शामिल स्थानीय व्यापारी को भी पुलिस ने जेल नहीं भेजा। पीड़ित व्यापारी ने एडीजी से मुलाकात कर घटना की उच्च स्तरीय जांच कराते हुए बच्चों के शैक्षिक प्रमाण पत्र, जेवर और नकदी बरामद कराने की मांग की है। अपनी जान को भी खतरा बताया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रम्पुरा ताल्लुके महाराजपुर के किराना व्यापारी सुनील गुप्ता के घर 30 जनवरी की रात डकैती हुई थी। बदमाशों ने असलाहों के बल पर करीब 32 लाख के जेवर और 27 लाख रुपये लूटे थे। इसके अलावा बच्चों के शैक्षिक प्रमाण पत्र और अन्य सामान भी लूट ले गए थे। डकैती की घटना को अंजाम दने वाले सभी आरोपियों को पुलिस जेल भेज चुकी है। व्यापारी का आरोप है कि पुलिस अभी तक लूटे गए समस्त जेवर और धनराशि बरामद नहीं कर सकी। सोमवार को व्यापारी सुनील गुप्ता पत्नी साधना गुप्ता ने अपर पुलिस महानिदेशक से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई। सामान बरामद कराने की मांग की है।

### धान क्रय केंद्र का विधायक ने किया निरीक्षण

**गजरौला, अमृत विचारः** बी-पैक्स कल्याणपुर नौगवां में लगे पीसीयू के धान क्रय केंद्र पर फर्जी धान खरीद की शिकायत पर बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने निरीक्षण किया। धान क्रय केंद्र पर पहुंचकर खरीद की वास्तविक स्थिति को जाना और दिशा निर्देश दिए।

कल्यानपुर नौगवां गांव में लगे पीसीयू के क्रय केंद्र पर फर्जी धान खरीद होने की शिकायत ग्रामीणों ने गुरुवार को एआर कोऑपरेटिव प्रदीप सिंह और जिला प्रबंधक योगेश कुमार से की थी। पांच दिन बीतने के बाद भी अधिकारियों ने सुध नहीं ली।

इस पर ग्रामीण खफा थे और विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानंद से गुहार लगाई। मामला संज्ञान में आते ही सोमवार को विधायक क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। बी-पैक्स कल्यानपुर के सचिव आनंद वर्मा, धान क्रय केंद्र प्रभारी कमल कुमार की फटकार लगाई। एआर कोऑपरेटिव ने बताया कि 1570 कुंतल की खरीद हुई वहीं महज 119 कुंतल का स्टॉक पाया गया है।

# किसानों की समस्याओं पर भड़की भाकियू, कलेक्ट्रेट में नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- कृषि भवन में खाद की कमी को लेकर पीपीओ से नोकझोंक, किया प्रदर्शन
- मुख्यमंत्री एवं डीएम को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** गन्ना मूल्य वृद्धि समेत किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) कार्यकर्ता भड़क उठे। आक्रोशित कार्यकर्ता ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम कार्यालय के समीप नारेबाजी कर धरना दिया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस दौरान किसानों की समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन भी सौंपकर समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग की गई।

भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) द्वारा प्रांतीय आहवान के तहत गन्ना मूल्य वृद्धि को लेकर जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन देने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में सोमवार दोपहर को जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ही अगुवाई में जिले भर से तमाम कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट स्थित कृषि भवन में एकत्र हुए। यहां से सभी कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए डीएम कार्यालय की तरफ पहुंचे। यहां गन्ना मूल्य वृद्धि समेत जिले के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय के समीप नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान पंचायत भी हुई। जिसमें किसानों की समस्याओं को नजरदांज किए जाने पर खासी नाराजगी जताई गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने गन्ना मूल्य वृद्धि से संबंधित मुख्यमंत्री को संबंधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को सौंपा।

वहीं जिले की किसानों की समस्याओं से संबंधित डीएम को संबोधित ज्ञापन भी सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में गन्ना के मामले में उत्तरप्रदेश पिछले वर्षों में भारत में सबसे अधिक रिकवरी वाला प्रदेश है, लेकिन गन्ना मूल्य में हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड जैसे छोटे राज्यों से पीछे है। पेराई सत्र शुरू हो चुका है, मगर अभी तक गन्ना मूल्य का निर्धारण नहीं किया गया है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से गन्ना मूल्य 450 रुपये प्रति क्विंटल कराने की मांग की गई। वहीं डीएम को सौंपे गए ज्ञापन में बरखेड़ा चीनी मिल से किसानों के गन्ने बकाया भुगतान कराने, जंगलों की जाल फैंसिंग कराने, सीलिंग भूमि का कब्जामुक्त कराने, धार्मिक स्थलों से अनाधिकृत कब्जे हटवाने, डग्गामार और ओवरलोड वाहनों पर प्रतिबंध लगवाने, सरकारी धान क्रय केंद्रों पर फर्जी खरीद पर रोक लगाने, जनपद में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने आदि की मांग की गई। धरना प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष के अलावा जिला प्रभारी दिनेश सिंह, जसकरन, ज्वाला प्रसाद, रामसेवक, निर्मल सिंह, शमसेर सिंह, हरेराम, रेशमा वर्मा, हसीना बेगम, शमील अली, राजेंद्र प्रसाद, जितेंद्र, सोना देवी, कोशल्या, सर्वेश कुमार, बालकराम, शौकीन शाह समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।



कृषि भवन में पीपीओ से नोकझोंक करते जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह। ● अमृत विचार

### कृषि भवन में किसानों ने की नारेबाजी

प्रांतीय आहवान पर धरना प्रदर्शन को लेकर तमाम भाकियू कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट स्थित कृषि भवन में एकत्र हुए थे। ज्ञापन देने के लिए किसान नेता और कार्यकर्ता अधिकारियों के संबंध में जानकारी ले रहे थे। इसी बीच प्लांट प्रोडक्शन ऑफिसर श्याम नरायन राम उधर से निकले। उन्हें देखते ही किसान नेता और कार्यकर्ता उनके पास जा पहुंचे और वार्ता करने लगे। वार्ता के दौरान की खाद की कमी को लेकर जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने विभिन्न समस्या समेत खाद की कमी को लेकर प्लांट प्रोडक्शन ऑफिसर को खासी खरी खोटी सुनाई। इससे नाराज कार्यकर्ताओं ने कैंपस में नारेबाजी कर प्रदर्शन भी किया।

# कोटे को लेकर हंगामा कर रही महिलाओं ने एसडीएम को घेरा

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** हत्या के मामले में फंसे कोटेदार को पुलिस ने जेल भेज दिया तो संबंधित गांव का कोटा दूसरे गांव से सम्बद्ध कर दिया गया। इससे नाराज महिलाओं ने एसडीएम की गाड़ी का घेराव कर दिया। आक्रोश बढ़ता देख एसडीएम ने पुलिस को सूचना दी। कोतवाल पुलिस बल के साथ पहुंचे और फिर बमुश्किल एसडीएम पीछे के गेट से निकल सके।

बता दें कि थाना घुंघचाई क्षेत्र के ग्राम उदरहा में नौ नबंवर को बुजुर्ग फूलचंद की हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड के पांच आरोपियों को जेल भेज दिया था। जिसमें उदरहा गांव के काटेदार सर्वेश कुमार भी जेल में है। कोटेदार के जेल जाने के बाद उदराह गांव का राशन कोटा पड़ोस के गांव घुंघचाई से सम्बद्ध कर दिया गया। इसको लेकर गांव की महिलाओं में नाराजगी है। सोमवार को गांव उदराह की दर्जनों महिलाएं तहसील पहुंच गई। कोटेदार की पत्नी सुमन ने महिलाओं के साथ एसडीएम से वार्ता की। जिसमें कोटा दूसरे गांव से सबंद्ध न कर उदराह में ही खाद्यान वितरण कराने की मांग की। एसडीएम ने कहा कि नियम प्रक्रिया के तहत कोटा सबंद्ध किया गया है। सर्वेश के खिलाफ आरोप सिद्ध न होने पर जेल से आने के बाद कोटा उन्हीं के पास संचालित होने का आश्वासन दिया। इसके बावजूद महिलाएं नहीं मानी और एसडीएम कार्यालय के बाहर मांगों को लेकर हंगामा करती रहीं। समझाने के बाद महिलाओं के न मानने पर एसडीएम अपनी गाड़ी में बैठकर जाने लगे। इस पर महिलाओं ने उनकी गाड़ी घेर ली और समस्या का निराकरण न होने तक गाड़ी न निकलने की चेतावनी दी। महिलाओं का गुस्सा बढ़ते देख एसडीएम फिर कार्यालय में पहुंच गए। एसडीएम ने घेराव की सूचना पुलिस को दी। इस पर कोतवाल नरेश कुमार त्यागी पुलिस बल के साथ तहसील पहुंचे और महिलाओं को समझाने का प्रयास किया। नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी ने भी महिलाओं को समझाया। इस पर महिलाएं पुलिस और अधिकारियो के खिलाफ नारेबाजी करने लगी। इस बीच एसडीएम तहसील में पीछे के गेट से निकल गए। हंगामा करने के बाद महिलाएं वापस लौट गई।



एसडीएम की गाड़ी का घेराव करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

- पुलिस के पहुंचने के बाद पीछे के गेट से निकले एसडीएम
- कोटा पड़ोस के गांव से सम्बद्ध होने से नाराज थी महिलाएं

# साहब ! 54 पेड़ की अनुमति पर काट डाले 100 से अधिक वृक्ष

संवाददाता, बरखेड़ा

- सीएम पोर्टल पर हुई शिकायत के बाद मची खलबली

**अमृत विचारः** नहर विभाग की कोठी परिसर में खड़े पेड़ों का ठेकेदार ने अवैध तरीके से साठगांठ कर कटान कर दिया। आरोप है कि अनुमति से अधिक पेड़ों को काटा गया। सीएम पोर्टल पर मामले की शिकायत की गई है।

क्षेत्र के गांव दौलतपुर पट्टी निवासी ओमकार कश्यप ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की। जिसमें बताया कि गांव दौलतपुर पट्टी के पास नहर विभाग की काफी पुरानी कोठी है। इसमें पुराने वृक्ष लगे हैं। आरोप है कि नहर विभाग की कोठी के परिसर में लगे पेड़ों में से विभाग ने विगत दिनों मूल्यांकन कराकर 54 पेड़ों की नीलामी करते हुए परमिशन दी थी। ठेकेदार ने 54 पेड़ों के स्थान पर 100 से अधिक पेड़ सांठगांठ करके काट लिए। इस मामले की शिकायत होने पर ठेकेदार एक पेड़ कटा हुआ उसके बोटा लकड़ी के मौके पर छोड़कर भाग गया। कटे हुए पेड़ के बोटे विभाग के अधिकारी मौके से उठवाकर ले गए।

ठेकेदार के द्वारा अवैध रूप से काटे गये पेड़ों की जड़ें भी खुदवा दी गई हैं। पोर्टल पर हुई शिकायत के बाद प्रभागीय वन अधिकारी पीलीभीत को जांच दी गई है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि संबंधित विभाग के अधिकारी संतोषजनक जवाब नहीं दे रहे हैं।

### तबादले के बाद भी ज्वाइन करने नहीं पहुंचे डा. अनिकेत

**पूरनपुर, अमृत विचार :** पूरनपुर सीएचसी के लिए तबादला होने के बाद भी डा. अनिकेत ने ज्वाइन नहीं किया। इस पर चर्चाओं का बाजार एक बार फिर गर्म हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एक बार फिर तबादले को लेकर सुर्खियों में हैं। करीब चार महीने पहले सीएचसी प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. अनिकेत गंगवार का अमरिया तबादला कर दिया गया था। उनके स्थान पर अमरिया में तैनात डा. आलमगीर को भेजा गया था। इस बीच पूरनपुर से तबादला होने के बाद भी डा. अनिकेत गगंवार को अमरिया से फिर पूरनपुर तबादला करा दिया गया। सीएमओ डा. आलोक कुमार के आदेश पर सोमवार को डा. अनिकेत गंगवार पूरनपुर ज्वाइन करने नहीं पहुंचे। सीएमओ ने बताया कि डा. अनिकेत गंगवार का पूरनपुर सीएचसी तबादला कर दिया गया है। उन्होंने अभी तक ज्वाइन क्यों नहीं किया। इसका स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

# असम हाईवे : हरदोई ब्रांच नहर के संकरे पुल पर जाम, जिम्मेदार कर रहे अनदेखी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** असम हाईवे पर पीलीभीत-पूरनपुर मार्ग हरदोई ब्रांच नहर पर बने संकरे पुल पर सप्ताह भर से दिन-रात जाम लग रहा है। घंटे गाड़ियां जाम के झाम में फंसी रहती हैं। कहने को यहां कभी-कभार पुलिस और ट्रेफिक पुलिस तैनात रहती है, मगर यह भी अधिकांश समय ड्यूटी कम गप्पे अधिक मारने में मशगूल रहते हैं। रविवार रात भी नहर पुल पर घंटों जाम की स्थिति बनी रहीं। जाम से तंग आए कुछ गाड़ियों ने वैकल्पिक रास्ते की तलाश कर जाम से बचने की सोची, मगर इन वैकल्पिक मार्गों पर भी लोगों को जाम के झाम से घंटों जूझना पड़ा।

असम हाईवे इन दिनों मुसीबत का सबब बना हुआ है। पीलीभीत से पूरनपुर तक 40 किमी का सफर तय करने में 03 से 04 घंटे का समय लग सकता है या फिर पूरी रात में ही 40 किमी का सफर तय हो, कुछ कहा नहीं जा सकता। इसकी वजह हाईवे पर हरदोई ब्रांच नहर पर बना संकरा पुल है। यह पुल ब्रिटिश हुकुमत के दौरान बना था। मियाद निकल चुकी है, मगर जोड़-तोड़ कर इस जर्जर संकरे पुल से बाइकों से लेकर ओवरलोड वाहनों को गुजारा जा रहा है। संकरा पुल तो पहले ही गुजरने वालों के लिए मुसीबत बना हुआ था, मगर अब माधोटांडा रोड पर बन रही पुलिया और ओवरलोड भूसी भरे वाहनों के इस पुल से गुजरने से यहां रोजाना की जाम की स्थिति बन रही है। रविवार दिन में कई बार जाम की स्थिति बनी रहीं। रात आठ बजे के बाद भी नहर पुल पर जाम लगना शुरू हो गया। धीरे-धीरे यहां हाईवे के दोनों तरफ वाहनों की कतार लंबी होती गई। स्थिति तब और बिगड़ गई जब पीलीभीत की ओर से कुछ ट्रक और कार वाले बेतरतीब ढंग से कतार में खड़ी गाड़ियों के बराबर में अपने वाहनों को लगाकर खड़े हुए। घड़ी में रात का नौ बजता देख कुछ कार सवारों ने रात भर जाम न खुलने की आशंका पर वैकल्पिक रास्तों की तलाश शुरू की। रास्ता पता होते ही दर्जनों कारें वैकल्पिक रास्तों पर जा पहुंची। मगर, वैकल्पिक रास्तों पर पर भी ट्रकों और बसों के आने से जाम की स्थिति पैदा हो गई। बमुश्किल कार सवार लोग वैकल्पिक रास्तों से होते हुए पूरनपुर तक पहुंचे। नहर पुल से वैकल्पिक रास्तों के जरिए पहुंचने में भी सभी को करीब एक से डेढ़ घंटे लग गए। इधर नहर पुल पर लगे जाम के चलते पीलीभीत की तरफ से गुरुद्वारे तक वाहनों की कतार लग गई, वाहनों के आड़ा-तिरछा खड़े होने से जाम की स्थिति और बिगड़ती चली गई। इसी बीच जाम में फंसे तमाम लोगों ने जाम को खुलवाने के लिए प्रयास किए, मगर सभी का असफलता की हाथ लगी। बताते हैं कि बमुश्किल रात करीब 11 बजे के बाद यहां जाम खुल सका।



एप्रोच रोड न बनने से कुछ इस तरह वाहनों के गुजरने से उड़ती धूल।



नहर पुल के समीप पेड़ के नीचे बैठे जिम्मेदार। ● अमृत विचार

> मामला संज्ञान में आया है। हरदोई ब्रांच नहर पुल पर जाम न लगे, इसको लेकर ट्रैफिक पुलिस को तैनात करने के पूर्व में निर्देश दिए गए थे। पुल संकरा होने के चलते जाम की स्थिति बन रही है। प्रयास किया जा रहा है कि नहर पुल पर जाम न लगे। इसको लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। – **संजय कुमार सिंह, डीएम।**

### एनओसी न मिलने पर नहर पुल का काम भी अटका

असम हाईवे पर संकरे पुल से निजात दिलाने को हरदोई ब्रांच नहर पर 27.41 करोड़ रुपये की लागत से 74.8 मीटर लंबे पुल निर्माण कराया जा रहा है। नहर पर स्टील ब्रिज बनाया जा चुका है। इस पुल के दोनों तरफ 300-300 मीटर एप्रोज रोड बनाई जानी है। एप्रोच रोड पर दोनों तरफ पेड़ भी खड़े हैं। इसको लेकर एनएच द्वारा वन विभाग से पेड़ काटने को लेकर एनओसी मांगी थी। यहां करीब 30 से अधिक पेड़ों का कटान किया जाना है। इस संबंध में कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर तरुण बनर्जी ने बताया कि अभी तक वन विभाग द्वारा एनओसी नहीं दी गई है।

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

# यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्र निर्धारण को लेकर जांचों पर उठे सवाल

- एसडीएम के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम ने की थी जांच
- केंद्र निर्धारण से पहले स्कूलों की जांच पर उठने लगे सवाल

## परीक्षा केंद्रों को लेकर आई आपत्तियों का एसडीएम की टीम फिर भौतिक सत्यापन करेगी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की ओर से बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर 52 आपत्तियां आईं। इनका निस्तारण करने के लिए फिर से एसडीएम के नेतृत्व में गठित टीम स्कूलों में जाकर भौतिक सत्यापन करेगी। ऐसे में टीम द्वारा केंद्र निर्धारण से पहले स्कूलों की जांच पर सवाल उठने लगे हैं।

जिन विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने केंद्र बनाने से लेकर कटवाने के लिए प्रत्यावेदन किया है उनका कहना है कि यदि पहले ही सही तरीके से जांच हो गई होती तो केंद्र बनाने के लिए न ही कटवाने के लिए आवेदन करने की जरूरत पड़ती। माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त विद्यालयों की संख्या जिले में 306 है। इनमें 58 राजकीय, 45 सहायता प्राप्त और 203 वित्तविहीन हैं। इनमें से 135 विद्यालयों को साल 2025 में होने वाली हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र बनाना प्रस्तावित किया है। इनका निर्धारण एसडीएम के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय टीम की और से स्कूलों में जाकर किए गए भौतिक संसाधनों एवं सुविधाओं के आधार किया गया। इसके बावजूद तमाम संसाधन युक्त विद्यालय जहां इस केंद्र बनने की सूची से बाहर हो गए तो कुछ मानक विहीन विद्यालय शामिल हैं। इसका खुलासा बोर्ड की ओर से मांगे गए प्रत्यावेदन में हुआ है। बोर्ड परीक्षा केंद्र बनने की सूची में शामिल कई विद्यालयों में न तो पर्याप्त संसाधन है और न ही छात्रों के बैठने की व्यवस्था। यूपी बोर्ड ने पिछले साल के 23 परीक्षा केंद्रों को सूची से दरकिनार कर 21 नए विद्यालय शामिल किए हैं। जिनको लेकर टीम द्वारा किए गए सत्यापन पर सवाल उठने लगे हैं।

प्रस्तावित परीक्षा केंद्र –135
- राजकीय– 13
- अशासकीय– 43
- वित्तविहीन– 79

### भौतिक सत्यापन के लिए फिर वही टीम गठित

परीक्षा केंद्र को लेकर आई आपत्तियों के लिए फिर से स्कूलों का भौतिक सत्यापन होगा। यह कार्य वही टीम करेगी, जिसने केंद्र निर्धारण से पहले स्कूलों में जाकर बारीकी से जांच करने का दावा किया था। प्रधानाचार्यों का कहना है कि यदि पहले ही सही तरीके से जांच हो गई होती संसाधन युक्त विद्यालय केंद्र बनने की सूची से बाहर न होते।

> विद्यालयों का भौतिक सत्यापन कराया गया था, जिसके आधार पर ही केंद्र प्रस्तावित हैं। हालांकि बोर्ड ने केंद्रों को लेकर आपत्तियां मांगी हैं। इस पर तमाम आवेदन आए हैं। उनकी पुनः जांच कराकर फाइनल सूची बोर्ड को भेजी जाएगी। इसके बाद बोर्ड की ओर से ही केंद्र निर्धारित होंगे। **-डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह**, डीआईओएस

# जैविक खादों से ली जा सकती है अच्छी पैदावार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ाने की विद्यार्थियों को दी गई जानकारी
- यूरिया एवं फास्फेट उर्वरकों का प्रयोग कम करके लागत को कम किया जा सकता है

**अमृत विचार:** जैविक खेती एवं जैविक खादों का भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान एवं मानव स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव विषयक कार्यशाला में विद्यार्थियों को भूमि की इम्युनिटी बढ़ाने और जैविक खादों के प्रयोग से अधिक उपज लिए जाने की जानकारी दी गई।

कृषक समाज इंटर कॉलेज में हुई गोष्ठी के मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबंधक पूर्व सांसद रविप्रकाश वर्मा की मौजूदगी में राष्ट्रीय जैविक कृषि मिशन सीतापुर के मनोज दीक्षित ने विद्यार्थियों को खेती में यूरिया एवं फास्फेट उर्वरकों का प्रयोग कम करके लागत को कम करने के उपाय बताए। बताया कि मानव शरीर की भांति भूमि की भी इम्यूनिटी उत्पादकता एवं कीट रोधकता क्षमता को हम जैविक खेती के प्रयोग से बढ़ा सकते हैं। स्वास्थ्य के लिए हितकर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। कॉलेज के पूर्व छात्र एवं सेवानिवृत बैंक मैनेजर सतीश वर्मा ने कृषि के क्षेत्र में रोजगार, सेवा के क्षेत्र में अवसर की विशेष जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को बताया कि पेशेवर कृषि के लिए किसानों को फसल उत्पादन के साथ साथ भंडारण, पैकिंग, मार्केटिंग आदि का भी स्मार्ट तरीका अपनाना होगा, जिससे वह अपनी उपज का संपूर्ण मूल्य स्वयं प्राप्त कर सकें। संचालन देवेंद्र सिंह ने किया। उप प्रधानाचार्य श्याममूर्ति शुक्ला, प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष नारायण लाल वर्मा, कृषि प्रवक्ता अरविंद कुमार यादव, आलोक कुमार सिंह, अनुज कुमार का विशेष योगदान रहा।

# मौलवी साहब के उर्स में दूसरे दिन उमड़े अकीदतमंद

**रोशननगर, अमृत विचार:** रोशन नगर में मौलवी साहब के उर्स के दूसरे दिन तमाम अकीदतमंदों ने चादर पोशी कर मन्नतें मांगकर, प्रसाद चढ़कर फातेहा कराया।

फरीद खां की देखरेख में हो रहे उर्स में मौलाना रमजान मियां शाह, शमीम अहमद, मोहम्मद ईशहाक ने चादरपोशी कराई। मौलाना रमजान शाह ने बताया कि उर्स बुधवार तक चलेगा। मान्यता है कि उर्स के दौरान जो भी अकीदतमंद मौलवी साहब की मजार पर चादरपोशी कर फातेहा कराता है, उसकी मुराद अवश्य पूरी होती है। रोशननगर मेले में झूले का आनंद लिए बच्चे ने सुरक्षा की दृष्टि से हैदराबाद थाना का पुलिसबल तैनात रहा।

# रानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज में टॉपर्स को किया पुरस्कृत

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** रानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज में टॉपरों को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र कक्षा नौ अंशिम मौर्या को साइकिल, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र दीपक को कप सेट और तृतीय स्थान पाने वाली कक्षा 11 की छात्रा ईशा यादव को लंच बॉक्स देकर पुरस्कृत किया।

कक्षा छह हिंदी मीडियम में हमारा देश शीर्षक पर हुई निबंध प्रतियोगिता बालक वर्ग में प्रथम स्थान शोभित मित्रा, द्वितीय स्थान दीपक और तृतीय स्थान जीशान ने प्राप्त किया। बालिका वर्ग में अनामिका प्रथम, जानवी ने द्वितीय और प्रीति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षाध्यापक सुशील वर्मा ने पुरस्कृत किया। कक्षा 12 विज्ञान वर्ग में बाल दिवस पर हुई प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अंकुल त्रिवेदी, द्वितीय स्थान पर यीशू यादव और तृतीय स्थान प्रिया यादव ने प्राप्त किया सभी विजेता छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। समारोह में अनुष्का शुक्ला, सलमान, उवैद, श्यामकिशोर, अभिषेक यादव, सतेंद्र, सुशील, सुशील वर्मा, दिनेश, नियामत, राधा, चांदनी, आदि शिक्षक मौजूद रहे।



रानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में टॉपर को साइकिल देते प्रधानाचार्य।

# कविता में अंजलि, नाटक में कीर्ति विजेता

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- आर्य कन्या महाविद्यालय में सरदार पटेल जयंती पर हुआ आयोजन

**अमृत विचार:** भगवानदीन आर्य कन्या महाविद्यालय में सोमवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 148वीं जयंती मनायी गई। इस मौके पर लेखन, वाद विवाद एवं एकल देश भक्ति गीत प्रतियोगिता हुयीं। इनके विजेताओं प्राचार्य ने सम्मानित कर हौसलाफजाई की।

कविता लेखन प्रतियोगिता में बीए प्रथम सेमेस्टर की अंजलि विश्वकर्मा प्रथम, बीए तृतीय सेमेस्टर की आस्था वर्मा द्वितीय, एमए तृतीय सेमेस्टर की निधि वर्मा तृतीय रहीं। वाद विवाद में बीए तृतीय सेमेस्टर की आस्था वर्मा प्रथम, एमए प्रथम वर्ष की सलोनी अवस्थी द्वितीय, एमए तृतीय सेमेस्टर की मालती प्रजापति तृतीय रहीं। देशभक्ति गीत में बीए पंचम सेमेस्टर की नैना पटेल प्रथम स्थान, बीए पंचम सेमेस्टर की पूर्णिमा देवी द्वितीय व बीए पंचम सेमेस्टर की प्रज्ञा तृतीय रहीं। वहीं एकल पात्रीय नाट्य प्रतियोगिता में बीए तृतीय सेमेस्टर की कीर्ति कश्यप प्रथम, बीए पंचम सेमेस्टर की अनामिका शर्मा द्वितीय एवं बीए तृतीय सेमेस्टर की लविशा तिवारी तृतीय रहीं। निबंध में बीए पंचम सेमेस्टर को साक्षी सेन प्रथम, बीए पंचम सेमेस्टर की प्राप्ति मिश्रा द्वितीय एवं बीए पंचम सेमेस्टर की स्नेहा मित्तल तृतीय रहीं। आयोजन में प्रोफेसर सुशीला देवी, वीना चौरसिया, जसविंदर कौर, शिवांगी सक्सेना, डॉ. राखी चौहान का योगदान रहा। प्राचार्या प्रोफेसर गीता शुक्ला ने अध्यक्षता एवं संयोजक डॉ. पूजा शुक्ला रहीं। निर्णायक डॉ. रेखा पांडे, अर्चना सिंह, डॉ. क्षमा तिवारी, डॉ. प्रीति सिंह रहीं। सविता साहू, विमलेश मौजूद रहीं।




पटेल जयंती पर कार्यक्रम पेश करती छात्रा। • अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### मणिपुर घटना के विरोध में युकां ने निकाला कैंडल मार्च



**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** मणिपुर की घटना के विरोध में शहर में युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कैंडल मार्च निकाला। घटना पर कड़ी नाराजगी जताई। युवक कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष नवाज खान के नेतृत्व में कांग्रेस जिला कार्यालय पर एकत्र हुए और कैंडल मार्च निकालकर अंबेडकर पार्क पर समापन किया। नवाज खान ने कहा कि मणिपुर में विगत समय से चली आ रही समस्या का समाधान अभी तक केंद्र व राज्य सरकार नहीं कर पाई है। समूचे प्रदेश में अराजकता का माहौल है, जिसमें मानवीय मूल्यों और संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है। केंद्र व राज्य सरकार नाकाम साबित हो चुकी है। इसका जवाब आने वाले समय में जनता देगी। मेराज अली, ताजदार, श्याम मोहन मिश्रा, राजेंद्र गुप्ता, दिलीप पासवान आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

### हैंडबॉल में प्रथम, नेटबॉल में तृतीय स्थान प्राप्त किया



**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** विद्या भारती की ओर से बुलंदशहर के खुर्जा में अखिल भारतीय हैंडबॉल प्रतियोगिता और पंजाब के बरनाला में अखिल भारतीय नेटबॉल प्रतियोगिता हुई। पंडित दीन दयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज के छात्रों ने हैंडबॉल में पहला और नेटबॉल प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हैंडबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में मध्य क्षेत्र को (12–9) से हराया। कॉलेज आने पर सभी विजेता छात्रों को मेडल पहनाकर उत्साहवर्धन कर शुभकामनाएं दीं गई। प्रधानाचार्य ने बताया कि लक्ष्य बनाकर तैयारी करने पर सफलता अवश्य मिलती है। कॉलेज के छात्रों ने मात्र 15 दिन की तैयारी में नेटबॉल प्रतियोगिता में अखिल भारतीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

### 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का किया भूमिपूजन

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** ब्लॉक ईसानगर के गांव बेहटा में पांच दिसंबर से 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ होगा। सोमवार को गांव में भूमि पूजन कार्यक्रम हुआ। इसका आरंभ गायत्री शक्तिपीठ खमरिया के साधक मुरलीधर मौर्य ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। युवा प्रकोष्ठ के अनुराग मौर्य ने बताया गायत्री महायज्ञ पांच दिसंबर से आठ दिसंबर तक होगा। सोमवार को गांव बेहटा में पूजन कार्यक्रम का संचालन शिव भगवान कटियार, वीरेंद्र कुमार मिश्रा और विनय कुमार वर्मा की टोली और देवपूजन गायत्री शक्तिपीठ बेहटा के विनोद कटियार ने किया। बताया कि 24 गांवों के लोगों को दीप महायज्ञ के साथ आमंत्रित किया जा रहा है। इसमें से 17 गांवों में दीपयज्ञ हो चुके हैं। मंच संचालन युवा प्रकोष्ठ के राजकिशोर वर्मा ने किया। ग्राम प्रधान पप्पू कटियार आयोजन मंडल के राजेंद्र कुमार कटियार, प्रेम कटियार, राज बहादुर कटियार, राम नरेश वर्मा, देशराज कटियार, राम खेलावन कटियार, युवा प्रकोष्ठ के अनुभव कटियार आदि मौजूद रहे।



# श्री विष्णु महायज्ञ की हुई पूर्णाहुति, खीर का प्रसाद दिया

- हवन पूजन कर यजमानों से पूर्णाहुति की आहुति डलवाई गई, यज्ञ की विशेषता और फल की कथा सुनाई

**केशवापुर, अमृत विचार:** खेतौसा में श्री विष्णु महायज्ञ के समापन पर हवन पूजन कर यजमानों से पूर्णाहुति की आहुति डलवाई गई।

आचार्य शशांक शुक्ला के वैदिक मण्डल द्वारा मंत्रोच्चार के साथ यजमानों किशोरीलाल वर्मा, शिवसागर लाल वर्मा, रामदास वर्मा, जवाहरलाल वर्मा, सोवरन शर्मा सपत्नीक यज्ञ में पुर्णाहूति दी। पं. शिव प्रकाश मिश्र ने यज्ञ की विशेषता और फल की कथा सुनाई। शालिनी शुक्ला ने श्रीकृष्ण विवाह, पं. सुनील कुमार मिश्र ने द्रोपदी स्वयंवर, अनुराग शास्त्री ने राजा परिक्षित, कलयुग की कथा सुनाई। ग्राम प्रधान रामकरण ने प्रसाद वितरण कराया। कुंवर आंनद ने शांति व्यवस्था बनाए रखने में मदद करते हुए आस पड़ोस के आये भक्तों को खीर का प्रसाद दिया गया।

# बच्चों को दी प्राकृतिक चिकित्सा की जानकारी



प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर में बच्चों को योगाभ्यास कराते प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस पर सोमवार को सलेमपुर प्रथम प्राथमिक विद्यालय में जागरुकता शिविर लगा। इसमें बच्चों को प्राकृतिक चिकित्सा, उसके पंच तत्व व योग से निरोगी रहने की जानकारी दी गई। साथ ही योग का अभ्यास कराकर निरंतर करते रहने के लिए प्रेरित किया गया।

योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर प्रथम में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के बारे में जानकारी देकर पंचतत्व मिट्टी, पानी, जल, वायु, आकाश के माध्यम से की जाने वाली चिकित्सा पद्धति के बारे में बताकर निरोगी रहने के लिए योगाभ्यास कराया गया। शिविर में छात्रों को वामाअप, ताड़ासन, तिरियकताड़ासन त्रिकोणासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, घुटना संचालन, उत्कटासन आदि योग कराकर निरंतर करते रहने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा ब्रेन पावर योग, भ्रामरी प्राणायाम, तालीवादन, हसासन कराकर इनकी उपयोगिता बताई। इंचार्ज प्रधानाध्यापिका रेखा मिश्रा स्टॉफ संग मौजूद रहीं।

# मंडलीय वाद-विवाद प्रतियोगिता आज

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** मंडल स्तरीय महीयसी महादेवी वर्मा एवं डॉ. संपूर्णानंद वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को लखनऊ में राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में सुबह नौ बजे से होगा। इसमें सीतापुर, लखनऊ, उन्नाव, रायबरेली, लखीमपुर खीरी एवं हरदोई के जिला स्तरीय विजेता प्रतिभाग करेंगे।

मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार जायसवाल ने बताया कि वाद विवाद प्रतियोगिता का विषय बच्चों में बढ़ती अवसादग्रस्तता और आत्महत्या की प्रवृत्ति में परिवार, विद्यालय व समाज की भूमिका है। इसमें आठवीं से लेकर कक्षा दस के छात्र छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। वहीं डॉ. संपूर्णानंद वाद विवाद प्रतियोगिता का विषय विकसित भारत 2047 : एक स्वप्न या वास्तविकता है। पक्ष में विजेता पंडित दीनदयाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र शिवांश अवस्थी, सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा आकांक्षा चौबे और विपक्ष में कृषक समाज इंटर कॉलेज की छात्रा ह्रदयांशी सक्सेना व सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज छात्रा अंजलि प्रतिभाग करेंगी।

# श्रीमद्भागवत कथा में सांख्य योग के बारे में दी जानकारी

**संवाददाता, पसगवां, अमृत विचार :** ग्राम अन्टा वचान सिंह में मुंशी महेश मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य राम शरण महाराज ने देवहूति, कपिल मुनि के संवाद के माध्यम से सांख्य योग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सांख्य योगी भगवान के चिंतन में इतना तल्लीन हो जाता है कि उसका शरीर द्रवीभूत हो जाता है। यही सांख्य योग की सिद्धि है। उन्होंने सृष्टि निरूपण की कथा सुनाते हुए बताया कि सृष्टि के प्रादुर्भाव का विधिवत वर्णन श्रीमद्भागवत में है। ब्रह्मा जी ने सृष्टि क्रम में चारों युगों की आयु निर्धारित की। कलयुग की आयु चार लाख 32 हजार वर्ष, द्वापर की आयु आठ लाख 64 हजार वर्ष, त्रेता की 12 लाख 96 हजार वर्ष और सतयुग की 17 लाख 28 हजार वर्ष है। ये चारों बीत जाने पर एक चतुर्युगी कहलाती है। ऐसी चतुर्युगी जब 71 बार बीत जाती हैं तब एक मन्वंतर होता है। सृष्टि के आदि में हिरण्याक्ष का वध हुआ और फिर वाराह भगवान का प्राकट्य हुआ। आकूति और रुचि प्रजापति का प्रसंग सुनाया जिनके यहां भगवान यज्ञ और दक्षिणा के रूप में प्रकट हुए।



ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY
URGENT REQUIREMENT
Staff Nurse
Qualification: - GNM/ANM/B.Sc.
Accountant
Qualification :- M.Com, B.com Exp. 1 Year
OT Technician
Qualification :- Diploma in OT Technician
Sr. Lab Technician (Blood Bank)
Qualification:- BMLT /DMLT Exp. 3 Years
Computer Operators
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge & good Typing Speed (Exp. Min. one year)
Salesman (For Medical Stores)
Qualification: Min. D.Pharma (Exp. Min. One year)
Salary No Bar for Deserving Candidates
How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.
HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286

## एक नजर

### संविदा कर्मचारियों ने शोषण के खिलाफ उठाई आवाज

**मोहम्मदी, अमृत विचार:** निविदा संविदा कर्मचारी संघ ने बरवर टाउन पावर हाउस के पास स्थित एक मैरिज लॉन में एक बैठक हुई, जिसमें संविदा कर्मचारियों की समस्याओं और उनके हो रहे शोषण के खिलाफ आवाज उठाई गई। बैठक की अध्यक्षता गोला से आए मंडल अध्यक्ष अतुल खरे ने की। बैठक में संविदा कर्मचारियों के साथ हो रहे शोषण के सम्बन्ध में चर्चा हुई। शोषण के विरोध में जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार मिश्रा व जिला महामंत्री अमित कुमार मिश्रा सहित कई अन्य लोगों ने विचार व्यक्त किए। बैठक में मुख्य रूप से मोहम्मदी डिवीजन के अध्यक्ष शफीक अहमद, बरवर पावर हाउस और बरवर देहात पावर हाउस सहित मोहम्मदी डिवीजन के बड़ी संख्या में संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

### पॉक्सो एक्ट के आरोपी समेत दो गिरफ्तार

**भीरा, अमृत विचार:** पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के आरोपी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। सोमवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान भेजा है। प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के आरोपी कृष्ण कुमार निवासी ग्राम बीबीपुर और मलूकापुर में रंजिश के चलते अपने पड़ोसी के साथ गाली गलौज व मारपीट करने के आरोप कमलेश मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में युवती घायल

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव सुहेला निवासी संध्या देवी (22) पुत्री हरिओम सड़क दुर्घटना में घायल हो गई, जिन्हें एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर छुट्टी दे दी गई।

### सर्पदंश से युवक की हालत बिगड़ी, रेफर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** थाना हैदराबाद के गांव निजामपुर निवासी बृजेश कुमार (28) पुत्र रमेशचंद्र को किसी जहरीले सर्प ने काट लिया, जिससे उसकी हालत खराब हो गई। परिजनों ने उसे सीएचसी भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### गन्ना भरे डनलप में वाहन ने मारी टक्कर ग्रामीण की मौत

**केशवापुर, अमृत विचार:** गन्ना भरे डनलप में अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी, हादसे हांक रहा ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। एक बैल की भी मौत हो गई। लखनऊ में इलाज के दौरान डनलप चालक ने भी दम तोड़ दिया। थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम भल्लिया बुजुर्ग निवासी शमशाद (38) पुत्र इस्माइल रविवार को डनलप पर गन्ना भरकर गोला चीनी मिल जा रहा था। रात करीब डेढ़ बजे गोला रोड पर कुनैठिया के पास किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे एक बैल और शमशाद गन्ने से लदे डनलप के नीचे दब गए। शमशाद को गम्भीर चोटें आई और बैल की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। घायल शमशाद को गोला सीएचसी पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लखीमपुर से डॉक्टरों ने लखनऊ मेडिकल कालेज रेफर किया, जहां इलाज के दौरान शमशाद की सोमवार की सुबह मौत हो गई। शमशाद अपने पीछे पत्नी जारसुन और पांच बच्चो में चार लड़के, एक लड़की को छोड़ गए हैं। पारिवारिक स्थिति भी बेहद नाजुक है। परिवार के पालन-पोषण की जिम्मेदारी मेहनत मजदूरी कर शमशाद करते थे।



सड़क जाम करने के दौरान कार को निकलने से रोकती महिला। ● अमृत विचार



सीमेंटेड पिलर और ठेले डालकर मार्ग को किया गया अवरुद्ध। ● अमृत विचार

# शव सड़क पर रख लगाया जाम, पुलिस के खिलाफ नारेबाजी

## रविवार को गांव के बाहर नाले में संदिग्ध हालात में मिला युवक का शव, एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**संवाददाता, बेहजम**

**अमृत विचार:** नाले में मिले थाना फरधान के गांव सूरत सराय निवासी विजय कुमार के शव का सोमवार को पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर गौरिया पुल के पास शव रखकर जाम लगा दिया। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। परिजन हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। एएसपी व प्रशासनिक अफसरों के समझाने पर परिजन माने। तब जाकर करीब दो घंटे बाद जाम खुल सका।



लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार



परिजनों और ग्रामीणों को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार

- पोस्टमार्टम के बाद लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर रख दिया शव, प्रदर्शन
- जाम में फंसे रहे वाहन, एएसपी के आश्वासन पर माने लोग, दो घंटे बाद सड़क से हटे

गांव सूरत सराय निवासी विजय कुमार (50) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। उनका शव रविवार को गांव के बाहर बने नाले में मिला था। मृतक की पत्नी रामदेवी ने गांव के ही तीन लोगों पर शराब पिलाकर नाले में डुबोकर हत्या करने का आरोप लगाया था। उनका कहना है कि उसके पति को शनिवार की शाम गांव के ही तीन लोग शराब पिलाने के लिए कार से गांव गौरिया ले गए थे। सोमवार को पोस्टमार्टम होने के बाद पुलिस ने शव परिवार वालों को सौंप दिया। परिजनों ने शव घर न ले जाकर गौरिया पुल के पास सड़क पर रख दिया और ठेलिया, खंभे आदि डालकर जाम लगा दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। परिजनों का कहना था कि जब तक आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं हो जाती और उनकी गिरफ्तारी नहीं होती। वह न तो शव का अंतिम संस्कार करेंगे और न ही सड़क से हटेंगे। सूचना पर एएसपी नैपाल सिंह, मितौली प्रभारी निरीक्षक राजू राव, फरधान एसओ भारी पुलिस बल और तहसील के प्रशासनिक अफसरों के साथ मौके पर पहुंचे। एएसपी ने परिवार वालों को काफी समझाया बुझाया। करीब दो घंटे तक चले मान मनौव्वल के बाद कार्रवाई का आश्वासन देने पर परिजन माने और दो घंटे बाद सड़क से हटे।

### मार्ग जाम होने से थम गए वाहन

शव रखकर सड़क जाम करने से लखीमपुर-बेहजम मार्ग पर सड़क पर दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। छोटे-बड़े सभी वाहन जाम में फंस गए। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। करीब दो घंटे के बाद जब जाम खुला तो आवागमन सुचारु कराने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। तब जाकर यातायात बहाल हो सका।

> आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। - **नैपाल सिंह**, एएसपी

### चोरी की आठ बाइक बरामद, ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार



थाना खीरी में बरामद बाइकों के साथ आरोपी। ● अमृत विचार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** पुलिस ने देर शाम बाइक चोर को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर सात अन्य बाइकें बरामद की हैं। बरामद एक बाइक थाना खीरी व सात बाइकें कोतवाली सदर से चोरी की गई थीं।

एएसपी पूर्वी पवन गौतम ने बताया कि खीरी पुलिस चौकी इंचार्ज साधना यादव सोमवार की शाम गश्त पर थीं। मुखबिर की सूचना पर उन्होंने निजामपुर-खीरी मार्ग पर घेराबंदी कर बाइक से आ रहे सदर कोतवाली के गांव भानपुर गौरतारा निवासी सोनू वर्मा को रोककर बाइक के कागज मांगे, लेकिन वह कागज नहीं दिखा सका। पुलिस ने बाइक की जांच की तो वह खीरी में नारायण अस्पताल के पास से चोरी की गई थी। पुलिस ने उससे कड़ाई से पूछताछ की। उसकी निशानदेही पर गांव अमृतागंज में नहर के किनारे झाड़ियों में छिपाकर खड़ी की गईं सात अन्य बाइकें बरामद कीं। चार बाइकें कोतवाली सदर के रामापुर बाजार, एक बाइक राजापुर मंडी समिति, एक बाइक राजापुर स्थित हनुमान मंदिर और एक बाइक चंद्ररानी अस्पताल के बाहर से चोरी की थी।

## चचेरे भाई के हत्यारोपी का चालान, आला कत्ल बरामद

**संसारपुर, अमृत विचार:** मैलानी थाना क्षेत्र के महुरेना गांव में रविवार को आपसी विवाद में श्याम सिंह यादव ने चचेरे भाई ध्रुव यादव को धारदार हथियार से मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने आरोपी से आला कत्ल बरामद कर चालान भेज दिया है।



मैलानी पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी श्याम सिंह।

श्याम सिंह ने बताया कि ध्रुव ने पहली पत्नी के चले जाने के बाद फुफेरे भाई की पत्नी से विवाह कर लिया था। फुफेरे भाई के परिवार के लोगों के सम्मान को ठेस लगी। रविवार को तीन माह के बाद ध्रुव गांव आया। तभी वह आ गया और दोनों के बीच इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। श्याम सिंह ने बताया कि मामला इतना बढ़ गया की दोनों एक दूसरे पर हमलावर हो गए। वह अपने घर से धारदार हथियार लाया और ध्रुव के ऊपर ताबड़तोड़ प्रहार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। पत्नी अनीता बचाने आई तो आरोपी ने उसे धक्का दे दिया, जिससे वह दूर जा गिरी।

# हिमाचल जा रही मिनी बस पलटी, 20 नेपाली यात्री घायल

## पहले सांड़ फिर ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई, इसके बाद ईंटों के चट्टे से टकराकर पलटी

**संवाददाता, रजागंज**

**अमृत विचार:** बहराइच के रुपईडीहा से नेपाली यात्रियों को लेकर हिमाचल प्रदेश जा रही तेज रफ्तार मिनी बस (ट्रेवलर) रविवार की देर रात हादसे का शिकार हो गई। पहले सांड़ फिर ट्रैक्टर-ट्राली और इसके बाद ईंटों के चट्टे से टकराकर पलट गई। बस में सवार करीब 20 नेपाली यात्री घायल हो गए इनमें से हालत गंभीर होने पर 15 यात्रियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर पलटी ट्रैवलर बस। ● अमृत विचार

**15** यात्रियों की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

- पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर थाना हैदराबाद क्षेत्र में हुई दुर्घटना
- रुपईडीहा से नेपाली यात्रियों को लेकर जा रही थी ट्रेवलर बस

रुपईडीहा (बहराइच) से नेपाली यात्रियों को लेकर एक मिनी बस (ट्रेवलर) हिमाचल प्रदेश जा रही थी। थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव उद्यानपुर में बस एक सांड़ से टकरा गई। रफ्तार अधिक होने के कारण चालक ने स्टेयरिंग से नियंत्रण खो दिया। इससे अनियंत्रित मिनी बस अजय कुमार वर्मा के घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली को ठोंकते हुए ईंटों के चट्टे से टकराकर पलट गई। तेज धमाके की आवाज पर बड़ी संख्या में ग्रामीण आ गए। ग्रामीणों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने बस में फंसे यात्रियों को निकाला और सीएचसी भेजा। इनमें महिलाएं और बच्चे भी हैं। डॉक्टर ने सभी यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के बाद मिनी बस के परखच्चे उड़ गए।

### यात्रियों ने टोका फिर भी नहीं माना चालक

हादसे में घायल हुए यात्री हादसे को याद कर सिहर उठते हैं। वे बताते हैं कि चालक काफी तेज रफ्तार में मिनी बस चला रहा था। यात्रियों ने उसे टोका और गति धीमी करने को कहा, लेकिन वह नहीं माना। गांव उद्यानपुर के पास अचानक सांड़ सामने आया तो बस सांड़ से टकराते हुए सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर ईंट के ढेर में जा घुसी। टक्कर इतनी तेज हुई कि बस दूसरी दिशा में घूम गई।

# पुलिस छोड़ रही न कर रही संदिग्धों का चालान

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के एक गांव की तमाम महिलाएं सोमवार को एसपी ऑफिस पहुंचीं। उनका कहना है कि पुलिस उनके परिवारों से तीन लोगों को हत्या के मामले में एक सप्ताह पहले उठा ले गई थी, लेकिन अभी तक न तो छोड़ा है और न ही चालान भेज रही है। आरोप है कि मारपीट कर प्रताड़ित किया जा रहा है।



एसपी कार्यालय पहुंचीं बड़ी संख्या में महिलाएं। ● अमृत विचार

- एसपी से मिलने पहुंचीं महिलाओं ने रो-रोकर सुनाई व्यथा
- थाने में मारपीट कर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

कोतवाली धौरहरा के गांव तेजनपुरवा निवासी बिटाना देवी, ज्ञान देवी, पाम कली ने बताया कि गांव टेकीकुंडा निवासी रोहित का शव गन्ने के खेत से बरामद हुआ था। पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस शक के आधार पर एक सप्ताह पहले उनके परिवार के तीन लोगों को पूछताछ के लिए उठाकर ले गई थी। उन्हें कोतवाली में बंद कर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। पुलिस प्रताड़ित कर जबरन हत्याकांड को उगलवाने की कोशिश कर रही है, जबकि तीनों लोगों का इस हत्याकांड से कोई लेना देना नहीं है।

दर्ज कराई गई रिपोर्ट में भी नामजद नहीं हैं। पुलिस न तो उन्हें छोड़ रही है और न ही चालान कर रही है। इससे परिवार के लोग काफी परेशान हैं। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है।

### ससुराल में रह रहे युवक का ट्यूबवेल पर मिला शव

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** मोहम्मदी कोतवाली की रेहरिया पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम पड़रिया में ससुराल में रह रहे युवक का शव उसी के ट्यूबवेल पर संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला है। ग्राम पड़रिया निवासी रामकुमार (38) अपनी ससुराल में पत्नी और बच्चों के साथ रह रहा था। उसकी ननिहाल और ससुराल पड़रिया में ही होने से ससुराल की जायदाद भी मिली थी। पत्नी उर्मिला को सूचना मिली कि रामकुमार का शव ट्यूबवेल पर पड़ा है। उर्मिला ने अपने ननदोई वेदपाल सिंह निवासी ग्राम महुआ पाठक थाना सिधौली जनपद शाहजहांपुर और पुलिस को सूचना दी। वेदपाल ने बताया कि रामकुमार ट्यूबवेल चलाने के लिए खेत पर गये थे, जहां संदिग्ध परिस्थितियों में शव बरामद हुआ है। रेहरिया चौकी इंचार्ज हिमांशु आनंद सिंह ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर इंद्रजीत सिंह ने बताया कि मौत के कारणों की सही जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही हो पाएगी।

## बंदियों को वितरित की लेखन व पठन-पाठन सामग्री

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

- शिक्षा के महत्व पर चर्चा कर बंदियों को साक्षर बनने के लिए प्रेरित किया
- कारागारों में निरक्षर वयस्कों को साक्षर बनाना उद्देश्य

**अमृत विचार:** जिला कारागार प्रशासन की पहल पर एक फाउंडेशन ने कारागार में निरुद्ध बंदियों को साक्षरता प्रमाण पत्र, लेखन व पठन सामग्री वितरित की। इस दौरान शिक्षा के महत्व पर चर्चा कर निरक्षर बंदियों को साक्षर बनने के लिए प्रेरित किया।

जेल अधीक्षक पीडी सलौनिया व जेलर हरबंश कुमार पांडेय ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। बंदियों को साक्षरता कार्यक्रम से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। शिव नाडर फाउंडेशन के एपीसी मनोज शुक्ला ने कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से सामाजिक-आर्थिक विभाजन को पाटने के लिए शहरी और ग्रामीण व्यक्तियों को सशक्त बनाकर एक न्यायसंगत और योग्यता आधारित समाज का निर्माण करना है। शिक्षा इनिशिएटिव, शिक्षा प्लस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न जिला एवं केंद्रीय कारागारों में 15 साल से ऊपर के निरक्षर वयस्कों को साक्षर बनाने का कार्य कर रही है। इसमें सभी को लिखना, पढ़ना, साधारण गणित सिखायी जाती है। इस दौरान कारागार प्रशिक्षक आशुतोष शुक्ला भी मौजूद रहे।

### आज लगेगा निशुल्क मोतियाबिंद शिविर

**संपूर्णानगर, अमृतविचार:** सिंगाही खुर्द स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन होगा। व्यापार मंडल अध्यक्ष संपूर्णानगर इंद्रजीत सूरी ने बताया कि मंगलवार को सुबह 9:00 बजे से 12:00 तक शिविर रहेगा। जांच हेतु आने वाले मरीज अपना आधार कार्ड साथ में ले आएं।


अमृत विचार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मेरी पुत्री उमरा फातिमा का नाम कुछ अभिलेखों में बेबी दर्ज है। जबकि मेरी पुत्री का सही नाम उमरा फातिमा है। अतः उक्त सही नाम सभी अभिलेखों में संशोधित किया जायें। भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **दिलशाद रज़ा पुत्र श्री नन्हें मियां निवासी 210 छिपी टोला किला, बरेली**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र लक्की को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा। **रामबाबू पुत्र रामकिशोर निवासी सिकलापुर, बाबा मंगल दास का मंदिर के पास, थाना- बारादरी, जिला बरेली।**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल का अंक पत्र वर्ष 2011 जिसका अनुक्रमांक 0912285 वास्तव में कहीं खो गया है। जिसे काफी तलाश किया परन्तु नहीं मिला। **अनिल बाबू पुत्र श्री होरी लाल ग्राम नवदिया देहा जब्ती पो. सरकड़ा तह. फरीदपुर जिला बरेली (उ.प्र.)**

**वैधानिक सूचना:-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006


## बांकेगंज-कुकरा मार्ग पर फिर दिखा बाघ, ठिठक गए लोग

**संवाददाता, बांकेगंज**

**अमृत विचार:** बांकेगंज कुकुरा मार्ग पर बाघ को सामने देख राहगीर ठिठक गए।

ढाका निवासी राजकिशोर सोमवार की सुबह आठ बजे अपने तीन बच्चों को बाइक से बांकेगंज स्कूल छोड़ने के लिए आ रहा था। कुकुरा बांकेगंज मार्ग पर गप्पू के धानमिल के पास गुलाबनगर निवासी गुड्डू ने उसे रोका और बताया कि रोड के किनारे खड़े पेड़ की आड़ में बाघ खड़ा है। कुछ देर बाद बाघ पड़ोस के गन्ने के खेत में चला गया। तब राहगीरों का आवागमन शुरू हुआ। सिंचाई कर रहे लोगों को बाघ की जानकारी मिली तो वह सिंचाई बंद कर चले गए। दोपहर 2.30 बजे बाघ झब्बार फॉर्म के सामने प्रवीण के ट्यूबवेल के पास दिखाई दिया। इस दौरान मित्रा बिंद्रा फॉर्म के वीरेंद्र सिंह चंदेल समेत कई ग्रामीण आ गए। उन्हें देख बाघ गन्ने के खेत में चला गया।



कुकरा बांकेगंज मार्ग पर खेत में बाघ।

## अस्पतालों में आग बुझाने के उपकरणों का निरीक्षण किया

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** झांसी मेडिकल कॉलेज में भीषण अग्निकांड के बाद अधिकारी अस्पतालों में अग्निशमन व्यवस्था को लेकर संजीदा हैं। सोमवार को अस्पतालों में आग बुझाने के उपकरण देखे और जरूरी निर्देश दिए। झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज में हुए भीषण अग्निकांड के बाद डीएम और एसपी के निर्देशों के तहत रविवार को नगर के सरकारी और निजी अस्पतालों का निरीक्षण किया गया। अग्निशमन केंद्र प्रभारी और नायब तहसीलदार सर्वेश कुमार यादव ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, लखीमपुर रोड पर संजीवनी हास्पिटल सहित कई निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण कर अग्निशमन व्यवस्था की पड़ताल की। अस्पताल प्रशासन, स्टाफ और मरीजों को जागरुक करते हुए अग्निशमन सुरक्षा अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ निजी अस्पतालों में अग्निशमन संयंत्र की व्यवस्था नहीं पाई गई, जिन्हें जल्द ही अग्निशमन व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।



संजीवनी हास्पिटल में आग बुझाने की व्यवस्थाएं देखते अधिकारी।

### इलमा बनी एक दिन की चौकी प्रभारी

**बरवर, अमृत विचार:** पुलिस चौकी बरवर में मिशन शक्ति अभियान के तहत संविलियन विद्यालय बरवर की आठवीं कक्षा की छात्रा इलमा एक दिन की पुलिस चौकी प्रभारी बनी। इलमा ने लोगों की समस्याओं को सुना। पुलिस को शिकायत का निस्तारण करने के निर्देश दिए। आवश्यक दस्तावेजों के रख रखाव के दिशा निर्देश दिए गए। बरवर चौकी प्रभारी प्रेम नारायण ने बताया कि चौकी प्रभारी बनाने का उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं में सुरक्षा का भाव जागृत होना और पुलिस का मित्रता व्यवहार होना रहा। इस मौके पर चौकी का समस्त स्टाफ व संविलियन विद्यालय के सभी अध्यापक और बच्चे मौजूद रहे।



पुलिस चौकी में समस्याएं सुनती एक दिन की चौकी प्रभारी इलमा। ● अमृत विचार

## एक नजर

### बैट्री चुराते युवक को पकड़ कर पुलिस को सौंपा

पलियाकलां, अमृत विचार : नगर के विभिन्न मोहल्लों की गलियों में खड़े वाहनों की बैटरियां पिछले एक माह से लगातार चोरी हो रही थीं। मोहल्ला सुभाष नगर में एक स्थान पर खड़े छोटा हाथी वाहन से शनिवार रात एक बैट्री गायब हो गई। इसके बाद रविवार को मोहल्ला सिंगहिया से भी एक चोर वहां खड़े एक ट्रैक्टर की बैट्री निकाले लगा जिसे लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। बताया जाता है कि पुलिस ने उसके पास से चोरी की तीन बैटरियां और बरामद कर चालान भेजा है।

### पूर्व सैनिकों की बैठक में समस्याओं पर हुई चर्चा



बैठक में मौजूद पूर्व सैनिक।

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की मासिक बैठक में भूतपूर्व सैनिकों की विभिन्न समस्याओं, संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने के विषय पर विचार विमर्श किया गया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की ब्लॉक सभागार में हुई बैठक में संगठन को आर्थिक रूप से सक्षम करने के लिए आपसी सहमति से कोष एकत्र किया गया। कहा गया कि संगठन की मजबूती के लिए हर कदम उठाए जाने चाहिए। मासिक बैठक में प्रेम कुमार, राजेश्वर, नारायनलाल वर्मा, सौरभ वर्मा, अनिल गुप्ता, निरंकार वर्मा, खगेश्वर प्रसाद, रामहरीश मिश्रा, वीरभद्र सेन, लालबिहारी, चंद्रभान, मनोज कुमार वर्मा, जयचंद्र, गजेन्द्र प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### पीलीभीत से लापता महिला सीतापुर में मिली

सीतापुर, अमृत विचार : वाहनों की चेकिंग के दौरान पुलिस को एक महिला मिली। मानसिक मंदित महिला की पहचान होने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द किया गया। पीलीभीत के सेहरामऊ निवासी परिजनों ने सीतापुर आकर बताया कि महिला मानसिक रूप से मंदित है, घर से निकलकर इधर आ गई थी। महिला थानाध्यक्ष इतुल चौधरी ने बताया है कि सघन चेकिंग व गश्त के दौरान महिला मिली थी। पता-ठिकाना मिलने के बाद परिजनों को बुलाकर महिला को सुपुर्द किया गया है। पुलिस टीम में मुख्य आरक्षी सुनीता वर्मा और रूबी भी शामिल थीं।

# 75 शिकायतों में 11 निपटाईं, बाकी निस्तारण के लिए विभागों को सौंपी

## तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनीं शिकायतें

- गुणवत्तायुक्त ढंग से हो निस्तारण लापरवाही क्षम्य नहीं होगी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



तहसील सदर में जनसमस्याएं सुनतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है, लेकिन ज्यादातर फरियादियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता। सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसनी गणेश प्रसाद साहा सहित जिला स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी के बाद भी 75 शिकायतों में से सिर्फ 11 का ही निस्तारण हो सका।

तहसील सदर के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रुचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर निस्तारण करें। डीएम ने न केवल फरियादियों की समस्या सुनकर निदान कराया, बल्कि योजनाओं को सौगातें भी दीं।

संपूर्ण समाधान दिवस में 75 शिकायतें आईं जिसमें 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। इनमें राजस्व 32, पुलिस 18, विकास 08, नगर निकाय 05, आपूर्ति 04, विद्युत 03, कृषि 05 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठांकित कर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के लिए उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान डीएफओ संजय विश्वाल, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, एसडीएम (सदर) अश्विनी कुमार सिंह, सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

पलिया कलां में तहसीलदार पलिया आरती यादव ने शिकायतें सुनीं। कुल 18 शिकायतें आईं, जिनमें राजस्व विभाग की 10, पुलिस विभाग की तीन, नगर पालिका एक, विकास विभाग दो व विद्युत विभाग की दो शिकायतें प्रमुख रहीं। राजस्व विभाग की तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष 15 शिकायतों को जांच कर कार्रवाई के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को भेज दिया गया। धौरहरा तहसील सभागार में एसडीएम राजेश कुमार की अध्यक्षता में 14 शिकायतें आईं, जिसमें से सिर्फ एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। एसडीएम ने अन्य सभी शिकायतों का निस्तारण समय से करने को कहा। शिकायतों में राजस्व की 07, पुलिस की 03, विकास की 03, चकबंदी की 01 और अन्य विभाग से 02 ही शिकायतें आ पाईं। इस मौके पर नायब तहसीलदार शशांक शेखर मिश्र, अधिशासी अधिकारी गौरव सिंह सहित तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल में धुलाई करा डलवाया वार्डों में चूना

- डीएम के निरीक्षण को लेकर चाक चौबंद की गईं व्यवस्थाएं
- आइसोलेशन वार्ड में भी महक रहा था फिनायल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** झांसी के मेडिकल कॉलेज में 11 बच्चों की मौत के बाद अस्पतालों के निरीक्षण का सिलसिला शुरू हो गया है। शनिवार को एसडीएम और रविवार को सीडीओ ने जिला अस्पताल में आग बुझाने के इंतजाम परखे। हालांकि फाइनल निरीक्षण डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल का होना बाकी था। इसकी भनक लगते ही अस्पताल में रविवार शाम से ही तैयारियां शुरू हो गईं।

सोमवार सुबह से ही अस्पताल परिवार की साफ सफाई कराने के साथ धुलाई तक करा दी गई। साथ ही जगह जगह पर डस्टबिन रखकर उनमें पॉलिथीन तक लगवा दी गई। वहीं सबसे ऊपर आइसोलेशन वार्ड में जहां अन्य दिनों में गंदगी के कारण दो मिनट रुकना मुश्किल होता था। सोमवार को वहां पर फिनाइल की महक के साथ चूना आदि डलवाया दिया गया था, जिससे डीएम को सारी व्यवस्थाएं चाक चौबंद मिलीं। हालांकि डीएम के न पहुंचने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

# पृथ्वी के हरित भविष्य को निकाली ग्रीन कान्हा रैली




विधायक, पालिकाध्यक्ष के साथ ग्रीन कान्हा रैली में शामिल बच्चे। • अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए, पृथ्वी को हराभरा बनाने के लिए हार्टफुलनेस संस्थान श्री राम चन्द्र मिशन ने हार्टफुलनेस ग्रीन कान्हा रन का आयोजन किया गया।

श्रीरामचन्द्र मिशन बांकेगंज रोड द्वारा निकाले गए ग्रीन कान्हा रन में विधायक अमन गिरि, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने आश्रम के बच्चों के साथ आश्रम से शुरू होकर अशोक चैराहे तक रैली निकालकर जन जागरण किया।

समापन पर आश्रम में दोनों अतिथियों ने पौधरोपण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वतः कई पौधों का रोपण किया। अतिथियों को शिथिलीकरण एवं ध्यान का अनुभव भी कराया गया। हार्टफुलनेस परिवार की पूरी टीम के प्रयासो की विधायक, पालिका अध्यक्ष सराहना कर इस हरित मुहिम में कदम से कदम मिला कर साथ चलने का बीड़ा उठाया। पूनम, रीना, चेतन, रवि वर्मा, नीलम, अतुल, राजीव, राजेंद्र, रामपाल, हेमराज, आदेश आदि मौजूद रहे।

# अजमानी इंटरनेशल को मिला किड्जी अवार्ड



किड्जी अवार्ड प्राप्त करते अजमानी इंटरनेशनल स्कूल के जसमीत सिंह।

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** किड्जी अवार्ड के लिए शनिवार को मुंबई में सम्मान समारोह हुआ। इसमें जिले के अजमानी इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक जसमीत सिंह अजमानी और डायरेक्टर ब्रह्मजीत सिंह अजमानी किडजी पिनसेल अवार्ड से सम्मानित हुए। जबकि सीईओ मनीष रस्तोगी को सर्वश्रेष्ठ किडजी सेन्टर अवार्ड पाथब्रेकर मिला। जसमीत सिंह ने बताया कि छह साल से बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, उच्चतम नामांकन, असाधारण शैक्षिक अवसर सहित नन्हे मुन्नों के अनुकूल वातावरण बनाकर उन्हें बेहतर शिक्षा देने की प्रतिबद्धता के लिए निरंतर अवार्ड मिल रहा है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय परिवार से लेकर छात्र छात्राओं और अभिभावकों को दिया है।



लखीमपुर में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रेणू मिश्रा को ज्ञापन देते किसान नेता।

# गन्ने का मूल्य बढ़ाने की मांग, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

- 450 रुपए प्रति क्विंटल किया जाए गन्ने का मूल्य
- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रेणू मिश्रा को सौंपा

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय कार्यकारणी के आदेश पर किसाने की समस्याओं से संबंधित मुख्यमन्त्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर 450 रुपया प्रति क्विंटल गन्ना मूल्य किए जाने की मांग की है। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी लखीमपुर पहुंचे और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रेणू मिश्रा को सौंपा। ज्ञापन में गन्ना मूल्य 450 रुपये प्रति क्विंटल किए जाने, बजाज ग्रुप से बकाया गन्ना भुगतान तत्काल कराये जाने सहित कई मांगे शामिल हैं। ज्ञापन देते समय ज़िला अध्यक्ष कुलवंत सिंह ज़ोशन, सुरजीत सिंह, जसप्रीत सिंह, प्रसनदीप सिंह, संजय वर्मा, राहुल वर्मा, राजेश शुक्ला, इन्द्रपाल यादव आदि मौजूद रहे।

# पांच स्थानों पर आयोजित होगा लखीमपुर महोत्सव

- डीएम और एसपी ने आयोजन से जुड़े अफसरों की बैठक ली
- संबंधित समिति के सदस्यों को जरूरी दिशा निर्देश दिए

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर लखीमपुर महोत्सव की शुरुआत होगी। सोमवार शाम कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी गणेश प्रसाद साहा ने आयोजन से जुड़े अफसरों की बैठक ली और तैयारियों की रूपरेखा तय की।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने महोत्सव की आयोजन के लिए गठित विभिन्न समितियां द्वारा अब तक की गई तैयारिया जानीं और संबंधित समिति के सदस्यों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिला स्तर से सभी आयोजन स्थलों के लिए अलग-अलग नोडल अधिकारी भी नामित किए गए। डीडी दुधवा टी रंगाराजू और एसडीएम पलिया कार्तिकेय सिंह ने दुधवा में आयोजित लखीमपुर महोत्सव की मिनट टू मिनट जानकारी दी।

एसडीएम (सदर) अश्विनी कुमार सिंह ने जीआईसी लखीमपुर और मेंढक मंदिर ओयल, एसडीएम गोला ने गोला और कोटवारा में आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी दी। बैठक में सीडीओ अभिषेक कुमार, गोला पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, डीडी दुधवा टी रंगा राजू, एडीएम संजय सिंह, सीओ सिटी रमेश तिवारी, पर्यटन सूचना अधिकारी सुचित कुमार चौधरी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद है।

### लखीमपुर महोत्सव कार्यक्रम

- **25 नवंबर : दुधवा राष्ट्रीय उद्यान :** प्रकृति एवं परमात्मा की भूमि : दुधवा पार्क, पलिया प्रातः 11 बजे।
- **25 नवंबर : लखीमपुर उत्सव :** रंग, तरंग, मनोरंजन मंच : राजकीय इंटर कॉलेज ग्राउंड, सायं 5 बजे।
- **26 नवंबर : कोटवारा ग्राम :** लोक कला का संगम : ग्राम कोटवारा, गोला सायं 5 बजे।
- **27 नवंबर : छोटी काशी :** आध्यात्मिक शांति का केंद्र : राजेन्द्र गिरि स्टेडियम, गोला सायं 5 बजे।
- **28 नवंबर : मेंढक मन्दिर :** हमारी विरासत : मेंढक मंदिर परिसर, ओयल सायं 5 बजे।

### महोत्सव से सांस्कृतिक धरोहर को मिलेगा बढ़ावा

लखीमपुर महोत्सव 25 से 28 नवंबर के बीच जिला प्रशासन, जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के तत्वाधान में जिले के विभिन्न शहरों में होगा। शहर में 26 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर सोमवार को पालिका सभागार में बुद्धिजीवियों की बैठक हुई। पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव की मौजूदगी में हुई बैठक में सभासदों ने कहा कि यह महोत्सव जिले की सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने का एक बेहतर अवसर है। इसलिए इसे भव्यता के साथ मनाया जाना चाहिए, जिससे यह एक यादगार बन जाए। पालिकाध्यक्ष ने सभी से मिलकर आयोजन को सफल बनाने के विचार-विमर्श कर यादगार एवं सामुदायिक उत्सव बनाने की योजना बनाई। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक विशाल शुक्ला, सर्वेयर अमित सोनी, बड़े बाबू प्रह्लाद सिंह, अनुराग तिवारी सहित सभासद व सामाजिक संस्थाओं के लोग मौजूद रहे।

# गांधी विद्यालय, सिंगाही इलेवन ने जीते मैच



गांधी इंटर कॉलेज बेलरायां की विजेता टीम। • अमृत विचार

- महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट

संवाददाता, सिंगाही

**अमृत विचारः** महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन दो मैच खेले गये। इसमें गांधी विद्यालय एवं सिंगाही एलेवन टीमें विजयी रही।

टूर्नामेंट का पहला मैच गांधी विद्यालय और अमन स्पोर्टिंग क्लब सिंगाही के बीच खेला गया। गांधी विद्यालय की टीम ने 3-0 से मैच जीत लिया। दूसरा मैच सिंगाही इलेवन एवं सीतापुर के बीच हुआ। सिंगाही इलेवन ने 4-1 से मैच जीता।

टूर्नामेंट के महामंत्री सुनील बत्रा ने बताया की मंगलवार दोपहर एक बजे से दो मैच होंगे। इस दौरान डॉ. एमआर सेठी, डॉ. एनयू खान, अशोक वर्मा अनुराग पुरवार, अब्दुल हमीद , सैय्यद दिलशाद, सुमित प्रमार, रतनेश सिंह आदि मौजूद रहे।

उधर गांधी इंटर कॉलेज के प्रबंधक राजेश अग्रवाल, प्रधानाचार्य अजय कुमार, यशोदानंदन मिश्रा आदि ने टीम मैनेजर विनीत कुमार मिश्रा, सचिव अमित अग्रवाल, उमाकांत जायसवाल, कोच मोहम्मद फराज को जीत की बधाई दी।



गोला में एडीएम अरुण कुमार सिंह को ज्ञापन देते पदाधिकारी। • अमृत विचार

# गोला में पोस्टमार्टम हाउस के निर्माण की मांग, एडीएम को दिया ज्ञापन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** भ्रष्टाचार संघर्ष समिति ने संपूर्ण समाधान दिवस में आए एडीएम अरुण कुमार सिंह को तीन सूत्रीय ज्ञापन देकर नगर में जाम से मुक्ति, पोस्टमार्टम हाउस शुरू कराने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा कि नगर में जाम लगने से आए दिन यातायात बाधित होता है, जिससे आम जनमानस एवं अधिवक्ताओं को तहसील से नगर तक आने जाने में दिक्कतें हो रही हैं। नगर में पोस्टमार्टम हाउस शुरू न होने से मृतकों के परिवारीजन जिला मुख्यालय पर जाने के लिए विवश होते हैं। जबकि पूर्व में गोला में ही पोस्टमार्टम होते थे।

ज्ञापन में अतिशीघ्र पोस्टमार्टम हाउस शुरु किए जाने की मांग की है। रचित पाठक, मनोज श्रीवास्तव ने ज्ञापन दिया।

# तुम भारत को भारत रहने दो...न एडवांस करो जी

- सिंगाही मेले में लोक सृजन संस्था ने आयोजित किया कवि सम्मेलन व मुशायरा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** सिंगाही में रामलीला मेले में लोक सृजन संस्था के तत्वाधान में स्व. डॉ. गायत्री नाथ पंत की स्मृति में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया गया। कवि और शायरों ने अपनी रचनाओं से रात भर समां बांधे रखा।

कार्यक्रम का आरंभ रिटायर्ड कस्टम एवं एक्साइज कमिश्नर संजय पंत ने किया। कवि सम्मेलन का आगाज प्रतापगढ़ की कवयित्री अर्चना सिंह की वाणी वंदना से हुआ। इसके बाद राजस्थान के आए गीतकार कुंअर जावेद ने यह पंक्तियां पढकर महफिल लूट ली कि- मेरे खत पहुंचाती नहीं है, खुद रख लेती है, मुझको कुछ - कुछ शक होता है तेरी सहेली पर।

रीवा मध्य प्रदेश के हास्य कवि कामता माखन ने अपनी बात कुछ इस तरह से कही, तुम भारत को भारत रहने दो इसे न एडवांस करो जी, इस भारत में संस्कार बचाओ न लुंगी डांस करो जी। पटियाली हाथरस के ओज कवि शरद लंकेश ने पढा- मैं क्षमा याचना करता हूं। मैं व्यंग्य बाणों से डरता हूं। आगरा की शायरा कमीम कौशर ने अपनी इस गजल से समां बांधा- चैन दिन नहीं न सुकूं रात में, आने का हो गया इक मुलाकात में। तुम तो ऐसे न थे तुम को क्या हो गया, क्यों जलाए दिये चांदनी रात में। रायबरेली के हास्य कवि उत्कर्ष उत्तम ने इन पंक्तियों से महफिल को गुदगुदाया रात -रात भर मुझसे बात करती थी और कलुआ के संग फरार हो गई।आगरा के शायर अनवर अमान अकबराबादी, लखनऊ के हलधर गोंडवी, फारुख सरल, बाराबंकी के गीतकार संजय सांवरा, प्रशांत पांडेय, सीतापुर के हास्य कवि लवकुश शुक्ला ने भी काव्य पाठ किया। संचालन रायबरेली के नीरज पाण्डेय ने किया।

विशिष्ट अतिथि एसडीएम निघासन राजीव निगम, रिटायर्ड कस्टम एसपी राजेंद्र भंडारी, पूर्व बीआरसी बलविंदर सिंह, थानाध्यक्ष अजीत कुमार, पूर्व ईओ उमाशंकर तिवारी, चेयरमैन प्रतिनिधि मो.हारून, प्रेम प्रकाश बाजपेई, मोहम्मद आसिफ, अनूप भंडारी, अतुल भंडारी, रामनरेश सोनी , सतीश श्रीवास्तव, रामनरेश गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, प्रभात शुक्ला, आफाक हुसैन, राहुल गुप्ता, रामचंद्र जायसवाल, राजेंद्र जायसवाल, तुषार पाण्डेय समेत बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।



कवि सम्मेलन में काव्य पाठ करते कुंअर जावेद। • अमृत विचार

**खतरा** ब्रेकर और सांकेतिक बोर्ड न होने से वाहन मोड़ते वक्त बना रहता है डर, मोड़ पर ही डग्गामार बस स्टॉप बढ़ा रहा परेशानी

# बसतौला का अंधा मोड़, सावधानी हटी दुर्घटना घटी ही घटी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



लखीमपुर पलिया मार्ग पर बसतौला मोड़ से गुजरते वाहन। • अमृत विचार



बसतौला तिराहे पर झाड़ियों में छुपा रिफ्लेक्टर। • अमृत विचार

अमृत विचारः लखीमपुर पलिया मार्ग पर स्थित बसतौला तिराहे पर हर समय हादसे का डर बना रहता है। ग्रामीणों के मुताबिक तिराहे पर एक तरफ काफी गोलाई है। मोड़ पर ही पलिया बस यूनियन का डग्गामार बस स्टॉप परेशानी बढ़ा रहा है। ग्रामीण बताते हैं कि रेडियम युक्त सांकेतिक बोर्ड न लगे होने से रात में वाहन चालकों को असुविधा ज्यादा होती है।

बसतौला तिराहा पर एक तरफ काफी घुमावदार रोड है। न तो तीनों रोड पर ब्रेकर हैं और न ही रेडियम युक्त सांकेतिक बोर्ड लगाए हैं। ऐसे में वाहन मोड़ते समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। अन्य दोनों रास्तों पर भी गति नियंत्रण को लेकर ब्रेकर आदि न होने से हर समय हादसे की संभावना बनी रहती है। वही पलिया बस यूनियन ने बसतौला में अंधे मोड़ पर बस अड्डा बना रखा है। यहां लखीमपुर और पलिया के बीच आवागमन के करने वाली बसें यात्रियों को बैठाती- उतारती हैं। समय पर पहुंचने की जल्दी में तेज रफ्तार बसों से दुर्घटना का खतरा बना रहता है। प्रभारी निरीक्षक थाना भीरा पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जल्द ही बस यूनियन के लोगों से सम्पर्क कर समस्या का समाधान कराया जायेगा, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।

### झाड़ियों में छिपे संकेतक

रोड निर्माण के दौरान पीडब्ल्यूडी की ओर से रास्ते के किनारों पर रिफ्लेक्टर युक्त रॉड लगवाई थी, जिससे रात के दौरान वाहनों की लाइट लगने पर इसकी चमक दूसरी ओर से आ रहे वाहन चालकों को दिखाई दे। मगर, रिफ्लेक्टर सड़क किनारे उगी झाड़ियों में छिप गई है। इससे रात में वाहन चालकों को कोई संकेत नहीं मिल पाता।

# मिड टर्म छूटने पर मिलेगा सिर्फ एक मौका

**बरेली कार्यालय, अमृत विचारः** बरेली कॉलेज ने मिड टर्म परीक्षा में विद्यार्थियों के अनुपस्थित होने पर एक मौका देने का निर्णय लिया है। निर्धारित शुल्क भी देना होगा।

पिछले दिनों विभागाध्यक्षों की बैठक हुई। इसमें बताया गया कि वि एक बार मिड टर्म परीक्षा छूटने पर उसे बार-बार मौका दिया जाता है। निर्णय लिया गया कि विद्यार्थी को परीक्षा का सिर्फ एक मौका दिया जाए। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि यह कदम परीक्षा की निष्पक्षतर और अनुशासन को बनाए रखने के लिए उठाया गया है। कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजेंद्र सिंह ने बताया कि यह निर्णय परीक्षा के प्रति उनके दृष्टिकोण को सुधारने में सहायक होगा। नए नियम के तहत छात्रों को पहला अवसर निशुल्क जबकि दूसरे अवसर के लिए निर्धारित शुल्क देना होगा। हालांकि यह आर्थिक स्थिति के अनुसार समायोजित किया जा सकता है।

## माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

वर्ष 2025 की हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा का कार्यक्रम

| दिवस तथा दिनांक | समय | विषय तथा प्रश्नपत्र हाईस्कूल | विषय तथा प्रश्नपत्र इण्टरमीडिएट |
|---|---|---|---|
| सोमवार 24 फरवरी, 2025 ई0 | प्रातः 8—30 बजे से 11—45 बजे तक | हिन्दी<br>प्रारम्भिक हिन्दी | सैन्य विज्ञान |
| | सायं 2 बजे से 5—15 बजे तक | हेल्थ केयर, | हिन्दी, सामान्य हिन्दी |
| शुक्रवार 28 फरवरी, 2025 ई0 | प्रातः 8—30 बजे से 11—45 बजे तक | पाली, अरबी, फारसी | व्यवसाय अध्ययन— (वाणिज्य वर्ग के लिये)<br>गृह विज्ञान |
| | सायं 2 बजे से 5—15 बजे तक | संगीत गायन | सामान्य आधारिक विषय—(व्यावसायिक वर्ग के लिये)<br>कृषि शस्य विज्ञान(एग्रोनामी)—प्रथम प्रश्नपत्र—(कृषि भाग—1 के लिये)<br>कृषि शस्य विज्ञान(एग्रोनामी)—षष्टम् प्रश्नपत्र—(कृषि भाग—2 के लिये), एन0सी0सी0 |
| शनिवार 01 मार्च, 2025 ई0 | प्रातः 8—30 बजे से 11—45 बजे तक | गणित | फल एवं खाद्य संरक्षण, पाकशास्त्र(कुकरी), परिधान रचना एवं सज्जा, धुलाई तथा रंगाई, बेकिंग तथा कन्फेक्शनरी, टेक्सटाइल डिजाइन, बुनाई तकनीक, नर्सरी शिक्षण का प्रशिक्षण एवं शिशु प्रबन्ध, पुस्तकालय विज्ञान, बहुउद्देशीय स्वास्थ्यकार्मिक (मेडिकल लेबोरेटरी तकनीक सहित), रंगीन फोटोग्राफी, रेडियो एवं रंगीन टेलीविजन, आटोमोबाइल्स, मधुमक्खी पालन, डेरी प्रौद्योगिकी, रेशम कीट पालन, बीजोत्पादन प्रौद्योगिकी, फसल सुरक्षा सेवा, पौधशाला, भूमि संरक्षण, एकाउन्टेन्सी एवं अंकेक्षण, बैंकिंग, आशुलिपि एवं टंकण, विपणन तथा विक्रय कला, सचिवीय पद्धति, बीमा, सहकारिता, टंकण हिन्दी एवं अंग्रेजी, मुद्रण, कुलाल विज्ञान,, कृत्रिम अंग एवं अवयव तकनीक, इम्ब्राइडरी, हैण्ड ब्लाक प्रिंटिंग एवं वेजिटेबुल डाइंग, धातु शिल्प (मेटल क्राफ्ट), कम्प्यूटर तकनीक एवं मेन्टेनेन्स, घरेलू विद्युत उपकरणों की मरम्मत एवं रख—रखाव, खुदरा व्यापार, सुरक्षा, मोबाइल रिपेयरिंग, पर्यटन एवं आतिथ्य, आई0टी0/आई0टी0ई0एस0, हेल्थ केयर—प्रथम प्रश्नपत्र (केवल व्यावसायिक शिक्षा वर्ग आई के लिये) |
| | सायं 2 बजे से 5—15 बजे तक | आटोमोबाइल्स<br>वाणिज्य | नागरिक शास्त्र |
| सोमवार 03 मार्च, 2025 ई0 | प्रातः 8—30 बजे से 11—45 बजे तक | संस्कृत | जीव विज्ञान,<br>गणित |
| | सायं 2 बजे से 5—15 बजे तक | संगीत वादन | चित्रकला (आलेखन), चित्रकला (प्राविधिक), रंजनकला |
| मंगलवार 04 मार्च, 2025 ई0 | प्रातः 8—30 बजे से 11—45 बजे तक | विज्ञान | पाली, अरबी, फारसी,<br>लेखाशास्त्र— (वाणिज्य वर्ग के लिये) |
| | सायं 2 बजे से 5—15 बजे तक | कृषि | अर्थशास्त्र |
| बुधवार 05 मार्च, 2025 ई0 | प्रातः 8—30 बजे से 11—45 बजे तक | मानव विज्ञान | उर्दू, गुजराती, पंजाबी, बंगला, मराठी, असमी, उड़िया, कन्नड़, सिन्धी, तमिल , तेलुगू , मलयालम, नेपाली |
| | सायं 2 बजे से 5—15 बजे तक | एन0सी0सी0 | इतिहास |
| बृहस्पतिवार 06 मार्च , 2025 ई0 | प्रातः 8—30 बजे से 11—45 बजे तक | रिटेलट्रेडिंग(खुदरा व्यापार) | संगीत गायन, संगीत वादन, नृत्यकला |
| | सायं 2 बजे से 5—15 बजे तक | मोबाइल रिपेयर | भौतिक विज्ञान,<br>मनोविज्ञान, शिक्षाशास्त्र , तर्कशास्त्र |
| शुक्रवार 07 मार्च, 2025 ई0 | प्रातः 8—30 बजे से 11—45 बजे तक | अंग्रेजी | कम्प्यूटर, शस्य विज्ञान (व्यावसायिक), कृषि वनस्पति विज्ञान—द्वितीय प्रश्न पत्र (कृषि भाग—1 के लिये),<br>कृषि अर्थशास्त्र—सप्तम् प्रश्नपत्र (कृषि भाग—2 के लिये) |
| | सायं 2 बजे से 5—15 बजे तक | सुरक्षा | मानव विज्ञान |
| शनिवार 08 मार्च, 2025 ई0 | प्रातः 8—30 बजे से 11—45 बजे तक | गृहविज्ञान—(केवल बालिकाओं के लिये)<br>गृहविज्ञान —(बालकों के लिये तथा उन बालिकाओं के लिये जिन्होंने इसे अनिवार्य विषय के रूप मे नहीं लिया है) | फल एवं खाद्य संरक्षण, पाक शास्त्र(कुकरी), परिधान रचना एवं सज्जा, धुलाई तथा रंगाई, बेकिंग तथा कन्फेक्शनरी, टेक्सटाइल डिजाइन, बुनाई तकनीक, नर्सरी शिक्षण का प्रशिक्षण एवं शिशु प्रबन्ध, पुस्तकालय विज्ञान, बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्मिक (मेडिकल लेबोरेटरी तकनीक सहित), रंगीन फोटोग्राफी, रेडियो एवं रंगीन टेलीविजन, आटोमोबाइल्स, मधुमक्खी पालन, डेरी प्रौद्योगिकी, रेशम कीट पालन, बीजोत्पादन प्रौद्योगिकी, फसल सुरक्षा सेवा, पौधशाला, भूमि संरक्षण, एकाउन्टेन्सी एवं अंकेक्षण, बैंकिंग, आशुलिपि एवं टंकण, विपणन तथा विक्रय कला, सचिवीय पद्धति, बीमा, सहकारिता, टंकण हिन्दी एवं अंग्रेजी, मुद्रण, कुलाल विज्ञान, कृत्रिम अंग एवं अवयव तकनीक, इम्ब्राइडरी, हैण्ड ब्लाक प्रिंटिंग एवं वेजिटेबुल डाइंग, धातु शिल्प (मेटल क्राफ्ट), कम्प्यूटर तकनीक एवं मेन्टेनेन्स, घरेलू विद्युत उपकरणों की मरम्मत एवं रख—रखाव, खुदरा व्यापार, सुरक्षा, मोबाइल रिपेयरिंग, पर्यटन एवं आतिथ्य, आई0टी0/आई0टी0ई0एस0, हेल्थ केयर—द्वितीय प्रश्नपत्र (केवल व्यावसायिक शिक्षा वर्ग आई के लिये) |
| | सायं 2 बजे से 5—15 बजे तक | कम्प्यूटर | रसायन विज्ञान,<br>समाज शास्त्र |
| सोमवार 10 मार्च, 2025 ई0 | प्रातः 8—30 बजे से 11—45 बजे तक | चित्रकला,<br>रंजनकला | काष्ठ शिल्प, ग्रन्थ शिल्प, सिलाई शिल्प,<br>फल एवं खाद्य संरक्षण, पाक शास्त्र (कुकरी), परिधान रचना एवं सज्जा, धुलाई तथा रंगाई, बेकिंग तथा कन्फेक्शनरी, टेक्सटाइल डिजाइन, बुनाई तकनीक, नर्सरी शिक्षण का प्रशिक्षण एवं शिशु प्रबन्ध, पुस्तकालय विज्ञान, बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्मिक (मेडिकल लेबोरेटरी तकनीक सहित), रंगीन फोटोग्राफी, रेडियो एवं रंगीन टेलीविजन, आटोमोबाइल्स, मधुमक्खी पालन, डेरी प्रौद्योगिकी, रेशम कीट पालन, बीजोत्पादन प्रौद्योगिकी, फसल सुरक्षा सेवा, पौधशाला, भूमि संरक्षण, एकाउन्टेन्सी एवं अंकेक्षण, बैंकिंग, आशुलिपि एवं टंकण, विपणन तथा विक्रय कला, सचिवीय पद्धति, बीमा, सहकारिता, टंकण हिन्दी एवं अंग्रेजी, मुद्रण, कुलाल विज्ञान, कृत्रिम अंग एवं अवयव तकनीक, इम्ब्राइडरी, हैण्ड ब्लाक प्रिंटिंग एवं वेजिटेबुल डाइंग, धातु शिल्प (मेटल क्राफ्ट), कम्प्यूटर तकनीक एवं मेन्टेनेन्स, घरेलू विद्युत उपकरणों की मरम्मत एवं रख—रखाव, खुदरा व्यापार, सुरक्षा, मोबाइल रिपेयरिंग, पर्यटन एवं आतिथ्य, आई0टी0/आई0टी0ई0एस0, हेल्थ केयर— तृतीय प्रश्नपत्र (केवल व्यावसायिक शिक्षा वर्ग आई के लिये) |
| | सायं 2 बजे से 5—15 बजे तक | आई0टी0/आई0टी0ई0एस0 | भूगोल,<br>कृषि भौतिकी एवं जलवायु विज्ञान—तृतीय प्रश्न पत्र (कृषि भाग—1 के लिये),<br>कृषि जन्तुविज्ञान—अष्ठम् प्रश्न पत्र(कृषि भाग—2 के लिये) |
| मंगलवार 11 मार्च, 2025 ई0 | प्रातः 8—30 बजे से 11—45 बजे तक | सामाजिक विज्ञान | फल एवं खाद्य संरक्षण, पाक शास्त्र (कुकरी), परिधान रचना एवं सज्जा, धुलाई तथा रंगाई, बेकिंग तथा कन्फेक्शनरी, टेक्सटाइल डिजाइन, बुनाई तकनीक, नर्सरी शिक्षण का प्रशिक्षण एवं शिशु प्रबन्ध, पुस्तकालय विज्ञान, बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्मिक (मेडिकल लेबोरेटरी तकनीक सहित), रंगीन फोटोग्राफी, रेडियो एवं रंगीन टेलीविजन, आटोमोबाइल्स, मधुमक्खी पालन, डेरी प्रौद्योगिकी, रेशम कीट पालन, बीजोत्पादन प्रौद्योगिकी, फसल सुरक्षा सेवा, पौधशाला, भूमि संरक्षण, एकाउन्टेन्सी एवं अंकेक्षण, बैंकिंग, आशुलिपि एवं टंकण(हिन्दी), आशुलिपि एवं टंकण(अंग्रेजी), विपणन तथा विक्रय कला, सचिवीय पद्धति, बीमा, सहकारिता, टंकण हिन्दी एवं अंग्रेजी, मुद्रण, कृत्रिम अंग एवं अवयव तकनीक, इम्ब्राइडरी, हैण्ड ब्लाक प्रिंटिग एवं वेजिटेबुल डाइंग, धातुशिल्प (मेटल क्राफ्ट)—(अलौह), धातु शिल्प (मेटल क्राफ्ट)—(नक्काशी), कम्प्यूटर तकनीक एवं मेन्टेनेन्स, घरेलू विद्युत उपकरणों की मरम्मत एवं रख—रखाव, खुदरा व्यापार, सुरक्षा, मोबाइल रिपेयरिंग, पर्यटन एवं आतिथ्य, आई0टी0/आई0टी0ई0एस0, हेल्थ केयर—चतुर्थ प्रश्नपत्र (केवल व्यावसायिक शिक्षा वर्ग आई के लिये) |
| | सायं 2 बजे से 5—15 बजे तक | सिलाई | संस्कृत, कृषि अभियंत्रण चतुर्थ प्रश्नपत्र—(कृषि भाग—1 के लिये), कृषि पशुपालन तथा पशु चिकित्सा विज्ञान—नवम् प्रश्नपत्र (कृषि भाग—2 के लिये) |
| बुधवार 12 मार्च, 2025 ई0 | प्रातः 8—30 बजे से 11—45 बजे तक | गुजराती, उर्दू, पंजाबी, बंगला मराठी, आसामी, उड़िया, कन्नड़, कश्मीरी, सिन्धी तमिल, तेलुगू, मलयालम, नेपाली | फल एवं खाद्य संरक्षण, पाक शास्त्र (कुकरी), परिधान रचना एवं सज्जा, धुलाई तथा रंगाई, बेकिंग तथा कन्फेक्शनरी, टेक्सटाइल डिजाइन, बुनाई तकनीक, नर्सरी शिक्षण का प्रशिक्षण एवं शिशु प्रबन्ध, पुस्तकालय विज्ञान, बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्मिक (मेडिकल लेबोरेटरी तकनीक सहित), रंगीन फोटोग्राफी, रेडियो एवं रंगीन टेलीविजन, आटोमोबाइल्स, मधुमक्खी पालन, डेरी प्रौद्योगिकी, रेशम कीट पालन, बीजोत्पादन प्रौद्योगिकी, फसल सुरक्षा सेवा, पौधशाला, भूमि संरक्षण, एकाउन्टेन्सी एवं अंकेक्षण, बैंकिंग, आशुलिपि एवं टंकण (हिन्दी), आशुलिपि एवं टंकण (अंग्रेजी), विपणन तथा विक्रय कला, सचिवीय पद्धति, बीमा, सहकारिता, टंकण हिन्दी एवं अंग्रेजी, इम्ब्राइडरी, हैण्ड ब्लाक प्रिंटिंग एवं वेजिटेबुल डाइंग, धातु शिल्प (मेटल क्राफ्ट)—(अलौह), धातु शिल्प (मेटल क्राफ्ट)—(नक्काशी), कम्प्यूटर तकनीक एवं मेन्टेनेन्स, घरेलू विद्युत उपकरणों की मरम्मत एवं रख—रखाव, खुदरा व्यापार, सुरक्षा, मोबाइल रिपेयरिंग, पर्यटन एवं आतिथ्य, आई0टी0/आई0टी0ई0एस0, हेल्थ केयर—पंचम् प्रश्नपत्र (केवल व्यावसायिक शिक्षा वर्ग आई के लिये) |
| | सायं 2 बजे से 5—15 बजे तक | इलेक्ट्रीशियन,<br>आपदा प्रबन्धन,<br>सोलर सिस्टम रिपेयर,<br>प्लम्बर, | अंग्रेजी,<br>कृषि गणित तथा प्रारम्भिक सांख्यिकी—पंचम् प्रश्नपत्र (कृषि भाग—1 के लिये),<br>कृषि रसायन विज्ञान—दशम् प्रश्नपत्र(कृषि भाग—2 के लिये) |

# जिले में 184 तौल लिपिकों का लॉटरी के माध्यम से ऑनलाइन स्थानांतरण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



गन्ना भवन में हुई बैठक में निर्देश देते जिला गन्ना अधिकारी। ● अमृत विचार

- डीसीओ की अध्यक्षता में हुई केन इंप्लीमेंटेशन कमेटी की बैठक, दिए निर्देश

**अमृत विचार:** जिला गन्ना अधिकारी की अध्यक्षता में केन इंप्लीमेंटेशन कमेटी की बैठक हुई। बैठक में मिल गेट एवं बाहरी क्रय केंद्रों सहित सभी तौल लिपिकों का लॉटरी के माध्यम से ऑनलाइन स्थानांतरण किया गया।

गन्ना भवन में सोमवार को जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव की अध्यक्षता में हुई बैठक में सचिवों द्वारा बताया गया कि पेराई सत्र में 4496 किसानों को नये कोड आवंटित किये गए है। जिसमें से 4419 किसानों की कलेंडरिंग भी कर दी गयी है। इन किसानो के कैलेंडर भी स्मार्ट गन्ना किसान पर लाइव कर दिये गए है। जिन किसानों द्वारा अपने ज़मीन से संबंधित राजस्व अभिलेख नहीं दिये गए है, उनके कैलेंडर संचालित नहीं किये गए है। बैठक में सभी चीनी मिल प्रतिनिधियों को निर्देश दिए गए कि वह सर्दी से बचाव के लिए चीनी मिल यार्ड मे जगह-जगह अलाव जलाये। सभी ट्रैक्टर एवं ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर लगाये जाये। बैठक मे बरखेड़ा चीनी मिल के बकाया गन्ना मूल्य भुगतान के संबंध में गन्ना समिति बीसलपुर के अध्यक्ष अध्यक्ष द्वारा पूछा गया। इस पर बरखेड़ा चीनी मिल के वरिष्ठ प्रबंधक शिवराज सिंह यादव ने बताया कि चीनी मिल द्वारा पिछले पेराई सत्र का शेष भुगतान 15 दिसंबर तक कर दिया जायेगा। इसके बाद वर्तमान पेराई सत्र का भुगतान किया जायेगा। इस दौरान सभी चीनी मिल गेट एवं वाह्य क्रय केंद्रों पर तैनात 184 तौल लिपिकों का ऑनलाइन लाटरी से ट्रांसफर किया गया। जनपद मे आज तक 17263 किसानों से 10.57 लाख क्विंटल गन्ने की खरीद की जा चुकी है। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी तौल लिपिक तौल कार्य शुरू करने से पहले काटा जाँच करेंगे और काटा जांच करने के बाद इसे रजिस्टर मे अंकित करेंगे। सभी क्रय केंद्रों के निरीक्षण के लिये टीमे गठित कर दी गई हैं। घटतौली की शिकायत मिलने पर तत्काल टीम पहुंचकर जांच करेगी। यदि कही घटतौली मिलती है तो संबंधित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

## किशोरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली में दी गई तहरीर में क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी सोलह वर्षीय पुत्री 11 नवंबर को गाजियाबाद से अपने घर आ गई। उसी दिन ग्राम सफौरा निवासी अनमाले और श्यामाचरन भी घर आए। रात करीब आठ बजे दोनों आरोपी पुत्री को बहला फुसलाकर ले गए। काफी तलाशने के बाद भी बेटी का पता नहीं चला। बेटी घर से जेवरात और नकदी भी ले गई है।

## आज 8 घंटे गुल रहेगी बिजली

**बरखेड़ा:** उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण उपखंड बीसलपुर की ओर से एक सूचना जारी की गई। जिसमें बताया कि विद्युत उपकेंद्र बरखेड़ा ग्रामीण पर निर्बाध बिजली आपूर्ति देने के लिए अनुरक्षण कार्य किया जाना है। इसे लेकर 19 नवंबर को सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। लाइनों का सुधार और पेड़ों की छंटाई कराई जाएगी।

## समर्थ नहीं अब पुरानी व्यवस्था से ही होगी परीक्षा

**बरेली :** समर्थ पोर्टल की वजह से परेशान हो रहे विद्यार्थियों को अब राहत मिल गई है। अब प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में पुरानी व्यवस्था से ही फार्म भरवाने के साथ परीक्षाएं कराई जाएंगी। हालांकि समर्थ पोर्टल से फार्म भरने और परीक्षाएं अगले सत्र से अनिवार्य रूप से कराई जाएंगी।

# कार्रवाई की मांग को लेकर रोका अंतिम संस्कार

संवाददाता, बीसलपुर



मृतक के परिवार से वार्ता करती पुलिस। ● अमृत विचार

- विधायक ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन देकर मनाया
- बाइकों की टक्कर के बाद एक युवक की मौत का मामला, परिजन बोले-धारदार चीज से किए गए थे वार

**अमृत विचार:** बाइकों की टक्कर के बाद एक युवक की मौत होने का मामला सोमवार को गरमा गया। शुरुआत से ही हत्या की आशंका जता रहे परिवार ने शव का अंतिम संस्कार करने से इन्कार कर दिया। हत्या की धाराओं में कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। दिनभर पुलिस अधिकारी समझाने में जुटे रहे लेकिन परिजन मानने को राजी ही नहीं थे। शाम को भाजपा विधायक ने पहुंचकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजन को मनाया। तब जाकर परिजन मानें और शव का पुलिस मौजूदगी में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया।

दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव सनगवां निवासी 18 वर्षीय सचिन पुत्र प्रेमपाल शनिवार को अपने घर से मधवापुर गांव के लिए बाइक से निकला था। मकरंदपुर चौराहा के पास पहुंचते ही दूसरी बाइक से उसकी टक्कर हो गई। जिसमें सचिन की अस्पताल ले जाते वक्त मौत हो गई थी। पुलिस हादसे की रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई थी। वहीं, परिजन दूसरी बाइक के चालक से पुरानी रंजिश का हवाला देते हुए हत्या करने का आरोप लगा रहे थे। रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया था। सोमवार को परिवार ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की और शव का अंतिम संस्कार करने से इन्कार कर दिया। पुलिस पर हत्या की घटना को हादसे का रुप देने का आरोप लगाया गया। पिता प्रेमपाल ने आरोप लगाया कि उसके पुत्र की हत्या की गई है आरोपी युवक घटना के बाद से ही फरार है। धारदार हथियार से वार करके हत्या करने की बात कही। उनका कहना था कि पुलिस को शुरुआत से ही हत्या की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग की गई लेकिन पुलिस ने हादसे की तहरीर लेकर रिपोर्ट दर्ज की। हत्या की धारा में कार्रवाई और आरोपी की गिरफ्तारी न होने तक अंतिम संस्कार ना करने की मांग पर अडिग हो गए। इसकी जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस गांव पहुंची और परिवार को मनाने में जुटी रही। मगर परिजन अपनी मांग पर अडिग होकर आरोप लगाते रहे। शाम को भाजपा विधायक बीसलपुर विवेक वर्मा गांव पहुंचे और परिवार से वार्ता की। उनको पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में ही परिवार ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। भाजपा विधायक के पिता एवं पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा भी इस दौरान गांव में परिवार से मिले और आश्वस्त करते रहे।

> बाइकों की टक्कर लगने के बाद युवक की मौत हुई थी। इसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पिता की ओर से दी गई तहरीर पर ही हादसे की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। उसी आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। **– दिगंबर सिंह,** कोतवाल दियोरियाकलां

# 50 बेड से कम वाले अस्पतालों का पंजीकरण अब 5 साल में

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** शासन ने निजी अस्पतालों के लिए बहुप्रतीक्षित फैसला जारी कर दिया है। अब 50 बेड से कम बेड के अस्पतालों को पांच साल में रजिस्ट्रेशन कराना होगा। अब तक यह समयसीमा एक साल थी जिसका निजी अस्पतालों की ओर से काफी समय से विरोध हो रहा था। कई साल से आईएमए भी इस बारे में शासन से पत्राचार कर रही थी।

स्वास्थ्य सचिव रंजन कुमार ने महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें के साथ सभी सीएमओ को पत्र जारी कर 50 से कम बेड वाले अस्पतालों को सशर्त राहत दी है। पत्र के अनुसार 50 बेड से कम क्षमता वाले चिकित्सालयों/ नैदानिक स्थापनों के पांच वर्ष के स्थाई पंजीकरण के लिए उन्हें अपने परिसर में मेन गेट के पास 15 वर्ग फुट का डिस्प्ले बोर्ड लगाना होगा और उस पर चिकित्सा इकाई का रजिस्ट्रेशन नंबर, संचालक का नाम, बेड की संख्या, औषधि पद्धति और चिकित्सालय की ओर प्रदत्त सेवाओं के साथ स्टाफ का विवरण प्रदर्शित करना होगा। सीएमओ डॉक्टर विश्राम सिंह ने बताया कि जनपद में 50 बेड से कम क्षमता वाले अस्पतालों की सूची तैयार कर नवीन कार्ययोजना तैयार की जाएगी।



बिक्री केंद्र पर उर्वरक विक्रेता से जानकारी लेते डीएम संजय कुमार सिंह।

## डीएम ने खाद की दुकान का किया निरीक्षण

**पीलीभीत,अमृत विचार :** डीएम संजय कुमार सिंह ने शहर स्थित एक उर्वरक की दुकान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खाद की उपलब्धता समेत अभिलेखों का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को उर्वरक वितरण में अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। रबी फसलों की बुवाई को दृष्टिगत किसानों को सुगमता से उर्वरक की आपूर्ति कराने और कालाबाजारी रोकने को जिला प्रशासन के निर्देश पर छापामार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में डीएम संजय कुमार सिंह ने सोमवार को शहर के मंडी गेट स्थित किसान एग्रो ट्रेडर्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद की उपलब्धता की भी जानकारी ली। इस दौरान बिक्री केंद्र पर 14.95 मीट्रिक टन यूरिया, 0.05 मीट्रिक टन एनपीके तथा रबी फसलों की बुवाई के लिए गेहूं, सरसों, मटर आदि बीज पाये गये। डीएम ने निर्देश दिए कि किसानों को समुचित उर्वरक वितरण कराया जाए एवं उनके बैठने एवं पीने के पानी की व्यवस्था की जाये। किसानों को उनकी जोत के आधार पर उर्वरक का वितरण किया जाये। उर्वरक के साथ कम प्रचालित उत्पादों की जबरन टैगिंग न की जाये। इस दौरान उन्होंने जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल को निर्देश दिए कि नियमित रूप से उर्वरक बिक्री केंद्रों का निरीक्षण किया जाये।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी ददरौल, शाहजहांपुर**

पत्रांक: 588/क्षे.पं./2024–25 दिनांक: 14.11.2024

**निविदा शुद्धीकरण**

इस कार्यालय के पत्र सं.– सी 556 दिनांक– 11.11.2024 के द्वारा क्षेत्र पंचायत कार्यो हेतु प्रकाशित निविदा में क्रमांक 09 पर अंकित कार्य ग्राम वविया में स्कूल से शंकरलाल के मकान के आगे तक इण्टरलॉकिंग के स्थान पर सही कार्य ग्राम ववियाहार में ध्यानपाल सिंह के मकान से लेकर संदीप सिंह के मकान तक इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य पढ़ा जाये।

प्रहलाद कुमार
खण्ड विकास अधिकारी
ददरौल–शाहजहांपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत धनौर जागीर विकास खंड भदपुरा, बरेली**

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सुचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–2025 की कार्य योजना के अन्तर्गत मनरेगा योजना की धनराशि से अधोलिखित कार्य हेतु निर्माण सामग्री यथा सीमेंट, बजरी, बजरफुट, रेता, बालू, प्रथम श्रेणी ईंट, ईंट रोड़ा, सरिया आदि की आपूर्ति हेतु सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक 19.11.2024 से 22.11.2024 को प्रात: 11 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिनांक 22.11.2024 को दोपहर 2 बजे खोली जायेंगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 01 | नहर से महेन्द्र के घर तक सी सी रोड निर्माण कार्य | 2.05259 लाख |

अनीता देवी, प्रधान — नरेश पाल सागर, सचिव

**कार्यालय जिला पंचायत, बरेली**

पत्रांक : 1169/नि.अनु./2024–25 दिनांक : 18.11.2024

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

भारत सरकार के जेम पार्टल में पंजीकृत संस्था/फर्म/कम्पनियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, बरेली के अन्तर्गत विभिन्न मार्गो के लेपन कार्यों में प्रयुक्त होने वाले इमल्सन एस.एस.–01 (पैक्ड ड्रम) जिसकी आपूर्ति जिला पंचायत परिसर, बिहारीपुर ढाल, कुतुबखाना–चौपुला रोड, बरेली में किया जाना है, के क्रय हेतु मय ढुलाई/लोडिंग/अनलोडिंग सहित न्यूनतम मूल्य की ई–निविदा वेबसाईट etender.up.nic.in से दिनांक 19.11.2024 की सायं से डाउनलोड किये जायेंगे तथा ऑनलाइन निविदा डाउनलोड कर करने की अन्तिम तिथि दिनांक 25.11.2024 की अपरान्ह 12:00 बजे तक की जा सकती है तथा उसी दिनांक 25.11.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे से प्राप्त निविदायें जिला पंचायत बरेली में गठित समिति के समक्ष खोली जायेंगी। आपूर्ति के उपरान्त ही भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। कार्य की निविदा के साथ धरोहर धनराशि के रूप में डाकघर की एन.एस.सी./बैंक की एफ.डी.आर. जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, बरेली के पद नाम से बन्धक हो, लगायी जायेगी। कार्य सम्बन्धी विवरण किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला पंचायत, बरेली एवं ई–निविदा वेबसाईट etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा।

नोट :

1. उक्त वेबसाईट पर दरों के साथ संस्था/फर्म/कम्पनी से संबंधित समस्त अभिलेख/प्रपत्र की स्वप्रमाणित स्कैन छायाप्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है।
2. निविदा के लिए निविदा लागत 2 प्रतिशत धरोहर राशि देय होगी। जिसकी स्कैन प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. निविदा ई–टेण्डरिंग प्रणाली के माध्यम से क्रय किये जाते समय टेण्डर शुल्क खाता संख्या 50100510399059 एच.डी.एफ.सी. बैंक, सिविल लाईन्स, बरेली IFSC Code HDFC0000304 में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत बरेली के नाम जमा कर उसकी स्कैन कॉपी ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा ऑनलाईन भरते समय अपलोड करना होगा।

अभियन्ता, जिला पंचायत, बरेली — अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, बरेली — अध्यक्ष, जिला पंचायत, बरेली

संसारातपदग्धानां त्रयो विश्रान्तिहेतव:।
अपत्यं च कलत्रं च सतां संगतिरेव च॥

सांसारिक ताप से जलते हुए लोगों को तीन ही चीजें आराम दे सकती हैं – सन्तान, पत्नी तथा सज्जनों की संगति।

## संपादकीय

# जी 20 शिखर सम्मेलन

ब्राजील में चल रहा दो दिवसीय जी20 शिखर सम्मेलन में दुनिया की बड़ी और महत्वपूर्ण अर्थव्यवस्था वाले देशों के राष्ट्राध्यक्षों का मिलन एक बड़ा मौका है। जी 20 के नेताओं की शिखरवार्ता में भूराजनीतिक मुद्दे हावी रहने की संभावना है। दुनिया न केवल यूक्रेन पर रूसी युद्ध को लेकर विभाजित है, बल्कि पिछले अक्टूबर में हमास के हमले के जवाब में गाजा में इजरायल के युद्ध को लेकर भी विभाजित है। यानी ब्राजील सम्मेलन पर दो प्रमुख युद्धों और डोनाल्ड ट्रंप की हालिया चुनावी जीत का साया है। बढ़ते वैश्विक तनाव और आने वाले ट्रंप प्रशासन के बारे में अनिश्चितता से अमेरिका की वैश्विक आर्थिक नीति के भविष्य को लेकर चिंता बढ़ गई है। ऐसे में वार्ताकारों को सभी देशों के लिए स्वीकार्य संयुक्त वक्तव्य की भाषा तय करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। यह देखना अभी बाकी है कि प्रभाव किस हद तक होगा। गौरतलब है कि जी 20 एक प्रभावशाली अंतर्राष्ट्रीय मंच है जो वैश्विक आर्थिक और वित्तीय मुद्दों को संबोधित करता है, वित्तीय स्थिरता और सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है। 1999 में स्थापित इस समूह में 19 देश और यूरोपीय संघ शामिल हैं। फिलहाल जी 20 देशों में दुनिया की 60 प्रतिशत आबादी, वैश्विक जीडीपी का 80 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत शामिल है। भारत एक महत्वपूर्ण उभरती अर्थव्यवस्था है, जी 20 में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस समय भारत वैश्विक मंच पर एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित हो चुका है। महत्वपूर्ण है कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी इस सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। रूस में ब्रिक्स की बैठक के एक महीने से भी कम अंतराल के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से ब्राजील में दोबारा मुलाकात हो सकती है। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी की द्विपक्षीय मुलाकातों पर भी सभी की नजरें टिकी हैं।

भारत की अध्यक्षता में नई दिल्ली के पिछले सम्मेलन में जहां यह अंतर्राष्ट्रीय मंच पहले से ज्यादा प्रासंगिक और ज्यादा मजबूत होकर उभरा, वहीं विश्व में भारत की भूमिका भी पहले से अधिक महत्वपूर्ण और निर्णायक साबित हुई। 55 देशों के अफ्रीकी संघ को जी 20 के स्थायी सदस्य के रूप में शामिल करना और यूक्रेन संघर्ष पर गहरे मतभेदों को दूर करते हुए साझा घोषणापत्र तैयार करना, पिछले वर्ष भारत की जी 20 अध्यक्षता के प्रमुख मील के पत्थर के रूप में देखा गया। परंतु मौजूदा वैश्विक हालात में ब्राजील सम्मेलन में किसी साझा घोषणापत्र पर सहमति बन पाई तो उसे करिश्मा ही माना जाएगा।

# चीन: एक पहेली या खतरे की घंटी


प्रमोद कुमार गुप्ता
ग्रुप कैप्टन, भारतीय वायु सेना (वेटरन)

हाल में एलएसी पर हुए समझौते से थोड़ी सी बर्फ अवश्य पिघली है और पूर्वी लद्दाख में शांति की उम्मीद जागी है। परंतु इसको स्थाई शांति मान लेना जल्दबाजी होगी। यह समझौता चीन की एक 'सामरिक वापसी' भी हो सकता है।

सदियों से स्थापित राजवंशीय परंपराओं (राजवंशीय शासन) से उभरा चीन आज पूरे विश्व के लिए किसी पहली से कम नहीं। एक ऐसा देश जो मंगोलों के दमन का साक्षी रहा हो, जिसने ब्रिटेन, फ्रांस, रूस, जर्मनी व जापान के आक्रमणों को झेला हो, वर्षों से अपने 14 पड़ोसी देशों से सीमा विवाद में उलझा रहा होऔर जिसने दो - दो ओपियमवार्स (अफीम-त्रासदी) का सामना किया हो। इस सबके बावजूद चीन आज अपने को विश्व शक्ति के रूप में स्थापित होने में सफल रहा हो। पिछले 5 दशकों में चीन ने कुछ ऐसा अवश्य ही किया ही है कि वह आज वैश्विक पटल पर एक इंडस्ट्रियल, इकोनॉमिक व मिलिट्री शक्ति की धुरी बन गया है। यह अप्रत्याशित ही कहा जाएगा कि जब पूरा विश्व शीत युद्ध के समय दो ध्रुवों में बंटा था (अमेरिका द्वारा संचालित पश्चिमी देशों का संगठन-नाटोव कम्यूनिस्म से प्रभावित रूस द्वारा संचालित ईस्ट यूरोपियन देशों का संगठन), तब भी चीन अपने अलग रास्ते पर ही चला। यह कहा जा सकता है कि तब इन दोनों संगठनों ने उसे इतना सक्षम नहीं समझा कि वे उसे अपने साथ मिलाने का प्रयास करते। परंतु वही चीन आज विश्व में अपनी एक अलग पहचान बनाने में सफल रहा है और आज उसकी उपस्थिति को कोई भी देश नजरंदाज नहींकर सकता। यह कहना गलत नहीं होगा कि चीन आज बड़ी-बड़ी शक्तियों को हर क्षेत्र में टक्कर देने या यूं कहे कि भयभीत करने में भी सक्षम है।

यदि हम विश्लेषण करें कि चीन ने पिछले 5- 6 दशकों में ऐसा क्या किया, ऐसी कौन सी नीतियां अपनाईं जिसकी वजह से वह आज इस पायदान पर खड़ा है। व्यावहारिकता से देखें तो इसके एक नहीं कई कारण है। सबसे पहला और महत्वपूर्ण कारण यह है कि उसने देशहित को सर्वप्रथम व सर्वोच्च माना। चीन ने कभी भी किसी कार्य को जो उसके हित में था, अनैतिक या असंभव नहीं माना, भले ही उससे विश्व बंधुत्व, ह्यूमन राइट्स या निजता का हनन हुआ हो। दूसरा, चीन ने ग्लोबल शक्ति बनने के लिए अपनी सामरिक दृष्टि को हमेशा स्थिर रखा एवं उसके लिए पावर-पोजीशन समग्र विकास का मूल मंत्र रहा। माओ के सिद्धांत "शक्ति बंदूक की नली से प्रवाहित होती है" को विस्तार देते हुए उसने मिलिट्री पावर के साथ-साथ आर्थिक शक्ति,

यदि हम विश्लेषण करें कि चीन ने पिछले 5– 6 दशकों में ऐसा क्या किया, ऐसी कौन सी नीतियां अपनाईं जिसकी वजह से वह आज इस पायदान पर खड़ा है। व्यावहारिकता से देखें तो इसके एक नहीं कई कारण है। सबसे पहला और महत्वपूर्ण कारण यह है कि उसने देशहित को सर्वप्रथम व सर्वोच्च माना।

औद्योगिक शक्तिव विनिर्माण शक्ति बनने पर भी जोर दिया और इस प्रक्रिया में उसने अनुसंधान एवं विकास व उन्नत प्रौद्योगिकियों का भरपूर सहारा लिया, भले ही यह उन्नत प्रौद्योगिकियां अनैतिक तरीके से प्राप्त की गई हों। चीन ने अपनी सैनिक शक्ति बढ़ाने के लिए एटोमिक एनर्जी के साथ-साथ एल्क्ट्रोमगनेटिक, स्पेस, स्टेल्थ, व साइबर प्रौद्योगिकियों पर विशेष ध्यान दिया है। इसी प्रकार चीन ने अपने प्राकृतिक संसाधनों को बढ़ाने के उद्देश्य से भूमि-विस्तारीकरण की नीति अपनाई व दूसरे देशों की सीमाओं पर अनैतिक कब्जा करने से भी नहीं गुरेज नहीं किया। अपनी आर्थिक क्षमताओं के दम पर चीन ने न जाने कितने छोटे बड़े देशों को अपनी परियोजनाओं के जाल में फंसाया, उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने के बहाने भारी-भरकम कर्ज दिया और फिर आर्थिक बोझ से दबे इन देशों को एक प्रकार से गिरवी सा रख लिया। आज विश्व के लगभग 100 से अधिक देश ऐसे हैं जो चीन के द्वारा दिए गए कर्ज के बोझ से दबे हैं। पड़ोसी देश पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, मयनमार, मालदीप व अन्य कई अफ्रीकन देश इसके उदाहरण है। हालांकि चीन की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं जैसे कि पुराना व्यापार सिल्क-रूटयाबेल्ट एंड रोड पहल(बीआरआई) से अब अनेक देशों का मोह भंग हो रहा है। विश्व भर में चीन की दूरगामी मूल नीति हमेशा एक ग्रेटर चीन की रही है जिसे वर्तमान राष्ट्रपति शीजिंगपिंग ने "उच्च गुणवत्ता विकास"से जोड़ कर प्रगति का एकसर्वमान्य बहुआयामी स्वरूप दिया है। इस अधिकारिक सिद्धांत के चलते चीन को हर क्षेत्र में सफलता के साथ शक्ति मिली है। चीन आज हर वैश्विक या रीजनल स्तर की संस्थाओं का सदस्य है, और अपनी स्वयं कि आवाज रखता है।

चीन की इकोनॉमी 18 ट्रिलियन डॉलर की है जो विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है तथा लगभग 13000 अमेरिकन डालर पर कैपिटाके साथ वह विश्व के समृद्ध देशों की गिनती में आता है। चीन का सालाना निर्यात 3800 विलियन डालर के लगभग है और वह अकेले ही पूरे विश्व के रक्षा बजट का 12 प्रतिशत खर्च करता है। स्वाभाविक है कि चीन का रुतबा अपनी आर्थिक, तकनीकी व सैनिक नीतियों के कारण है, जिसके दम पर वह भारत सहित 14 अन्य देशों से सीमा विवाद तथा इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में दबदबा बनाने का प्रयास कर रहा है। चीन के इसी दबदबे को नियंत्रित करने के लिए अमेरिका, जापान,भारत व ऑस्ट्रेलिया ने मिलकर साउथ एशियन रीजन/ साउथ चीन समुद्रीक्षेत्र में एक संगठन क्वाड की स्थापना की है। आशा की जाती है कि कुछ अन्य देश भी इस संगठन में शामिल होकर चीन की अनैतिक गतिविधियां रोकने में सफल होंगे। हालांकि चीन ने भी अपनी कूटनीति/मिलिट्री स्ट्रैटिजीमें बदलाव करते हुए रूस, नॉर्थ कोरिया, ईरान, तुर्की जैसे देशों से तालमेल बढ़ाया है। लेकिन यह बिल्कुल भी अप्रत्याशित नहीं है आज अमेरिका ही नहीं बल्कि उसके अन्य साथी देश भी चीन से भयभीत नहीं तो चौकन्ने अवश्य है।

यह सर्व विदित है, कि 1962 के बाद चीन की विश्वसनीयता में भारी कमी आई है। हम चीन की विस्तारवादी नीतियों के भुक्तभोगी आक्साईचिन से लेकर सिक्किम व अरुणाचल प्रदेश तक है। हाल में नेपाल, भूटान व मयनमार में उसकी गतिविधियां स्पष्ट करती है कि चीन एक चालाक, विस्तारवादी व वैश्विक महत्वाकांक्षा रखने वाला देश है जो अपने ग्रेटर चीन के सपने को पूरा करना चाहता है। संसाधनों के मानक से देखा जाए तो चीन की तुलना में हम काफी पीछे है। चीन विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के साथ एक ग्लोबल विनिर्माण केंद्रऔर जमीन से लेकर स्पेस तक उच्च टेक्नोलॉजी का केंद्र भी है। चीन के पास विश्व की सबसे बडी आर्मी व जहाजी बेड़ा है जिसकी मारक क्षमता विश्व में तीसरे नंबर की है। चीन की वायु सेना में लगभग 3200 विमान है, ड्रोन अलग से, इनमें 1000 अति-आधुनिक जे 20 व एसयू-35 लड़ाकू विमान है। चीन की न्यूक्लियर फोर्स में लगभग 500 वॉरहेड है, 300 भूमि आधारित मिसाइल सिस्टम है व 2500 के लगभग बैलिस्टिक, हाइपरसोनिक व वाईजे 18 क्रूस मिसाइल है। चीन की डीएफ 31 व डीएफ 41 मिसाइल तो 7000 से 15000 किलो मीटर तक की मारक क्षमता रखती है जिससे भारतीय उपमहाद्वीप ही नहीं, पूरा यूरोप व अमेरिका उसकी जद में आता है। हालांकि भारत की अपनी आर्थिक, सामरिक व सैनिक नीतियां भी सही रास्ते पर है और वह 3500 किलोमीटर लंबी चीन से सटी सीमा (एलएशी) पर अपने परिवहन व सैन्य ढ़ाचे को सड़कों, पुलों, सुरंगों व लैन्डिंग ग्राउंड के माध्यम से मजबूत कर रहा है, फिर भी चीन की तुलना में यह इन्फ्रस्ट्रक्चर, विशेषकर पूर्वी लद्दाख, आक्साईचिन्, पीओके सिक्किम व अरुणाचल प्रदेश में उतना मजबूत नहीं है, जितनी होनी चाहिए। हर्ष का विषय है कि भारत ने टेक्नो–राष्ट्रवाद के रास्ते पर चलते हुए विविध प्रेक्षाप्रास्त्रों, मल्टी पेलोड मिसाइल सिस्टम, एलएसी तेजस विमान, विमान वाहक, पनडुब्बी व इलेक्ट्रॉनिक वार फेयर के क्षेत्र में सराहनीय प्रगति की है।

हाल में एलएसी पर हुए समझौते से थोड़ी सी बर्फ अवश्य पिघली है और पूर्वी लद्दाख में शांति की उम्मीद जागी है। परंतु इसको स्थाई शांति मान लेना जल्दबाजी होगी। यह समझौता चीन की एक 'सामरिक वापसी' भी हो सकता है, जिसके दो मुख्य कारण है। पहला भारत द्वारा चीन से आयात में कमी, जो उसके आर्थिक हित में नहीं है। आज कोई भी देश भारतीय बाजार को नजरंदाज नहीं कर सकता और दूसरा चीन का विश्व भर में अनेकों मुद्दों पर उलझा होना। विश्व भर में चीन की सुस्त पड़ीव्यापारिक परियोजनाएं, यूक्रेन-रूस युद्ध व इसराइल-फिलिस्तीन-ईरानविवाद में उसका शामिल होना इस समझौते का एक बड़ा कारण हो सकती है। वैसे व्यावहारिकता में देखा जाये तो चीन ने इस समझौते में कुछ खोया नहीं है और न ही भारत को कोई जमीनी लाभ हुआ है। हां हमें अपनी संतुष्टि के लिए एक मनोवैज्ञानिक,फेस सेविंग का अवसर अवश्य मिल गया है।

## प्रसंगवश

# भारतीय ज्ञान-परंपरा

भारतीय ज्ञान-परंपरा पर विमर्श का अर्थ संकीर्ण तो नहीं हो सकता, जो अपने स्व को ही विस्मृत कर सके, जो अपने मम को ही विसर्जित कर सके, भला वह ज्ञान-साधना संकीर्ण कैसे हो सकती है?

ज्ञान-साधना में परिधियां नहीं होतीं, लकीरें नहीं होतीं, कैसे होंगी? लकीरें तो "मैं और मेरे" से ही शुरू होती हैं और "मैं और मेरे" पर आकर ही समाप्त हो जाती हैं, जहां न स्व है और न मम है, भला वहां लकीरें बेचारी क्या करेंगी?


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भारतीय ज्ञान-परंपरा दो धाराओं में बह रही है, लोके वेदे च। शास्त्र-परंपरा अर्थात मेधावी की परंपरा, मनीषी की परंपरा, परिनिष्ठित-साहित्य की परंपरा। दूसरी परंपरा लोक की परंपरा है, सामान्यजन की परंपरा, समष्टिजन की परंपरा। शंभुनाथ ने इसे क्लासिकल साहित्य और लोकज्ञान कहा है। दोनों परंपराओं का संबंध ऐसा है, जैसा मेघ और समुद्र में है। अन्ततः शास्त्र या मेधावी लोक में ही रह रहा है।

लेकिन चिन्ता की बात यह है कि आज का जो बौद्धिक है, वह इन दोनों ही परंपराओं से अनभिज्ञ है। उसने ज्ञान-परंपरा को केवल उतना ही जाना है, जितना उनके नेता ने उनको बतला दिया। एक तरह से यह दिमागी-गुलामी का परिदृश्य है। वह स्वयं सोच नहीं सकता।

एक धारा है, वह मान कर बैठी है कि भारत का आदमी कुछ कम-आदमी है, सारा ज्ञानविज्ञान पश्चिम में ही विकसित हुआ, वहां का आदमी कुछ ज्यादा-आदमी होता है। इसी में एक धारा है, जिसने स्वयं तो शायद ही मार्क्स को पढ़ा होगा, किन्तु उसके थिंकटैंक ने जो और जैसा बतला दिया, वह उसको रट रहा है, बार-बार एक ही प्रकार की शब्दावली का उच्चारण कर देता है। जब कभी पर्व त्योहारों को देखता है तो उच्च स्वर में विलाप करता है-यह अवैज्ञानिक है, यह अवैज्ञानिक है। वह वैज्ञानिकता को परिभाषित नहीं कर सकता। उसने किताब को जाना, जीवन को जाना ही नहीं।

इसी में एक धारा है, जिसके दिमाग में जाति का वायरस घुस बैठा है, जिसके कारण वह समस्त भारतीय ज्ञान-परंपरा को ब्राह्मण मान बैठा है।

# ड्रग तस्करों का नेटवर्क तोड़ने में अड़चनें

अब ड्रग ट्रैफिकिंग का ट्रेंड बदल रहा। स्मगलर नेचुरल ड्रग से सिंथेटिक ड्रग की ओर बढ़ रहे हैं। यह ड्रग्स कम मात्रा में आती है और इसकी कीमत सबसे ज्यादा होती है। जिस तरह से नशीले पदार्थों की तस्करी बढ़ रही है, उसे देखते हुए देश में फैल रहे ड्रग नेटवर्क का अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है। दिल्ली में दो हजार करोड़ रुपए मूल्य के नशीले पदार्थों की बरामदगी वाकई चौंकाने वाली है। दिल्ली ही नहीं, देश के अलग-अलग हिस्सों में हर साल हजारों करोड़ रुपए मूल्य के नशीले पदार्थ जब्त किए जाते हैं। इसके बावजूद बड़ी मात्रा में इन पदार्थों की खपत होती है और युवाओं का भविष्य चौपट हो रहा है।

अहम सवाल यह है कि सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद नशे का यह जाल दिन दूनी, रात चौगुनी प्रगति कैसे कर रहा है? क्या पुलिस और सरकारी एजेंसियों की मिलीभगत भी है? एक दशक पहले तक पंजाब को नशीले पदार्थों का केंद्र माना जाता था। वर्तमान में लगभग पूरा देश इसकी गिरफ्त में नजर आ रहा है। तमाम सरकारी प्रयास नाकाफी नजर आ रहे हैं। क्या नशीले पदार्थों की तस्करी का नेटवर्क इतना मजबूत है कि सरकार उसके सामने कमजोर नजर आ रही है? या फिर हमारे कानून में कमी है जिससे अपराधियों को सजा ही नहीं मिल पाती? कई देशों में नशीले पदार्थों को लेकर सरकारें कड़े कानून बना रही हैं।

भारत दो प्रमुख ड्रग उत्पादक क्षेत्रों-गोल्डन क्रिसेंट (ईरान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान) और गोल्डन ट्रायंगल (थाईलैंड-लाओस-म्यांमार) के बीच स्थित है, जो इसे अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के लिए संवेदनशील बनाता है। भारत में व्यापक रूप से उत्पादित और उपयोग किए जाने वाले दो ड्रग्स अफीम और भांग हैं। पोस्ता


डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

नशीले पदार्थों की तस्करी रोकना जरूरी है। इसके लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाए। लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए।

के पौधे से अफीम और भांग के पौधे से भांग प्राप्त होती है। दोनों को साइकोएक्टिव ड्रग्स कहा जाता है, जिनके प्रयोग से लत और स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

खबरों के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले की दो बड़ी जेलों में बंद 50 फीसदी कैदी नशा तस्करी के हैं। इसमें युवा और महिलाएं भी शामिल हैं। चिट्टा और अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने के लिए पुलिस ने मिशन क्लीन चला रखा है। इसके तहत नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। यही वजह है कि वर्तमान में जिले की दो जेल चिट्टा समेत अन्य नशों की तस्करी के मामले में पकड़े कैदियों से भर गई हैं। इसमें प्रदेश के साथ बाहरी राज्यों के तस्कर शामिल हैं।

कैथू जेल में वर्तमान में करीब 280 विचाराधीन और सजायाफ्ता कैदी हैं। इसमें चिट्टा समेत अन्य मादक पदार्थों की तस्करी में पकड़े कैदियों की संख्या 133 है, यानि करीब 50 फीसदी हैं। इसमें 8 महिलाएं भी शामिल हैं।

चिट्टे समेत अन्य नशों की लत लगने के बाद युवा इसकी तस्करी के अवैध कारोबार से जुड़ जाते हैं। चिंता की बात यह है कि इसमें 20 से 35 साल के युवाओं की संख्या अधिक है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि नशा तस्करी में कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थी भी पकड़े जा रहे हैं। इसके अलावा किशोर भी नशे के साथ पकड़े जा रहे हैं। गिरफ्तार युवाओं से पूछताछ में पता चला है कि पहले वह नशे के आदी थे और जब उनके परिजनों को इसका पता चला तो उन्हें पैसे देना बंद कर दिया है। इसके बाद नशा तस्करों ने उन्हें नशे के एवज में इसकी तस्करी करने के लिए मजबूर किया।

युवा पीढ़ी को बर्बाद करने वाले ऐसे कृत्य से जुड़े लोगों को सजा दिलाने के लिए भारत में भी कड़े कानून बनाने की जरूरत है। अलग-अलग राज्यों की पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल और समन्वय की भी जरूरत है। साथ ही आम जनता का सहयोग भी लिया जाना चाहिए, ताकि नशे के नेटवर्क का समय रहते पता चल सके और उसे तोड़ा जा सके।

नशीले पदार्थों की तस्करी रोकना जरूरी है। इसके लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाए। नुक्कड़ नाटकों, पर्चों, बैनर-पोस्टर के द्वारा लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए। सभी कार्यालयों में गुटखा, तम्बाकू या अन्य प्रकार का नशा करने पर कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

वहीं मादक पदार्थों की तस्करी के मुकदमों की समीक्षा भी होनी चाहिए। मादक पदार्थों की तस्करी में पकड़े गए लोगों को कितनी सजा मिली और अगर नहीं मिल पाई तो क्यों? अगर कानूनी दांवपेच के चलते किसी को सजा नहीं मिल पाई तो इसके लिए आखिर किसे दोषी माना जाए? तस्करों से सांठगांठ के चक्रव्यूह को तोड़ने में आ रही अड़चनों को दूर किए बिना अपेक्षित परिणाम की उम्मीद करना बेमानी होगा।

## सोशल फोरम

# ध्रुव तारे की कहानी

2013 में सेवा निवृत्त होने के बाद कुछ समय दून में रहना पड़ा। पिताजी जाड़े के दिनों में कुछ दिन के लिए आ जाते थे। टेरेस में अंगीठी जलाकर दोनों बैठ जाते तो कुछ प्रसंग चर्चा में आ जाते थे। उनके पास नव्वे वर्ष की उम्र में पांच पीढ़ियों के किस्से थे। कोशिश करता कि उनकी रूचि आकाशीय पिंडों में जगाई जाए तो एक सायं काल उनको ध्रुव तारे को बताया तो बोले कि ध्रुव तो बहुत चमकदार होता है। बाल्यकाल में वे हमको शरद ऋतु में यह कहकर जगा देते थे, अगस्त्य तारा उदय हो गया है और अगस्त्य दक्षिणी गोल का चमकीला तारा है, जो पहली सितंबर के आसपास दिखाई देना शुरू करता है। ध्रुव का अर्थ है स्थिर या अटल। यह नाम इसलिए दिया गया है कि यह तारा हमें लगभग सदा एक ही स्थान पर दिखाई देता है। इसके परिभ्रमण का अंदाज तभी हो पाता है जब आप किसी ऐसे स्थान पर निवास करते हैं जहां पर से यह ठीक उत्तरी क्षितिज पर दिखाई देता है। यह सौभाग्य मुझे फरसौली के मकान में मिला और यह स्पष्ट हो गया कि पृथ्वी से यह हमेशा एक स्थान पर दिखाई देने वाला तारा वस्तुत एक छोटे-से वृत्त में परिभ्रमण करता दिखाई देता है। चुम्बकीय उत्तर से से कुछ अंश के विचलन पर इसकी स्थिति है और यह पृथ्वी का भौगोलिक उत्तर पर स्थित है। सप्तर्षि मंडल के पहले दो तारे क्रतु और पुलह की सीधी रेखा में इसकी स्थिति है। आजकल अब सुबह सूर्योदय से पहले सप्तर्षि मंडल के तारे पूर्व में दिखाई देने आरंभ हो गए हैं। सुबह शय्या त्याग कर पहले दो तारों की सीधी रेखा में इसे पहचान लीजिए और रात्रि को देखिए तो यह लगभग उसी स्थान पर आपको दिखाई देगा। इसका कांतिमान सप्तर्षि मंडल के (अंगिरा को छोड़कर) तारों से कम है अर्थात कम चमकदार है। भूमध्य रेखा से नीचे नहीं देखा जा सकता है। हमारे स्थान में तीस अक्षांश उत्तर से यह तीस अंश ऊपर दिखाई देता है और उत्तरी ध्रुव प्रदेश में ठीक सिर के ऊपर दिखाई देगा। स्व. पिता का संदर्भ इसलिए लेना पड़ा कि अधिकांश लोगों को ध्रुव की कहानी सुनकर यह ग़लत फहमी रहती है कि ध्रुव तारा चमकदार है, जबकि यह एक मन्दकांति का तारा है।


रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

-फेसबुक वॉल से

# नौकर आसान बनाते हैं हमारी ज़िंदगी को

मेरी सलाह तो यही है कि नौकर की रोज रोज बेइज़्ज़ती करना ठीक नहीं। उसे पुचकारते भी रहें। उससे सब्ज़ी ख़रीदने के बाद बचे पैसे वापस लेना भूल जाएं। आपका भला ही होगा इससे। दरअसल इस बात की पूरी गुंजाइश है कि वो आपके बारे में ऐसा बहुत कुछ जानता हो सकता है जो आप जमाने से छुपाना चाहते हैं। उससे क़ायदे से पेश आएं,पर अपनी गोद में भी ना बिठा लें वरना वो आपकी जायदाद से हिस्सा मिलने का तमन्नाई हो सकता है। नौकर के ग़लतियां करने पर झींके नहीं। उसका गलती करना इस बात की ग्यारंटी है कि उसे आपका कोई मिलने वाला या पड़ोसन उड़ाकर नहीं ले जाएगी। अपनी सहेलियों के सामने अपने नौकर की तारीफ़ करने से बचें ताकि नौकर बचा रहे। यदि आपके नौकर आपके साथ टिकते नहीं, हर साल छह महीने में आपको नए नौकरों की तलाश करनी पड़ती है तो आपको एक मिनट रुक कर अपने बर्ताव पर गौर करने की ज़रूरत है। आपके नौकरो का लंबे वक्त तक आपके साथ बने रहना आपके दिल के बडे होने की तस्दीक़ करता है।

वैसे लंबे वक्त तक साथ बना रहा नौकर आपके साथ सोफ़े पर तो नहीं बैठता पर आपके सर पर ज़रूर बैठने लगता है। मेरे एक दोस्त के यहां उसके बाप के जमाने से टिका नौकर उसके लिए रोटी सेंकने के पहले अपने लिए पराठे बनाता है और देर से घर लौटने पर सवाल पूछने के अलावा डांटता भी है।

नौकर पर बेवजह चीखें चिल्लाए नहीं। वो आपका पति नहीं है। पति और नौकर में मजबूरी और ज़रूरी जैसा अंतर है। नौकर पति जितना उपयोगी तो नहीं होता पर उसके आसपास की चीज तो है ही। पति और नौकर मे सबसे बड़ा अंतर यह कि नौकर


मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

नौकर के ग़लतियां करने पर झींके नहीं। उसका गलती करना इस बात की ग्यारंटी है कि उसे आपका कोई मिलने वाला या पड़ोसन उड़ाकर नहीं ले जाएगी। अपनी सहेलियों के सामने अपने नौकर की तारीफ़ करने से बचें ताकि नौकर बचा रहे।

पति होने के लिए हमेशा राजी रहता है,जबकि पति नौकर होने में आनाकानी करता है। पति पिंड छोड़ता नहीं जबकि नौकर को सहेजना पड़ता है।

नौकर बना रहे साथ ,इसके लिये उससे क़ायदे से पेश आएं। उसे वक्त पर पूरी तनख़्वाह दें और गाहें बगाहे उसे छुट्टी देने से इनकार ना करें। इधर उधर सौ पचास के नोट बिखरा कर उसकी अग्निपरीक्षा न लें। दोपहर में झपकी लेने का मौक़ा दें। साल में दो बार पेंट शर्ट , दिवाली पर मिठाई और होली पर दारू की बोतल दिलवा देंगे,उ से तो ग़रीब नहीं हो जाएंगे आप। इससे वह आपके लिए टिकाऊ बना रहेगा।

और फिर नौकर को आदमी समझें। मुस्कुरा कर बात करें। उसके काम मे हाथ बटाएं। यही बातें है जो उसे रोक कर रख सकती हैं आप के पास। वरना याद रखिए ,बाज़ार में उनकी मांग ज्यादा है आपसे। और फिर हम में से कौन नौकर नहीं ? जो नौकरी कर रहा वो सब नौकर। नौकर से अच्छा बर्ताव करने के वाक़ई बडे फ़ायदे हैं। वो आपको यह खबर लाकर दे सकता है कि अड़ोस पडौस के लोग आपके बारे में क्या सोचते हैं। कौन सा दूधवाला कम पानी मिलाता है या किसकी लड़की कब किसके साथ भागने वाली है। नौकर के साथ घटिया ढंग से पेश आएंगे आप तो वो आपकी चाय में थूक सकता है। आपको जब उसकी सबसे ज्यादा जरूरत हो आपको अपनी सास की देवरानी की तेरहवीं होने की सूचना दे कर गायब हो सकता है। किसी दिन नाराज़ होकर डाकुओं के लिए दरवाजा खोल सकता है। इससे भी बुरा कर सकता है वो। वो अपनी अम्मा की क़सम खाकर ,आपकी सास को आपके उन लफ़ड़ों के बारे में बता सकता है जो आपने कभी किए ही नहीं।

नौकर आसान बनाते हैं हमारी ज़िंदगी को। और वह आसान बनी रहे इसके लिए नौकर का थोड़ा सा बेवकूफ होना बेहद ज़रूरी है। सोचिए यदि वो थोड़ा ज्यादा अक्लमंद होता तो आपकी नौकरी करता ही क्यों ? बेहतर दिमाग़ होता उसके पास तो वो आपको मुलाजिम रख सकता था। ऐसे मे उसकी बेवक़ूफ़ियों को हंस कर टालें और उसे पुचकार कर रखें। बहुत सी महिलाएं अपने नौकर से एक साथ बेहतरीन ख़ानसामा, अच्छा ड्राइवर और भरोसेमंद चौकीदार होने की उम्मीद करती है और यह भूल जाती है कि वफ़ादार पति और हरफ़नमौला नौकर केवल क़िस्सों में पाए जाते हैं। ऐसे में वो पति और नौकर से हमेशा दुखी और नाराज़ बनी रहती हैं। अब आप तय कर लें कि आपको भुनभुना कर अपने नौकर के साथ साथ अपनी खुद की ज़िंदगी मे ज़हर घोलना है या उससे इंसानियत से पेश आकर पांव फैलाकर सोना है।

# कैलाश का 'आप' के लिए बड़ा झटका

दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने मंत्री पद और आप पार्टी से विधानसभा चुनाव से दो महीने पहले इस्तीफ़ा देकर केजरीवाल की राजनीति को बड़ा झटका दे दिया है। कैलाश गहलोत आप पार्टी के कोई छोटे मोटे नेता नहीं थे, केजरीवाल के मुख्य मंत्री पद से इस्तीफ़ा देने के बाद उनका नाम मुख्यमंत्री के लिए भी अग्रणी क़तार में था। केजरीवाल की अनुपस्थिति में इस वर्ष पंद्रह अगस्त को दिल्ली में झंडा भी उन्होंने ही फहराया था। वह बाह्य दिल्ली के नजफ़गढ़ से विधायक हैं और बाहरी दिल्ली के लोगों के बीच अच्छी पैठ रखते हैं!


राकेश शर्मा
निवर्तमान अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

इस बहुत बड़ी घटना के बाद आम आदमी ने इसे बहुत हल्के में लिया है और दिल्ली की अस्थायी मुख्यमंत्री ने कैलाश गहलोत का इस्तीफ़ा तुरंत प्रभाव से स्वीकार कर एक संदेश देने का प्रयास किया है की वह इस वज्रपात से बिल्कुल विचलित नहीं हैं।

इस इस्तीफ़े को भी उन्होंने पार्टी के संयोजक अरविंद केज़रीवाल के उसी अहंकार की तरह लिया जिससे उन्होंने पार्टी के संस्थापक सदस्यों योगेंद्र यादव, प्रशांत भूषण, कुमार विश्वास, शाजिया इल्मी, कमांडर राम दास , कपिल मिश्रा इत्यादि के पार्टी छोड़ते वक़्त दिखाया था। इन सभी ने आप पार्टी छोड़ते हुए कहा था कि पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र नहीं है, वहां सिर्फ़ केजरीवाल का माई वे या हाई वे चलता है। उनसे मतभिन्नता वाले सदस्यों को बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है। लेकिन आज कैलाश गहलोत का इस्तीफ़ा पहले पार्टी छोड़कर गए संस्थापक सदस्यों से बिल्कुल भिन्न है।

चुनाव के मौक़े पर इस्तीफ़े की चिट्ठी में जो बातें उन्होंने लिखीं हैं, उससे केजरीवाल की प्रतिष्ठा पर गहरा दुष्प्रभाव पड़ना अत्यावश्यक है, इससे केजरीवाल उभर भी पाएंगे या नहीं यह भविष्य के गर्भ में निहित हैं।

आप के मंत्रि परिषद के महत्वपूर्ण सदस्य कैलाश गहलोत ने चर्चित आरोपों की पुष्टि करते हुए कह दिया कि आप पार्टी ने भ्रष्टाचार समाप्त करने के वायदे के साथ दिल्ली में सरकार बनाई थी लेकिन दिल्ली सरकार का हर विभाग भ्रष्टाचार में डूबा है। अंदर की बातें जानने वाले एक मंत्री का यह बहुत ही गंभीर आरोप है। उन्होंने केजरीवाल के यमुना की सफ़ाई के झूठे वायदे की याद दिलाते हुए कहा कि यमुना में प्रदूषित झाग अनवरत जारी है, शीश महल घोटाले पर उन्होंने शर्मिंदगी दिखाई। उन्होंने यह भी लिखा की पिछले दस वर्ष में केजरीवाल ने दिल्ली वालों की भलाई के लिए कुछ नहीं किया सिर्फ केंद्र सरकार से लड़ते ही रहे। उनकी बातों में ईमानदारी परिलक्षित हो रही है।

उधर आम आदमी पार्टी के छद्म प्रवक्ता दुर्गेश पाठक और संजय सिंह टीवी चैनलों पर आकर कह रहे हैं कि ईडी और इनकम टैक्स के भय के कारण कैलाश गहलोत ने पार्टी छोड़ दी है। जबकि कैलाश गहलोत ने आप के भ्रष्टाचार और झूठ के शक को विश्वास में बदल दिया है।

# बैंक में नामित व्यक्ति मृतक के पैसों का मालिक नहीं:हाईकोर्ट

## सिविल जज मुरादाबाद ने खारिज कर दिया था मुकदमा

विधि संवाददाता,प्रयागराज



**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बैंक से प्राप्त धन पर लागू उत्तराधिकार कानून को स्पष्ट करते हुए बताया कि खाताधारक की मृत्यु के बाद नामांकित व्यक्ति को बैंक से धन प्राप्त करने का अधिकार है, लेकिन प्राप्त धन उत्तराधिकार कानूनों के अधीन होगा। मृतक के उत्तराधिकारियों का कानून के अनुसार उक्त राशि पर अधिकार होगा। बैंकिंग विनियमन अधिनियम,1949 की धारा 45- जेडए (2) केवल नामांकित व्यक्ति को जमाकर्ता की मृत्यु के बाद उसके स्थान पर रखती है। उसे खाते में पड़े धन को प्राप्त करने का विशेष अधिकार देती है। यह उसे जमाकर्ता के खाते के संबंध में जमाकर्ता के सभी अधिकार प्रदान करती है, लेकिन यह किसी भी तरह से नामित व्यक्ति को खाते में पड़े पैसे का मालिक नहीं बनाती। उसे पैसों को ट्रस्ट में रखना होता है और उत्तराधिकारियों की अनुमति से ही वह पैसे का अधिकारी बनता है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित की खंडपीठ ने मनोज कुमार शर्मा की याचिका को निस्तारित करते हुए पारित किया। मौजूदा मामले में याची ने 8 फरवरी, 2020 को अपनी मां की मृत्यु के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा में बनाए गए एफडीआर खातों में जमा राशि को नामित व्यक्ति और कानूनी उत्तराधिकारी के रूप में अपने पक्ष में जारी करने की मांग करते हुए हाईकोर्ट के समक्ष वर्तमान याचिका दाखिल की, जिसमें दावा किया कि वह धारा 45- जेडए के अनुसार पैसे प्राप्त करने का हकदार है।

याची ने कोर्ट को बताया कि सिविल जज (सीनियर डिवीजन), मुरादाबाद ने उनके उत्तराधिकार के मुकदमे को इस आधार पर खारिज कर दिया कि याची की मां की कथित वसीयत को रद करने के लिए एक और मुकदमा लंबित है। सरकारी अधिवक्ता ने याची के दावे का विरोध करते हुए कहा कि भले ही याची को धन दिया जाना आवश्यक हो, लेकिन याची को उसे मृतक के कानूनी उत्तराधिकारियों के लिए ट्रस्ट में रखना होगा। कोर्ट ने बैंक ऑफ बड़ौदा को तीन सप्ताह के भीतर याची के पक्ष में एफडीआर में पड़ी राशि जारी करने का निर्देश दिया और याची को बैंक ऑफ बड़ौदा के समक्ष एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया कि उसे जो पैसा मिलेगा, वह ट्रस्ट में रखेगा व कानूनी उत्तराधिकारियों को तय होने पर भुगतान करने का वचन देगा।

## आगरा में 11वीं की छात्रा से कैफे में दुष्कर्म, 3 गिरफ्तार

**आगरा, एजेंसी:** सदर थाना क्षेत्र स्थित एक कैफे में 11वीं कक्षा की छात्रा के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों की पहचान यशपाल, अरूण और प्रवीण के तौर पर हुई है। उन्होंने शिकायत के हवाले से बताया कि 19 वर्षीया लड़की 11 नवंबर को स्कूल जा रही थी तभी उसका जानकार यशपाल उसे बहला-फुसलाकर एक कैफे में ले गया जहां उसने अरूण और प्रवीण को भी बुला लिया तथा तीनों ने कैफे में बने केबिन में उसके साथ बलात्कार किया और घटना का वीडियो बना लिया। आरोप है कि यशपाल ने पीड़िता से एक हजार रुपये भी मांगे और रकम नहीं देने पर उसने घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। थाना सदर प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि पीड़िता का बयान दर्ज कर लिया गया है। कैफे का सीसीटीवी कैमरा खराब मिला। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान होने के बाद रविवार को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में कैफे संचालक को भी नोटिस दिया गया है।

## दरोगा को जाना था भतीजी की शादी में, विदाई बाद मिली छुट्टी

- छुट्टी का आवेदन तीन अलग-अलग अधिकारियों ने दबाए रखा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बुलंदशहर पुलिस विभाग की कार्यशैली राजधानी में बैठे उच्चाधिकारियों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। एक दरोगा ने अपनी भतीजी की शादी के लिए छुट्टी मांगी थी। छुट्टी तब स्वीकृत हुई जब भतीजी की विदाई भी हो गई है। तीन अलग-अलग अधिकारियों ने अवकाश का आवेदन दबाए रखा। प्रकरण जब सोशल मीडिया पर चला तो लोग व्यंग्य करने लगे।

दरअसल, यह घटना बुलंदशहर पुलिस के प्रशासनिक कार्यों पर सवाल खड़े कर रही है। छुट्टी के मामूली आवेदन को तीन अधिकारियों द्वारा 12 दिन तक दबाए रखना और समय पर अनुमति न देना, पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगाता है।

इस बीच एसएसपी बुलंदशहर श्लोक कुमार व लखनऊ में बैठे अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया। शुरुआती छानबीन के बाद सीओ खुर्जा भास्कर मिश्रा और एसओ अरनिया के खिलाफ एसएसपी ने जांच के आदेश दे दिए हैं। जांच का जिम्मा एसपी क्राइम बुलन्दशहर को दिया गया है। श्लोक कुमार ने बताया कि इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### क्या है पूरा प्रकरण

बुलंदशहर के अरनिया कोतवाली में तैनात दरोगा सुभाष कुमार ने 5 नवंबर को एक प्रार्थना पत्र 12 से 17 नवंबर तक की छुट्टी के लिए, एसएसपी बुलंदशहर को लिखा था। जानकारी दी थी कि 12 नवंबर को भतीजी की सगाई और 15 नवंबर को भतीजी की शादी है। इसके बाद पहले पत्र कोतवाली अरनिया में इंस्पेक्टर साहब के पास रखा रहा। 11 तारीख को सीओ खुर्जा के पास भेजा गया। इसके बाद को सीओ ऑफिस से छुट्टी का पत्र 15 नवंबर को एसपी देहात के ऑफिस भेजा गया। फिर 10 दिन बाद अवकाश तब मिला, जब भतीजी की विदाई हो चुकी थी।

## सार-संक्षेप

### आईपीएस हिमांशु कुमार को राहत, जांच समाप्त



**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार ने आईपीएस अधिकारी हिमांशु कुमार के खिलाफ चल रही सभी लंबित मामलों को बंद कर दिया है। वर्ष 2020 से यह मामले चल रहे थे, उस दौरान आईपीएस अधिकारी वैभव कृष्ण ने आरोप लगाया था कि कुछ वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों ने रुपये देकर ट्रांसफर और पोस्टिंग कराई है। इस विवाद के बाद हिमांशु कुमार सहित अन्य अधिकारियों के खिलाफ विभागीय और सतर्कता (विजिलेंस) जांच के आदेश दिए गए थे। अब विभागीय जांच समाप्त होने की बात सामने आई है। इससे हिमांशु कुमार को बड़ी राहत मिली है। 2010 बैच के आईपीएस अफसर हिमांशु कुमार वर्तमान में मणिपुर हिंसा में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गठित विशेष जांच टीम (एसआईटी) के सदस्य हैं। गौतमबुद्धनगर के तत्कालीन एसएसपी वैभव कृष्ण ने जनवरी, 2020 में शासन को गोपनीय पत्र लिखकर पांच आइपीएस अफसरों डॉ. अजय पाल शर्मा, हिमांशु कुमार, सुधीर कुमार सिंह, राजीव नारायण मिश्रा और गणेश शाहा पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद शासन ने पांचों आइपीएस अफसरों को उनके पदों से हटा दिया था।

### उपचुनाव के कारण 20 नवंबर को बंद रहेगा हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** प्रयागराज में विधानसभा उपचुनाव होने के कारण 20 नवंबर 2024 यानी बुधवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में अवकाश की घोषणा हुई है और अधिवक्ताओं को मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर प्रदान करने के लिए फोटो आइडेंटिफिकेशन सेंटर भी उक्त तिथि को बंद रहेगा। इसके अलावा उपरोक्त तिथि पर इलाहाबाद हाईकोर्ट मेडिएशन सेंटर भी बंद रहेगा। उपरोक्त जानकारी संयुक्त सचिव (प्रशासन) सुमित कुमार श्रीवास्तव ने दी है।

### सहारनपुर में 30 साल से फरार आतंकी गिरफ्तार

**सहारनपुर,एजेंसी :** सहारनपुर के संवेदनशील नगर देवबंद में 25 जून 1993 को आधी रात के करीब यूनियन तिराहे पर पुलिस पिकेट पर बम फेंकने के आरोपी को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बम फेंकने की वारदात में शामिल आतंकी नजीर अहमद वानी उर्फ मुस्ताक उर्फ मुस्तफा उर्फ जावेद इकबाल निवासी इंजक शरीफाबाद थाना पारिमपुरा जिला बडगांव कश्मीर को एटीएस और देवबंद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक देहात सागर जैन ने सोमवार को बताया कि वह 30 साल से फरार था और उस पर 25 हजार का इनाम घोषित था। सागर जैन ने बताया कि गिरफ्तार आतंकी का संबंध आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिद्दीन से है। वर्ष 1993 में उसके द्वारा पुलिस पिकेट पर फैंके गए ग्रेनेड में कांस्टेबल कन्हैया लाल, कांस्टेबल अंर्जुमन अली और दो नागरिक जयप्रकाश सैनी और सुखबीर निवासी देवबंद घायल हुए थे। उस घटना में नजीर अहमद वानी का नाम सामने आया था। पुलिस ने उसे देवबंद से 26 मई 1994 को फर्जी दस्तावेजों के साथ गिरफ्तार किया था। वह पिछले तीस वर्षों से कोर्ट में पेश नहीं हुआ था और फरार चल रहा था।

### सॉल्वर से परीक्षा दिलाने वाला अभ्यर्थी गिरफ्तार

**लखनऊ,अमृत विचार :** कृष्णानगर पुलिस ने सोमवार को परीक्षा में अपने स्थान पर सॉल्वर बैठाने वाले अभ्यर्थी को गिरफ्तार कर लिया है। अभ्यर्थी के खिलाफ जुलाई 2023 में कृष्णानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी विवेकानंद वार्ष्णेय उत्तराखंड के रुद्रपुर ऊधम सिंह नगर के वार्ड नंबर 20 आवास विकास का रहने वाला है। कृष्णानगर स्थित विश्व भारती शांति निकेतन विद्यालय की केंद्र प्रभारी प्रियंका सोनी ने जुलाई 2023 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें आरोप था कि एडुक्विटी करियर टेक्नोलॉजी की तरफ से परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस दौरान परीक्षा दे रहे पुलकित गुप्ता की गतिविधियां संदिग्ध दिखीं। उसकी जांच की गई और पूछताछ किया गया। पूछताछ में पुलकित ने अपना नाम विवेकानंद बताया था। दस्तावेज और पुलिस की जांच में सामने आया कि वह सॉल्वर है। पुलिस ने पुलकित को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

## यूपी बोर्ड : 5,44,38,597 परीक्षार्थी देंगे 7,657 केंद्रों पर परीक्षा

**लखनऊ, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने वर्ष 2025 के लिए हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। इस बार परीक्षाएं 24 फरवरी 2025 से 12 मार्च तक होंगी।

परीक्षा के लिए 5,4438,597 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। इसमें हाईस्कूल के 27,40,151 और इंटरमीडिएट के 26,98,446 परीक्षार्थी शामिल हैं। ये परीक्षार्थी 7657 केंद्रों पर परीक्षा देंगे।बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है। इसके अनुसार परीक्षाएं दो पालियों में कराई जाएंगी। पहली पाली सुबह 8:30 से 11:45 बजे तक और दूसरी 2:00 बजे से 5:15 तक होगी। परीक्षा फुलप्रूफ सुरक्षित बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लेकर सीसीटीवी, अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों और साफ्टवेयर की मदद ली जाएगी। परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम में अनधिकृत रूप से घुसने पर बोर्ड मुख्यालय प्रयागराज और लखनऊ के कमांड कंट्रोल सेंटरों पर अलर्ट संदेश पहुंच जाएगा।

## 9 सीटों पर उपचुनाव के लिए प्रचार थमा

**लखनऊ, अमृत विचार:** राज्य की 9 सीटों के लिए होने जा रहे उपचुनाव में सोमवार को शाम पांच बजे चुनाव प्रचार थम गया। 20 नवंबर को मतदान और इसके बाद 23 नवंबर को मतगणना होगी। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को जहां झारखंड दौरे पर रहे वहीं, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने फूलपुर में भाजपा उम्मीदवार दीपक पटेल के समर्थन में रैली की।इससे पहले उपचुनाव के प्रचार में मुख्यमंत्री, दोनों उपमुख्यमंत्रियों समेत सत्तारूढ़ भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेताओं ने जमकर प्रचार किया।

## सभी अस्पतालों में फायर सेफ्टी ऑडिट कराएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बैठक में दिए निर्देश

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि झांसी मेडिकल कॉलेज में हुई हृदय विदारक घटना की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। इसके लिए समय-समय पर अस्पताल परिसरों में फायर सेफ्टी ऑडिट कराए जाएं। इलेक्ट्रिक वायरिंग की नियमित जांच हो। हाइड्रेंट के पाइप भी देखे जाएं।

उन्होंने कहा कि आग लगने की स्थिति में जब बिजली सप्लाई बंद कर दी जाती है तो अंधेरा हो जाता है। इससे निपटने के लिए इमरजेंसी बैटरी वाली लाइटें स्थापित की जाएं। एनेक्सी भवन में सोमवार को उप मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ झांसी अग्निकांड को लेकर बैठक कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी अस्पतालों में अग्निशमन की पर्याप्त व्यवस्था रहे। समय-समय पर मॉकड्रिल कराई जाएं। उपकरणों की नियमित जांच हो। हर दिन चिकित्साधिकारी अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ अस्पताल परिसर का निरीक्षण करें। कोताही बरतने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

ब्रजेश पाठक ने कहा कि आईटी, आईसीयू, एनआईसीयू में अग्निशमन विभाग द्वारा प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मचारियों की आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में तैनाती की जाए। धुआं निकालने के लिए एक्जॉस्ट फैन रहें। अस्पताल परिसर में स्क्रैप बिलकुल न हो। कबाड़ का तुरंत निस्तारण किया जाए। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिला स्तरीय अस्पतालों, मेडिकल कॉलेज के अलावा सीएचसी-पीएचसी पर भी अग्निशमन के पर्याप्त साधन उपलब्ध रहें। सभी अस्पतालों को चेक लिस्ट भेज दी गई है।

# धर्म दर्शन

## समस्त लोकों के अधिपति गंधर्व



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

ऋषि वेन अर्थात आत्मप्रकाश युक्त साधक हैं। वे ही ऋतरूप ब्रह्म या परमात्मा को जान पाते हैं। ऋषि कहते हैं, अंतःकरण अथवा अनुभूति रूपी गुफा मे जो सत्य, ज्ञान आदि लक्षण वाला ब्रह्म है, जिसमें समस्त जगत विलीन हो जाता है, उस श्रेष्ठ परमात्मा को वेन (आत्मज्ञान युक्त साधक) ने देखा। उसी ब्रह्म का दोहन करके प्रकृति ने नाम- रूप वाले भौतिक जगत को उत्पन्न किया। आत्मज्ञानी मनुष्य उस परम ब्रह्म की स्तुति करते हैं। इस ब्रह्म के तीन पद हृदय की गुफा में विद्यमान हैं। जो मनुष्य उसे ज्ञात कर लेता है, वह पिता का भी पिता अर्थात सबके उत्पत्तिकर्ता ब्रह्म का भी ज्ञाता हो जाता है। वह ब्रह्म हमारा पिता, जन्मदाता तथा भाई है। वही समस्त लोकों तथा स्थानों को जानने वाला है। वह अकेला ही समस्त देवताओं के नामों को धारण करने वाला है।

ब्रह्मज्ञानी का कथन है, मैं शीघ्र ही द्यावा-पृथिवी को तत्त्व दृष्टि से जान गया हूं, अतः ऋत (परमसत्य) की उपासना करता हूं। जिस प्रकार वक्ता के अंदर वाणी विद्यमान रहती है, उसी प्रकार वह ब्रह्म समस्त लोकों में विद्यमान रहता है और वही समस्त प्राणियों को धारण तथा पोषण करने वाला है। निश्चित रूप से अग्नि भी वही है। जहां अमृत सेवन करने वाले, समान आधार वाले देवगण विचरण करते हैं, उस ऋत (परमसत्य) के ताने-बाने को मैंने अनेक बार देखा है। भुवनपति नामक दूसरे सूक्त के देवता गंधर्व-अप्सरा हैं। गंधर्व अर्थात गांधर्वः- गां से भूमि, किरण, वाणी, इंद्रिय आदि का बोध होता है। धर्वः धारक अथवा पोषक को कहते हैं। इस प्रकार गंधर्व का अर्थ है, पृथ्वी को धारण करने वाला। अप्सरा अर्थात अप्- सरस्। अप् (जल) सृष्टि के प्रारंभ में उत्पन्न मूल क्रियाशील तत्व है। अप् के आधार पर चलने वाली विभिन्न शक्तियां-प्राण की अनेक धाराएं गंधर्व पत्नियां कही गई हैं। इस प्रकार इस सूक्त के मंत्र अंतरिक्ष, प्रकृति एवं शरीर में संचालित प्राण प्रक्रिया पर भी प्रकाश डालते हैं।

ऋषि कहते हैं, जो दिव्य गंधर्व, पृथ्वी आदि लोकों को धारण करने वाले एकमात्र स्वामी हैं, वे ही इस संसार मे नमन करने योग्य हैं। हे परमात्मन्! आपका निवास द्युलोक मे है। हम आपको नमन करते हैं तथा उपासना द्वारा आपसे मिलते हैं। समस्त लोकों के एकमात्र अधिपति गंधर्व (पृथ्वी को धारण करने वाले) द्युलोक में विद्यमान रहने वाले, दैवी आपदाओं के निवारक तथा सूर्य के आवरण रूप हैं। सबके सुखदाता वे हमें भी सुख प्रदान करें। प्रशंसनीय रूपों वाली अप्सराओं (किरण रूपी प्राण-धाराओं) से गंधर्वदेव युक्त हो गए हैं। इन अप्सराओं का निवास अंतरिक्ष है।

## देवमंडल और लोकदेव-देवियां



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

हमारी प्राचीन भारतीय धार्मिक-सांस्कृतिक परंपरा का चिरपुरंतर निरंतर प्रवाहमान इतिहास का पूरे विश्व में अप्रतिम स्थान है। अथर्ववेद की अमृत, कभी भी न भूलने वाली इस आर्षवाणी का उद्घोष सदैव विश्व भर के निष्पक्ष चिन्तकों का मार्गदर्शक बना रहेगा:- "जनं विभ्रती बहुधा विवाचसम्, नाना धर्माणं पृथिवी यथौकसम् (अथर्ववेद, 12/1/45)-अर्थात मनुष्य विविध प्रकार की भाषाएं बोलता है तथा विभिन्न धर्मों को मानता है, का अमर संदेश, हमारी अनेकता में एकता के सिद्धांत को जीवन्त बनाए रखने में सक्षम है। लोकधर्म या जनधर्म में प्रारम्भ से ही इसका अति महत्वपूर्ण स्थान रहा है।

हमारे प्राचीनतम वैदिक साहित्य से यह भली-भांति स्पष्ट है कि प्रारंभ से ही वैदिक देवमंडल के देवों और देवियों के साथ ही प्रकृति की उपासना और लोकदेवों-देवियों को एकसाथ लेकर चला गया है। यह हमारी धार्मिक-सांस्कृतिक समन्वयवादी सोच का ही परिणाम है कि यहां विभिन्न देवी देवताओं के पूजक और आलोचक, आस्तिक और नास्तिक सभी हिन्दू रहे हैं। यही नहीं कालान्तर में स्वयं को अनीश्वरवादी कहने वाले जैन और बौद्ध भी सनातनियों की मान्यताओं के प्रभाव से मुक्त नहीं हो सके। यही कारण है कि वृक्ष, नदी, सरोवर, यक्ष या वीर ब्रह्म आदि लौकिक परंपरा या लोकधर्म के प्रभाव से वेद, ब्राह्मण, उपनिषद, गृह्यसूत्र संस्कृत महाकाव्य (रामायण, महाभारत), पुराण, बौद्ध-जातक, बौद्ध पालि साहित्य, जैन आगम, भाष्य, विभिन्न भारतीय भाषाओं के ग्रंथ, सभी में इसका समावेश है। लौकिक या ग्राम्य परंपरा में प्रतिष्ठित प्रकृति तथा बीरब्रह्म एवं स्वतंत्र रूप से पूजित कई देवियों देवताओं, का कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक, गुजरात महाराष्ट्र से लेकर बंगाल और उड़ीसा सहित भारतीय पूर्वोत्तर राज्यों में विभिन्न नामों से पूजा या उपासना प्रचलित है। ऐसा नहीं है कि इस पूजा पद्धति का विरोध नहीं हुआ। विस्तार भय से मैं मात्र एक ही उदाहरण देना चाहता हूं। श्रीमद्भगवद्गीता में, भगवान श्रीकृष्ण का कथन है:- "यान्ति देवव्रताःदेवान् पितृन् यान्ति पितृव्रताः।/भूतानियान्ति भूतेज्यायान्ति मद्याजिनोऽपिमाम्।।"-गीता0,9/25. (देवताओं को पूजने वाले देवताओं को प्राप्त होते हें, पितरों को पूजने वाले पितरों को प्राप्त होते हैं, भूतों को पूजने वाले भूतों (भूत प्रेत या व्यक्ति विशेष) को प्राप्त होते हैं और मुझ को पूजने वाले मुझको ही प्राप्त होते हैं। इसीलिए मेरे भक्तों का पुनर्जन्म नहीं होता है।

## वर्ग पहेली-256

**बाएं से दाएं**

1. घाव का मवाद, पीब।
5. 1. नाम जाप करने की सत्ताईस दानों की छोटी माला, जपमाला 2. हाथ में पहनने का एक प्रकार का आभूषण।
6. रोकने का भाव, अवरोध का उपक्रम।
7. व्यवहार में छलपूर्ण चालें चलने की क्रिया, धोखाधड़ी, कपट, धूर्तता, चालाकी, छल।
10. 1. चार पैरों वाला पशु, चौपाया 2. एक प्रकार का छंद।
11. रचा या बनाया हुआ।
12. 1. आंच पर चढ़ाकर गाढ़ा किया गया दूध 2. ईंट पाथने का गारा।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. चसका लगना, आदत लगना, किसी विषय या कार्य में ढीठ बनना 2. हिलना-मिलना।
3. (पुराण) वह जिनका धनुष कुसुम या पुष्प का माना जाता है; कामदेव।
4. उबलते दूध में चावल
8. 1. लादने का कार्य 2. लादने के बदले मिलने वाली मज़दूरी।
9. 1. सितारे, तारे, ग्रह-नक्षत्र 2. ज्योतिष।



### वर्ग पहेली -255 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 आ | दी | ■ | 2 उ | दुं | ब | 3 र |
| हा | ■ | ■ | थ | ■ | ■ | च |
| ■ | 4 पे | 5 श | ल | ■ | ■ | क |
| ■ | ■ | 6 नि | पु | ण | 7 ता | ■ |
| ■ | 8 आ | ■ | थ | ■ | म | ■ |
| ■ | 9 सु | त | ल | ■ | ले | ■ |
| ■ | ति | ■ | ■ | 10 भें | ट | ना |

## सुडोकू-169

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | 8 | | | | | 6 | | |
| | 4 | | | | | | | 3 |
| | | | | 3 | | 4 | 7 | |
| | | 4 | | | | 8 | | |
| | 3 | | | 7 | | | | |
| 4 | | | 9 | | | | 1 | |
| | | 7 | | | 4 | | | 8 |
| | 5 | | 8 | | | | | |

### सुडोकू - 168 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 9 | 2 | 6 | 4 | 5 | 1 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 4 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 1 | 8 | 9 | 3 | 6 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 7 |
| 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 6 | 4 | 8 | 1 |
| 8 | 9 | 2 | 6 | 4 | 5 | 1 | 7 | 3 |
| 3 | 5 | 7 | 1 | 8 | 9 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 नवंबर, मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-मार्गशीर्ष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 05.28 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-हेमंत। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र- आर्द्रा 02.56 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** – आज परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। माता-पिता आपके प्रति गर्व का भाव रखेंगे। फाइनेन्स और इनवेस्टमेन्ट बैंकिंग से जुड़े प्रोफेशनल्स के लिए शुभ है। समझदारी से कठिन उलझनों को सुलझा लेंगे। घरेलू खर्चों में बढ़ोत्तरी होगी।

**वृष** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। समाज में आपको काफी बड़ा सम्मान मिलेगा। छोटे भाई-बहन के जीवन में कुछ अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। कृषि कार्यों से जुड़े लोग बहुत अच्छा धन अर्जित करेंगे। उच्च रक्तचाप के रोगी अपनी जांच करवाते रहें।

**मिथुन** – आज अध्यात्म की ओर आपका झुकाव बढ़ेगा। आपकी आन्तरिक प्रतिभा विकसित होगी। विद्यार्थियों को इन्टरन्शिप के मौके मिल सकते हैं। संतान की प्रगति से आप काफी प्रसन्न होंगे। आय-व्यय में थोड़ी असमानता रहेगी।

**कर्क** – आज उच्च शिक्षा में प्रगति होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा परिणामों में सफलता मिल सकती है। आपको जॉब में बड़ी ज़िम्मेदारी मिल सकती है। शब्दों के चयन में आपको सावधान रहना चाहिए। भावनाओं के वशीभूत होकर लेन-देन करने से बचें।

**सिंह** – आज प्रेम संबंधों में रोमांस की अधिकता रहेगी। दोस्तों के साथ पुरानी यादें साझा करेंगे। भाई-बहनों से कुछ उपहार मिलेगा। घर वालों के साथ बैठकर स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद उठायेंगे। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। अनावश्यक यात्रा करने से बचें।

**कन्या** – आज संपत्ति और वाहन आदि से संबंधित मामलों को आपको लाभ मिलेगा। कारोबार में कुछ इनोवेशन करने की योजना बना सकते हैं। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को पढ़ाई में कुछ बाधा महसूस होगी। मूड स्विंग की स्थिति बन सकती है।

**तुला** – आज समाज के उच्च वर्ग के बीच आपका रसूख बढ़ेगा। आपकी इच्छाशक्ति आपकी सबसे बड़ी शक्ति है। अपनी योग्यता को पहचानें और उसे विकसित करें। विरोधी भी आपसे मित्रवत व्यवहार करने लगेंगे। अपना इम्यून सिस्टम अच्छा रखें।

**वृश्चिक** – आज नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों के साथ बहुत अच्छे परिणाम मिलेंगे। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी कला प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा। छोटी सी गलती के कारण आपको आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है।

**धनु** – आज आपकी सेहत बहुत ही अच्छी रहेगी। विरोधी भी आपके प्रति काफी अच्छा व्यवहार रखेंगे। बच्चों की पढ़ाई में आ रही बाधा दूर होगी। मन में नए कारोबार को लेकर विचार आ सकते हैं। अपनी कमियों पर अवश्य ध्यान दें।

**मकर** – आज अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। अधूरे पड़े कार्यों को लक्ष्य बनाकर के पूरे कर सकते हैं। आज आपको नए अनुभव प्राप्त होंगे। नए व्यापार को लेकर योजना बना सकते हैं। कमरदर्द और पेट में मरोड़ की शिकायत हो सकती है। अपने गलत आदतों में सुधार करें।

**कुंभ** – आज आयात-निर्यात और मार्केटिंग से उच्च आर्थिक लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी आपको बहुत ही अच्छा समर्थन प्रदान करेगा। विद्यार्थी अपने ज्ञान और स्किल में वृद्धि करने की दिशा में काम करेंगे। बच्चों के मामले में ज्यादा टोका-टाकी करना ठीक नहीं है।

**मीन** – आज आप निरन्तर विकास के पथ पर अग्रसर रहेंगे। बच्चों के करियर की बाधा दूर होगी। विदेश में शिक्षा ले रहे लोगों को जॉब के अवसर मिलेंगे। बेरोजगार लोगों की नौकरी लग सकती है। आपकी आय में वृद्धि होगी। कोर्ट-कचहरी के मामले लम्बित हो सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
माफिया राज – सुबह : 07.48
कोहराम – शाम : 06.00

**&pictures**
कुली नम्बर 1 – सुबह : 07.52
स्कंदा – रात : 07.30

**Sony Pix**
ओलिम्पस हेज फॉलेन – सुबह : 11.53
द डार्क नाईट – रात : 09.00

**Zee Cinema**
खिलाड़ी – सुबह : 08.15
डॉन – शाम : 05.00

**Zee Action**
दिव्य शक्ति – सुबह : 08.08
साथी – रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर सुबह : 07.52 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

आधी रात को चोर शराब पीकर सड़क पर जा रहा था,
एक पुलिस वाले ने रोक कर पूछा कहां जा रहे हो?
चोर- दारू पीने से होने वाले नुकसान पर प्रवचन सुनने।
पुलिस वाला- इतनी रात को क्या तुम्हारे पिताजी प्रवचन देंगे?
चोर- नहीं, साहब बीवी देगी!

आदमियों की आत्माएं मरने के बाद आपस में बात कर रही थी
पहली आत्मा दूसरी से- आत्महत्या दो तरह की होती है,
पहली तेज और आसान- गले में रस्सी डालो और पंखे लटक जाओ
दूसरी धीमी और दर्दनाक- गले में वरमाला डालो और जिंदगी भर लटके रहो!

### बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 2400, राज श्री 1905, फॉर्चुन कि. 2355, रविन्द्रा 2370, फॉर्चुन ली. 2165, जय जवान 2050, सचिन 2175, सूरज 2075, अवसर 2180, राग गोल्ड 2320, गृहणी ली 2150, क्लासिक (किलो) 2250, मोर 2245, चक्र टिन 2170, ब्लू 2320, आशीर्वाद मस्टर्ड 2315, स्वास्तिक 2370 । किराना–( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 16000, जीरा 30500, लाल मिर्च 18000–21000, धनिया 8500–10000, अजवायन 15500–23000, मेथी 7000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकिलो) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140–180, मखाना 900–1150 । चावल – ( प्रति कुं० )डबल चाबी सेला 9900, स्वाइस 7600, शरबती कच्ची 4750, शरबती स्टीम 5000, मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 7500, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10300, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8500, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 5150, खजाना 5150 । दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 10000, मूंग धोवा 10500, राजमा चित्रा 12000–13200, राजमा भूटान नया 10200, मलका काली 7250–7700 मलका दाल 7375–8000, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9600–10200, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11900–12900, चना काला 8550, दाल चना 9150, लाल हिंदुस्तान 9250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9750, चना अकोला 9000, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 12800, मोटा हीरा 14800, अरहर गोला मोटा 11000, अरहर पटका मोटा 11400, अरहर कोरा मोटा 11700, अरहर पटका छोटा 15000–15700, अरहर कोरी छोटी 16500 । चीनी– डालमियां 4020, पीलीभीत 3990, नवाबगंज 3980, बहेड़ी नयी 4000 ।

### सर्राफा

बरेली

| | |
| --- | --- |
| गोल्ड ( पक्के जेवर ) | 77000 |
| गोल्ड ( गिन्नी जेवर ) | 76000 |
| सिल्वर ( पक्की ) | 910 ( अनुमानित ) |

## बैंकों को ब्याज दर कम करने की जरूरत

### एसबीआई के वार्षिक सम्मेलन को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किया संबोधित

- वित्त मंत्री ने कहा- बीमा उत्पादों की गलत ढंग से बिक्री भी कर्ज लेने की लागत को बढ़ाती है

मुंबई, एजेंसी



एनसीपीए में भारतीय स्टेट बैंक के शताब्दी समारोह में एसबीआई के अध्यक्ष सीएस शेट्टी और अन्य अधिकारियों के साथ केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि बैंक ब्याज दर कुछ लोगों के लिए दबाव वाली हैं और उन्हें सस्ता बनाने के लिए कदम उठाने की जरूरत है। वित्त मंत्री ने आर्थिक वृद्धि में सुस्ती की आशंका के बारे में व्यापक चिंताओं के बीच भरोसा दिलाया कि सरकार घरेलू और वैश्विक चुनौतियों से अवगत है।

उन्होंने कहा कि इस समय भारत में उद्योगों को बढ़ाने और नए संयंत्रों में निवेश की जरूरत है और ऐसे में कर्ज दरों को कम करने से विकसित भारत की आकांक्षा को साकार करने में मदद मिल सकती है। सीतारमण ने कहा कि जब आप भारत की वृद्धि की जरूरतों को देखते हैं और कई तबकों से यह राय सामने आती है कि उधार लेने की लागत वास्तव में बेहद दबाव बढ़ाने वाली है। उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के वार्षिक व्यापार और आर्थिक सम्मेलन में बैंकों से ऋण देने के मूल काम पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। वित्त मंत्री ने कहा कि बीमा उत्पादों की गलत ढंग से बिक्री भी अप्रत्यक्ष रूप से किसी व्यक्ति या संस्था के लिए कर्ज लेने की लागत को बढ़ाती है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने पिछले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए ब्याज दरों में कटौती करने का आग्रह किया था। वाणिज्यिक बैंक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से आरबीआई की ब्याज दरों के आधार पर दरें तय करते हैं। इस समय तीन या चार जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं के एक समूह की वजह से महंगाई बढ़ रही है और बाकी वस्तुएं तीन या चार प्रतिशत स्तर पर हैं।

#### मुद्रास्फीति जटिल मुद्दा, जो लोगों को करता है प्रभावित

वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि वह इस बहस में नहीं पड़ना चाहती हैं कि मुद्रास्फीति सूचकांकों तैयार करते समय खाद्य कीमतों पर विचार होना चाहिए या आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति को दरों पर फैसला करना चाहिए। मुद्रास्फीति एक जटिल मुद्दा है, जो लोगों को प्रभावित करता है। सरकार खाद्य तेलों और दालों सहित आपूर्ति पक्ष के उपायों पर काम कर रही है। सीतारमण ने हालांकि यह भी जोड़ा कि भारत चक्रीय रूप से आपूर्ति संबंधी समस्याओं से जूझ रहा है और सरकार के प्रयास मुख्य रूप से अस्थिरता को कम करने के लिए भंडारण सुविधाओं को बेहतर बनाने पर केंद्रित हैं।

## अनैतिक व्यवहार पर अंकुश लगाने के लिए आंतरिक ढांचे को मजबूत करें बैंक : दास

मुंबई, एजेंसी



- बोले- अनैतिक प्रथाओं में उत्पादों की गलत बिक्री या केवाईसी सत्यापन

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने सोमवार को बैंकों के बोर्ड से अनैतिक व्यवहार पर अंकुश लगाने के लिए आंतरिक कामकाज के ढांचे को मजबूत करने को कहा। इन अनैतिक प्रथाओं में उत्पादों की गलत बिक्री या उचित केवाईसी (अपने ग्राहक को जानिये) सत्यापन के बिना खाते खोलना शामिल है।

दास ने कहा कि बैंक के कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहनों को सावधानीपूर्वक तय करना चाहिए, ताकि उन्हें अनैतिक व्यवहार में शामिल होने से रोका जा सके। उन्होंने यहां निजी क्षेत्र के बैंकों के निदेशकों के सम्मेलन में कहा कि ऐसे व्यवहार से हालांकि अल्पकालिक लाभ हो सकता है, लेकिन आखिर में इनसे बैंक को प्रतिष्ठा को नुकसान, पर्यवेक्षी जांच और वित्तीय दंड जैसे महत्वपूर्ण दीर्घकालिक जोखिमों का सामना करना पड़ता है। दास ने कहा कि भारतीय बैंकिंग क्षेत्र ऐसे दौर में है, जो अवसरों के साथ ही जोखिमों और चुनौतियों से भरा है। पिछले साल मई में हमारी बैठक के बाद से सभी वित्तीय संकेतकों में सुधार हुआ है, जो बैंकिंग क्षेत्र के विभिन्न प्रतिभागियों के प्रयासों को दर्शाता है। किंग प्रणाली की जुझारू क्षमता को बरकरार रखने के लिए गवर्नर ने इस बात पर जोर दिया कि मजबूत बुनियादी बातों का लाभ उठाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आखिरकार अच्छा समय जुझारू क्षमता को मजबूत करने और स्थायी रूप से बढ़ने का अवसर होता है।

#### जोखिमों व चुनौतियों के समाधान के लिए रहे तैयार

दास ने कहा कि प्रौद्योगिकी के बढ़ते चलन के साथ ही संगठनों को उल्लेखनीय चुनौतियों और जोखिमों से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने बैंकों से अपने पोर्टफोलियो की सक्रिय निगरानी करने, जिन क्षेत्रों में अधिक ऋण दिए गए हैं उनकी पहचान करने और संभावित जोखिमों तथा चुनौतियों का समाधान करने के लिए समय रहते तैयारी करने को कहा। दास ने कहा कि बैंक बोर्ड को नियामकीय बदलावों, बाजार की बदलती स्थितियों, समग्र व्यापक आर्थिक परिवर्तनों और प्रौद्योगिकी में प्रगति जैसे बाहरी कारकों का लगातार आकलन करने की जरूरत है।

## बंदरगाह पर देरी से इस्पात पर निर्भर इकाइयों को नुकसान

नई दिल्ली, एजेंसी

- जीटीआरआई ने कहा- सरकार को प्रणालियों को डिजिटल बनाने पर करना चाहिए विचार

बंदरगाहों पर देरी और बोझिल नियामकीय जरूरतों से देश की आयातित इस्पात पर निर्भर 10,000 से अधिक इकाइयां संकट में आ गई हैं। शोध संस्थान जीटीआरआई ने सोमवार को कहा कि सरकार को इस क्षेत्र की मदद के लिए आयात प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और प्रणालियों को डिजिटल बनाने पर विचार करना चाहिए। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि आयात प्रतिबंध तथा गुणवत्ता नियंत्रण उपायों सहित घरेलू इस्पात विनिर्माताओं की सुरक्षा के मकसद से बनाई नीतियों ने अनजाने में आयातित इस्पात पर निर्भर उद्योगों को परेशानी में डाल दिया है। 10,000 से अधिक इकाइयां परिचालन तथा वित्तीय चुनौतियों से जूझ रही हैं, जिससे उनकी उत्पादन और निर्यात क्षमता पर खतरा मंडरा रहा है।

## टायर विनिर्माताओं की आय में वृद्धि का अनुमान

**मुंबई।** टायर विनिर्माताओं की आय में चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 7-8% की वृद्धि की संभावना है। क्रिसिल रेटिंग्स ने सोमवार को कहा कि यह दूसरा वर्ष होगा जब टायर विनिर्माता के लिए अनुमानित राजस्व वृद्धि एकल अंक में होगी (पिछले वित्त वर्ष की तुलना में यह दोगुनी है)। 2020-21 तथा 2022-23 के बीच 21% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की गई थी। क्रिसिल के वरिष्ठ निदेशक अनुज सेठी ने कहा कि घरेलू मांग उद्योग की बिक्री (टन भार के संदर्भ में) का 75% है, जबकि शेष निर्यात किया जाता है।

## प्रत्यक्ष कर संग्रह करेगा लक्ष्य को पार

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीडीटी ने चालू वित्त वर्ष में 22.07 लाख करोड़ रुपये से अधिक की जताई उम्मीद
- विदेशी संपत्ति का खुलासा नहीं करने वाले 31 दिसंबर तक दाखिल करें संशोधित रिटर्न

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष (2024-25) में प्रत्यक्ष कर संग्रह 22.07 लाख करोड़ रुपये के लक्ष्य से अधिक रहने की उम्मीद है। अग्रवाल ने कहा कि जिन करदाताओं ने अपने आयकर रिटर्न में विदेशी आय या संपत्ति का खुलासा नहीं किया है, उनके पास 2023-24 के लिए संशोधित रिटर्न दाखिल करने को लेकर 31 दिसंबर तक का समय है।

कर विभाग उनको एसएमएस और ई-मेल भेज रहा है, जिन्होंने उच्च मूल्य वाली संपत्तियों का खुलासा नहीं किया है। उन्होंने यह नहीं बताया कि कितनों को एसएमएस और ई-मेल भेजे गये हैं। भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) में करदाता लाउंज का उद्घाटन करते हुए अग्रवाल ने कहा कि आयकर कानून की समीक्षा के लिए 6,000 से अधिक सुझाव आये हैं। अग्रवाल ने कहा कि हमें उम्मीद है कि हम कर संग्रह के बजट लक्ष्य को पार कर जाएंगे। कंपनी और व्यक्तिगत कर समेत अन्य कर संग्रह बढ़ा है। सीबीडीटी के कर संग्रह के आंकड़ों के अनुसार, एक अप्रैल से 10 नवंबर तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 15.41% बढ़कर 12.11 लाख करोड़ रुपये रहा है। इसमें 5.10 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध कंपनी कर और 6.62 लाख गैर-कंपनी कर शामिल है। गैर-कंपनी कर में व्यक्तियों, हिंदू अविभाजित परिवारों आदि द्वारा भुगतान किया गया कर शामिल है। इस अवधि के दौरान प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) मद में 35,923 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। सरकार ने चालू वित्त वर्ष के लिए प्रत्यक्ष कर से 22.07 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है।

## लिवाली से सोने व चांदी कीमतों में लौटी तेजी

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूती व आभूषण एवं फुटकर विक्रेताओं की चालू शादी-विवाह के मौसम के लिए लिवाली बढ़ने से सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेजी लौटी। स्थानीय बाजार में 99.9% शुद्धता वाला सोना चार दिन की गिरावट के बाद 400 रुपये बढ़कर 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंचा। गुरुवार को सोना 77,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी भी 1,810 रुपये चढ़कर 92,000 रुपये प्रति किलो पहुंच गई, जबकि गुरुवार को इसका भाव 90,190 रुपये प्रति किलो पर बंद हुआ था।

# राष्ट्रीय

### एक नजर

#### जब्त शराब की चोरी में 7 पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**हाजीपुर (बिहार)।** वैशाली जिले में जब्त शराब की चोरी में सात पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। वैशाल एसपी हरि किशोर राय ने सोमवार को बताया कि महुआ थाना क्षेत्र से एंटी लिकर टास्क फोर्स के सात पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। वे जब्त शराब पीने और बेचने के लिए चोरी किया करते थे।

#### तमिलनाडु में हाथी ने किसान को कुचल डाला

**इरोड।** तमिलनाडु के इरोड जिले में सत्यमंगलम बाघ अभ्यारण्य में हाथी ने 55 वर्षीय किसान को कुचलकर मार डाला। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मृतक मारन है, जो गुथियालाथुर जंगल के पास बैरामरथोटी गांव का निवासी था। मारन मक्के की खेती करता था। फसल को जंगली जानवरों से बचाने के लिए मारन रात में खेत पर रुकता था। रविवार रात 10 .45 बजे जंगली हाथी मारन के खेत में घुसा, जिसे मारन ने भगाने की कोशिश की, लेकिन उसने मारन को कुचलकर मार डाला।

#### विवाद के बाद व्यक्ति ने नौ लोगों को कार से मारी टक्कर

**जयपुर।** राजस्थान के दौसा जिले में विवाह स्थल के बाहर एक व्यक्ति ने कार से नौ लोगों को टक्कर मार दी, जिससे वे घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को बताया कि घटना लाडपुरा गांव में हुई। आरोपी बाराती था और विवाह स्थल के बाहर पटाखे जला रहा था, तभी दुल्हन के भाई से उसका झगड़ा हो गया। इसके बाद आरोपी ने कार दुल्हन पक्ष नौ लोग पर चढ़ा दी।

#### ईडी ने 12 करोड़ नकद व और एफडी की जब्त

**नई दिल्ली।** ईडी ने चेन्नई से लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन और उसके सहयोगियों के कई राज्यों में स्थित ठिकानों पर की गई छापेमारी में 12 करोड़ से अधिक की नकदी और 6 .42 करोड़ की एफडी जब्त की। एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। मार्टिन इस साल तब चर्चा में आए जब निर्वाचन आयोग ने उनकी कंपनी को राजनीतिक दलों को अब समाप्त हो चुके चुनावी बॉण्ड के जरिये 1,300 करोड़ से अधिक राशि दान देने का खुलासा किया।

#### आरएसएस पर टिप्पणी के मामले में जावेद अख्तर बरी

**मुंबई।** मुंबई की अदालत ने आरएसएस पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर गीतकार जावेद अख्तर के खिलाफ दर्ज मानहानि के मामले में उन्हें बरी कर दिया है, क्योंकि शिकायतकर्ता ने मामला वापस ले लिया है। मुलुंड के न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) एसडी चक्कर ने मामला वापस लेने को मंजूरी देते हुए याचिका का निपटारा किया।

## मोदी, शाह व अंबानी एक हैं, तो सुरक्षित हैं : राहुल

### झारखंड/महाराष्ट्र विस चुनाव

### मणिपुर का दौरा नहीं करने के लिए कांग्रेस नेता ने मोदी पर साधा निशाना

रांची, एजेंसी



- राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि शाह मणिपुर में हिंसा रोकने में नहीं ले रहे रुचि

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को भाजपा के नारे एक रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और अंबानी जैसे अरबपतियों के बीच एकजुटता के लिए दिया गया है। कांग्रेस नेता ने मणिपुर का दौरा नहीं करने के लिए मोदी पर निशाना साधा और कहा कि राज्य पिछले डेढ़ साल से जल रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि शाह मणिपुर में हिंसा को रोकने में रुचि नहीं ले रहे, क्योंकि निहित स्वार्थ काम कर रहे हैं। गांधी ने रांची में कहा कि मैं भाजपा के नारे-एक हैं तो सुरक्षित हैं का वास्तविक अर्थ समझाता हूं। इसका मतलब है कि अगर मोदी, शाह और अंबानी एक हैं, तो वे सुरक्षित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हवाई अड्डों, बंदरगाहों और प्राकृतिक संसाधनों समेत देश की प्रमुख संपत्तियां को पारदर्शी निविदा प्रक्रियाओं का पालन किए बिना अडाणी और अंबानी जैसे अरबपतियों को सौंपी जा रही हैं। गांधी ने कहा कि जाति जनगणना देश के लिए जरूरी है और इससे यह पता चलेगा कि किसके पास कितना धन है। उन्होंने कहा कि इससे कांग्रेस को सटीक निर्णय लेने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना से पता चलेगा कि देश की सत्ता में एससी, एसटी, ओबीसी (जो आबादी का 73% हैं) का क्या स्थान है। यह विचारधाराओं की लड़ाई है: एक तरफ इंडिया गठबंधन है जो संविधान की रक्षा कर रहा है और दूसरी तरफ वे शक्तियां हैं जो संविधान को कुचलना चाहती हैं, इसे खत्म करना चाहती हैं।

#### पैसों के लिए निष्ठा बदलने वालों को खारिज करें: खरगे



**मुंबई।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महाराष्ट्र के लोगों से पैसे लेकर निष्ठा बदलने वाले नेताओं को हराने का आह्वान किया। उन्होंने इन नेताओं का जिक्र 50 करोड़ रुपये के रूप में किया। मुंबई के पास वसई में महा विकास आघाडी (एमवीए) की चुनावी रैली में खरगे ने शिंदे का समर्थन करने वाले विधायकों का नाम लिए बगैर दावा किया कि निष्ठा बदलने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को 50 करोड़ की पेशकश की गई थी। खरगे ने बंटेंगे तो कटेंगे और एक हैं तो सेफ हैं जैसे नारों के जरिये विभाजनकारी राजनीति में लिप्त होने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति की आलोचना की।

#### राहुल गांधी ने मोदी के नारे एक हैं तो सेफ हैं का उड़ाया मजाक

**मुंबई।** प्रधानमंत्री मोदी के एक हैं तो सेफ हैं नारे का मजाक उड़ाने के लिए राहुल गांधी सोमवार को पत्रकार वार्ता में एक सेफ (तिजोरी) लेकर पहुंचे। धारावी पुनर्विकास परियोजना अडाणी समूह को देने और नारे के बीच संबंध होने का दावा करते हुए राहुल गांधी ने सेफ से दो पोस्टर निकाले। उनमें से एक में उद्योगपति गौतम अडाणी और प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर थी और उन पर लिखा था एक हैं तो सेफ हैं। दूसरे में परियोजना का नक्शा था। गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव अरबपतियों और गरीबों के बीच का मुकाबला है।

## मतदान केंद्रों पर मोबाइल फोन प्रतिबंधित करना गैर कानूनी नहीं

मुंबई, एजेंसी



- बंबई उच्च न्यायालय ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्णय के खिलाफ उजाला यादव की याचिका को किया खारिज

बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि आगामी राज्य विधानसभा चुनावों में मतदान केंद्रों पर मोबाइल फोन के उपयोग पर रोक लगाने के भारत निर्वाचन आयोग का निर्णय गैर कानूनी नहीं है। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और अमित बोरकर की खंडपीठ ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदान केंद्रों पर मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध के खिलाफ मुंबई की अधिवक्ता उजाला यादव द्वारा दायर जनहित याचिका को खारिज कर दिया।

याचिका में उच्च न्यायालय से अनुरोध किया गया कि वह भारत निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयोग को यह निर्देशित करें कि मतदाताओं को मतदान केंद्र पर फोन ले जाने की अनुमति दी जाए और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए डिजिलॉकर ऐप के माध्यम से अपना पहचान प्रमाण दिखाने की अनुमति भी दी जाए। पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग के पास चुनाव प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए कोई भी कदम उठाने का अधिकार है। अदालत ने कहा कि चुनाव कराने की प्रक्रिया बहुत जटिल है और इसमें याचिकाकर्ता कह रहे हैं कि डिजिलॉकर में दस्तावेज दिखाएं। पीठ ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को यह अधिकार नहीं है कि वो सिर्फ अपने फोन पर डिजिटल लॉकर में रखे दस्तावेजों को दिखाकर उन्हें सत्यापित करवाए। अदालत ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि हमें चुनाव आयोग के निर्णय में कोई अवैधता नहीं दिखती। याचिका में दावा किया गया था कि मतदान केंद्रों पर फोन जमा कराने की व्यवस्था नहीं होने से मतदाता मताधिकार का प्रयोग करने से हतोत्साहित होंगे।

## राजोआना की याचिका राष्ट्रपति के समक्ष रखने के निर्देश पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अपने उस आदेश पर सोमवार को रोक लगा दी, जिसके तहत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सचिव को निर्देश दिया गया था कि वह 1995 में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के मामले में मौत की सजा पाने वाले बलवंत सिंह राजोआना की दया याचिका को राष्ट्रपति के समक्ष रखें।

न्यायमूर्ति बीआर गवई, पीके मिश्रा और केवी विश्वनाथन की पीठ ने सोमवार सुबह पारित आदेश में राष्ट्रपति मुर्मू से राजोआना की दया याचिका पर दो हफ्ते में विचार करने का अनुरोध किया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से आग्रह किया कि इस आदेश पर अमल नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि यह मुद्दा संवेदनशील है और इस पर शुक्रवार को सुनवाई की जानी चाहिए। मेहता ने पीठ को बताया कि फाइल अभी गृह मंत्रालय में है। पीठ ने मेहता का आग्रह स्वीकार किया और अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।

## दिल्ली रिज क्षेत्र में पेड़ों की कटाई पर सुनवाई से अलग हुए सीजेआई

नई दिल्ली, एजेंसी



- खन्ना बोले- मेरे लिए याचिका पर सुनवाई करना उचित नहीं होगा

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने दिल्ली रिज क्षेत्र में सैकड़ों पेड़ों को अवैध रूप से काटने से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई से सोमवार को खुद को अलग कर लिया। इससे पहले, सेवानिवृत्त हो चुके तत्कालीन सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने इस मामले में दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना से हलफनामा मांगा था। पीठ ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्यवाही का भी निर्देश दिया था। सीजेआई खन्ना ने कहा कि मैं राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (नालसा) का अध्यक्ष रहते मैं पटना गया था और दिल्ली के उपराज्यपाल के साथ वहां की जेलों का दौरा किया था। इसलिए, मेरे लिए याचिका पर सुनवाई करना उचित नहीं होगा।

## ओडिशा में करंट से तीन हाथियों की मौत

**संबलपुर।** ओडिशा के संबलपुर जिले में बिजली के तार के संपर्क में आने से तीन हाथियों की मौत हो गई। रायराखोल प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) अरबिंद मोहंती ने सोमवार को बताया कि संबलपुर जिले के नकटीदेउल इलाके में रविवार रात हुई घटना में दो हथिनियों और हाथी के एक बच्चे की मौत हो गई। प्रथम दृष्टया हाथी बिछाई गई विद्युत लाइन के संपर्क में आ गए। उनके मुताबिक, यह तार फसलों की रक्षा को जंगली सूअरों को फंसाने के लिए बिछाई गई थी। वन अधिकारियों की टीम जांच कर रही है।

## मौजूदा चुनावों और उपचुनावों में जब्ती 1,000 करोड़ के पार पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग ने कहा- जब्त राशि 2019 के विस चुनावों में की जब्ती से 7 गुना अधिक

निर्वाचन आयोग ने सोमवार को बताया कि झारखंड, महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव और विभिन्न राज्यों में उपचुनाव के लिए प्रचार के दौरान 1,082 करोड़ रुपये की जब्ती की गई। आयोग ने बताया कि महाराष्ट्र और झारखंड में इस बार के विधानसभा चुनाव में जब्त की गई राशि 2019 के विधानसभा चुनावों में की गई जब्ती से सात गुना अधिक है। आयोग के मुताबिक, महाराष्ट्र और झारखंड से कुल मिलाकर 858 करोड़ रुपये की जब्ती की जानकारी मिली है। आयोग ने बताया कि 2019 विधानसभा चुनावों में महाराष्ट्र में 103.61 करोड़ रुपये और झारखंड में 18.76 करोड़ रुपये की जब्ती की गई थी। आयोग के मुताबिक, जब्ती में नकदी, शराब, मादक पदार्थ, मुफ्त उपहार और अन्य चीजें शामिल थीं। आयोग ने बताया कि महाराष्ट्र के सभी जिलों में जब्ती दर्ज की गई, जो पिछले विधानसभा चुनावों की तुलना में बहुत अधिक है। एजेंसियों द्वारा किए अभियानों में पालघर के वाडा थानाक्षेत्र में एक जीप से 3.70 करोड़ रुपये की नकदी जब्त करना शामिल है।

## आचार संहिता उल्लंघन पर जवाब के लिए आयोग से भाजपा-कांग्रेस ने मांगा समय

नई दिल्ली, एजेंसी

- दोनों ने झारखंड-महाराष्ट्र चुनाव प्रचार के दौरान एक-दूसरे के खिलाफ दी थी शिकायत

कांग्रेस और भाजपा ने झारखंड-महाराष्ट्र में एक-दूसरे के खिलाफ दायर चुनाव आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतों पर जवाब देने के लिए निर्वाचन आयोग से सात दिन का समय और मांगा है।

आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर भाजपा और कांग्रेस द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के मद्देनजर, आयोग ने शनिवार को दोनों दलों के अध्यक्षों से उनके नेताओं के खिलाफ लगाए आरोपों पर टिप्पणी करने को कहा था। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे को अलग-अलग पत्र लिखकर उनसे एक-दूसरे की शिकायत पर जवाब देने को कहा था। आयोग ने दोनों दलों को एक-दूसरे की शिकायतें भेजीं और उनसे जवाब मांगा। आयोग ने सोमवार अपराह्न एक बजे तक दोनों पार्टी के प्रमुखों से जवाब मांगा था। अब दोनों दलों ने अपना-अपना जवाब भेजने के लिए आयोग से सात दिन का समय और मांगा है।

### शीर्ष अदालत में महिला न्यायाधीशों की संख्या पर वकील की टिप्पणी से नाखुश

## अदालत के साथ खिलवाड़ न करें : उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



- डीएचसीबीए में महिला वकीलों के 33 प्रतिशत आरक्षण पर हो रही थी सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक वकील द्वारा यह दावा किए जाने के बाद नाखुशी व्यक्त की कि दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं ने शीर्ष अदालत में महिला न्यायाधीशों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं होने पर सवाल उठाए हैं। वकील की इस टिप्पणी से नाखुश पीठ ने कहा कि बस बहुत हो गया। अदालत के साथ खिलवाड़ नहीं करें। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और उज्जवल भुइयां की पीठ दिल्ली हाई कोर्ट बार एसोसिएशन (डीएचसीबीए) में महिला वकीलों के लिए 33% सीटें आरक्षित करने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान, मामले में पेश हुए एक वकील ने कहा कि उच्च न्यायालय के अधिवक्ता पूछ रहे हैं कि उच्चतम न्यायालय में कितनी महिला न्यायाधीश हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि अगर आपको ये सब बातें कहकर दर्शकों को खुश करना है, तो कृपया ऐसा करें। इसे 10 बार कहें। आप आग में घी डाल रहे हैं। मीडिया को सुनने दें। अदालत के साथ खिलवाड़ नहीं करें। बस बहुत हो गया। पीठ ने बार निकाय से कोई और स्पष्टीकरण सुनने से इनकार कर दिया।

## बिहार : नालंदा में दंपति की हत्या कर शवों को उनके ही घर में जलाया गया

**नालंदा।** बिहार के नालंदा जिले में एक दंपत्ति की हत्या कर उनके शव को घर में ही जलाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह घटना रविवार और सोमवार की दरमियानी रात छबीलापुर थाना क्षेत्र के दोगी गांव में घटी। मृतक विजय प्रसाद और उनकी पत्नी दोगी गांव के निवासी थे। नालंदा एसपी भरत सोनी ने बताया कि शुरुआती जांच के मुताबिक पहले दंपत्ति की हत्या की गई और फिर शवों को उनके घर में आग लगा दी गई। हत्या का मकसद पता नहीं चल पाया है। राजगीर के अनुमंडल पुलिस अधिकारी सुनील सिंह ने बताया कि ग्रामीणों ने दावा किया है कि दोनों रात में गांव में एक धार्मिक सभा में मौजूद थे। जिस कमरे में शव मिले उसके फर्श पर खून के धब्बे हैं। वह दूसरे कमरे के फर्श पर हैं।

# सात्विक और चिराग करेंगे वापसी

**चाइना मास्टर्स**

- नहीं खेल सके थे आर्कटिक ओपन डेनमार्क ओपन और चाइना ओपन



शेनजेन (चीन), एजेंसी

पेरिस ओलंपिक की नाकामी को भुलाते हुए भारत की शीर्ष युगल टीम सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मंगलवार से शुरू हो रहे चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के जरिये वापसी करेगी। दुनिया की पूर्व नंबर एक टीम सात्विक के कंधे की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक के बाद से प्रतिस्पर्धा से दूर है। दोनों आर्कटिक ओपन, डेनमार्क ओपन और चाइना ओपन नहीं खेल सके थे।

अगस्त में मथियास बो के जाने के बाद से दोनों के पास कोच भी नहीं है। पिछली बार उपविजेता रहे सात्विक और चिराग पहले दौर में चीनी ताइपै के यांग पो सुआन और ली झे हुइ से खेलेंगे। वहीं पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन खराब फॉर्म से उबरकर जीत की राह पर लौटना चाहेंगे। अगस्त में पेरिस ओलंपिक के बाद दोनों ने लंबा ब्रेक लिया था लेकिन खोया फॉर्म हासिल नहीं कर सके। पेरिस ओलंपिक में सेमीफाइनल में हारने के बाद लक्ष्य आर्कटिक सुपर 500 और डेनमार्क ओपन में जल्दी हार गए। इसके बाद कुमामोतो मास्टर्स जापान में पहले ही दौर में बाहर हो गए। वह पहले दौर में मलेशिया के सातवीं वरीयता प्राप्त ली जि जिया से खेलेंगे। दो बार की ओलंपिक चैम्पियन सिंधू फिनलैंड में कनाडा की मिचेले ली के खिलाफ पहले दौर में हार गई थी। सिंधू यहां पहले दौर में थाईलैंड की सुपनिदा केटथोंग से खेलेंगी। महिला एकल में आकर्षि कश्यप पहले दौर में जापान की तोमोका मियाजाकी से और मालविका बंसोड लाइन होजमार्क के से खेलेगी। महिला युगल में गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली का सामना चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी लियू शेंग शू और तान निंग से होगा। बी सुमीत रेड्डी और सिक्की रेड्डी मिश्रित युगल खेलेंगे।

## सिनर ने फ्रिट्ज को हराकर जीता एटीपी फाइनल्स का खिताब

**ट्यूरिन (इटली)।** इटली के टेनिस स्टार जैनिक सिनर ने सोमवार को अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराकर एटीपी फाइनल्स का खिताब अपने नाम किया। सिनर का एटीपी वर्ल्ड टूर फाइनल्स के रूप में घरेलू धरती पर यह पहला खिताब है। आज यहां खेले गये मुकाबले में जैनिक सिनर ने टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 6-4 से हराया। यह एक सत्र का उनका आठवां खिताब हैं। इस जीत के साथ वे एटीपी रैंकिंग के इतिहास में वर्ल्ड नंबर वन बनने वाले अपने देश के पहले खिलाड़ी बन गए। सिनर को खिताब जीतने पर पुरस्कार स्वरूप 41 करोड़ 35 लाख रुपये प्राप्त हुए है।

# बीसीसीआई के रुख का पीसीबी को इंतजार

**चैंपियंस ट्रॉफी**

- पीसीबी के प्रमुख मोहसिन नकवी ने कहा कि आईसीसी से अभी तक नहीं मिली प्रतिक्रिया



लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने से बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के इनकार पर उन्हें आईसीसी से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

बीसीसीआई ने इस महीने की शुरुआत में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को स्पष्ट कर दिया था कि वह अपनी राष्ट्रीय टीम को पाकिस्तान नहीं भेजेगा। बीसीसीआई चाहता है कि उसके मैच किसी अन्य देश में कराये जाये। पीसीबी ने हाइब्रिड मॉडल को खारिज कर दिया है और आईसीसी से स्पष्टता मांगी है कि भारत पाकिस्तान की यात्रा क्यों नहीं करना चाहता है। भारतीय टीम ने 2008 के मुंबई आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तान में नहीं खेला है। नकवी ने संवाददाताओं से कहा, भारत को अगर अपनी टीम पाकिस्तान भेजने को लेकर कोई चिंता है तो उन्हें हमसे बात करनी चाहिए और हम उसे दूर करेंगे। मुझे नहीं लगता कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत के पाकिस्तान न आने का कोई कारण है। नकवी पाकिस्तान के गृह मंत्री भी है। उन्होंने बताया कि पीसीबी ने बीसीसीआई के फैसले पर अधिक जानकारी के लिए आईसीसी को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा, हम आईसीसी से सीधे संपर्क में है और हमें उनसे जवाब का इंतजार है, जिससे हम चीजों को आगे बढ़ा सके। नकवी से पूछा गया कि जय शाह एक दिसंबर से आईसीसी अध्यक्ष का कार्यभार संभालेंगे तो क्या पीसीबी के लिए चीजें और मुश्किल होगी? उन्होंने कहा, चीजें इस तरह से काम नहीं करती हैं। हर बोर्ड स्वतंत्र है और उसकी अपनी पहचान है। मुझे लगता है कि आईसीसी को भी अपनी विश्वसनीयता के बारे में सोचना चाहिए क्योंकि वह दुनिया के सभी क्रिकेट बोर्ड का प्रतिनिधित्व करता है। नकवी इस मौके पर आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के प्रदर्शनी दौरे से पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के शहरों को हटाने और हाइब्रिड मॉडल के साथ टूर्नामेंट के आयोजन जैसे सवालों को टाल गये। उन्होंने कहा, मैं यहां स्टेडियम के निर्माण कार्य के बारे में बात करने आया हूं। हमें आईसीसी के जवाब के साथ कार्यक्रम की घोषणा का इंतजार है।

## न्यूजीलैंड को हराकर श्रीलंका ने एक और श्रृंखला जीती

**पालेकल।** कुसल मेंडिस के नाबाद 74 रन की मदद से श्रीलंका ने वर्षाबाधित दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर छह गेंद बाकी रहते तीन विकेट से हराकर श्रृंखला में विजयी बढ़त बना ली। श्रीलंका के पास तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त हो गई है। तीसरा और आखिरी मैच मंगलवार को खेला जायेगा।

श्रीलंका ने पहला वनडे दाम्बुला में डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 45 रन से जीता था। श्रीलंका की इस साल अपनी धरती पर वनडे श्रृंखला में यह पांचवीं जीत है। उसने अफगानिस्तान, भारत और वेस्टइंडीज को हराया था। मेंडिस ने पहले मैच में कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 143 रन की पारी खेली थी। उनके 102 गेंद में 74 रन की मदद से श्रीलंका ने 46 ओवर में सात विकेट पर 210 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। बारिश के कारण मैच प्रति टीम 47 ओवर का कर दिया गया था। न्यूजीलैंड की टीम 45.1 ओवर में 209 रन पर आउट हो गई थी।

# जापान पर भारत का पलड़ा भारी

## महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भिड़ंत आज

- आखिरी लीग मैच में गत चैम्पियन भारतीय टीम ने जापान को 3-0 से दी थी मात
- दुनिया की 9वें नंबर की टीम भारत ने टूर्नामेंट के अपने पांचों मैच में जीत दर्ज की



राजगीर, एजेंसी

आत्मविश्वास से ओतप्रोत अपराजेय भारतीय टीम मंगलवार को महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जापान के खिलाफ सही समय पर आक्रामकता और चाक चौबंद रक्षण की रणनीति के साथ उतरेगी। मौजूदा प्रदर्शन को देखें तो गत चैम्पियन भारतीय टीम का पलड़ा भारी लग रहा है जिसने आखिरी लीग मैच में जापान को 3-0 से हराया था।

दुनिया की नौवे नंबर की टीम भारत ने पांचों मैच जीते हैं जिसमें ओलंपिक रजत पदक विजेता और दुनिया की छठे नंबर की टीम चीन के खिलाफ 3-0 से मिली जीत शामिल है। भारत के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, हमें पता है कि टीम की क्या कमजोरियां और ताकत है। हमारे लिये यह टूर्नामेंट अपनी ताकत पर काम करने और आक्रमण तथा रक्षण का संतुलन बनाकर खेलने को लेकर है। अभी तक रणनीति पर बखूबी अमल हुआ है लेकिन सेमीफाइनल की बात अलग होगी। भारतीय टीम को आत्ममुग्धता से बचना होगा क्योंकि एक गलती भारी पड़ सकती है। छह टीमों के इस टूर्नामेंट में शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंची है। दूसरे सेमीफाइनल में चीन का सामना मलेशिया से होगा। हरेंद्र ने कहा, हमें जापान से कड़ी चुनौती मिल सकती है क्योंकि अभ्यास मैच और पूल मैच अलग होते हैं। यह सेमीफाइनल है और हर टीम तैयारी के साथ आती है। जापान की टीम अच्छी है और हमें होमवर्क पक्का रखना होगा। भारत की बैकलाइन उदिता, सुशीला चानू और वैष्णवी विट्ठल फाल्के ने शानदार प्रदर्शन किया है। गोलकीपर सविता पूनिया और बिछू देवी खारीबम को अभी तक चुनौती नहीं मिल सकी है। भारतीय टीम ने पिछले कुछ मैचों में आक्रामकता की मिसाल पेश की है और सर्कल के भीतर फैसले लेने में भी माहिर साबित हुई हैं।

## ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 सीरीज में पाकिस्तान का किया सूपड़ा साफ

**होबार्ट।** गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन के बाद मार्कस स्टॉयनिस (नाबाद 61) रनों की तूफानी पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 52 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में पाकिस्तान का सूपड़ा साफ कर दिया।

118 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और उसने 3.3 ओवर में 30 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। मैथ्यू शॉर्ट (दो), जेक फ्रेजर-मक्गर्क (16) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद कप्तान जॉश इंग्लिस और मार्कस स्टॉयनिस ने पारी को संभाला। 10वें ओवर में अब्बास अफरीदी ने जॉश इंग्लिस (27) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। मार्कस स्टॉयनिस ने 27 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के लगाते हुये (नाबाद 61) रनों की पारी खेली। टिम डेविड सात रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया ने 11.2ओवर में तीन विकेट पर 118 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया।

## खेल डायरी



### वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड ने श्रृंखला जीती

**ग्रोस आइलेट।** वेस्टइंडीज के खिलाफ पांचवां और आखिरी मैच बारिश के कारण पांच ओवर बाद ही रद होने से इंग्लैंड ने टी20 श्रृंखला 3-1 से जीत ली। वेस्टइंडीज ने पांचवें ओवर के आखिर में बिना किसी नुकसान के 44 रन बना लिये थे जब बारिश होने लगी। एविन लुईस 29 और शाइ होप 14 रन बनाकर खेल रहे थे। बारिश रूकती नहीं देखकर अंपायरों ने मैच रद करने का फैसला किया। इंग्लैंड ने पहले तीन मैच जीते थे जबकि वेस्टइंडीज ने चौथा मैच जीता था।

### ओंकार साल्वी आरसीबी के गेंदबाजी कोच बने



**बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने सोमवार को ओंकार साल्वी को अपना गेंदबाजी कोच नियुक्त करने की घोषणा की। साल्वी के मार्गदर्शन में मुंबई ने पिछले सत्र में रणजी ट्रॉफी और ईरानी ट्रॉफी खिताब जीता। घरेलू क्रिकेट में जाना-पहचाना नाम साल्वी इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स के सहायक कोच के रूप में काम कर चुके हैं। फ्रेंचाइजी ने ट्वीट किया, मुंबई के मौजूदा मुख्य कोच ओंकार साल्वी को आरसीबी का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। ट्वीट के अनुसार, ओंकार पिछले आठ महीने में रणजी ट्रॉफी, ईरानी ट्रॉफी और आईपीएल विजेता टीम का हिस्सा रहे।

### आकिब जावेद पाकिस्तान के अंतरिम मुख्य कोच बने



**लाहौर।** पूर्व तेज गेंदबाज आकिब जावेद चैंपियंस ट्रॉफी तक सीमित ओवर क्रिकेट में पाकिस्तान के अंतरिम मुख्य कोच बनने के साथ राष्ट्रीय चयन पैनल में भी अपनी भूमिका जारी रखेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को यहां इसकी पुष्टि की। बोर्ड ने कहा कि जावेद टीम के मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे लेकिन पीसीबी इस दौरान दूसरे उम्मीदवार की तलाश जारी रखेगा। एक अधिकारी ने कहा, पीसीबी का लक्ष्य 19 फरवरी से नौ मार्च तक होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के अंत तक नये कोच की नियुक्ति प्रक्रिया को पूरा करने का होगा। जावेद के पास पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में लाहौर कलंदर्स के कोच का अनुभव है। वह हाल ही में श्रीलंका के तेज गेंदबाजी कोच भी थे।

### न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज डग ब्रेसवेल पर प्रतिबंध



**वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)।** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज डग ब्रेसवेल को इस साल की शुरुआत में जांच में कोकीन के इस्तेमाल के लिए पॉजिटिव पाये जाने के बाद एक महीने का प्रतिबंध झेलना पड़ा है। प्रतिबंध का विवरण न्यूजीलैंड स्पोर्ट इंटीग्रिटी कमीशन द्वारा सोमवार को पहली बार सार्वजनिक किया गया। न्यूजीलैंड के लिए 28 टेस्ट खेलने वाले इस 34 वर्षीय खिलाड़ी को जनवरी में सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट और वेलिंगटन के बीच घरेलू टी-20 मैच के बाद जांच में पॉजिटिव पाया गया था। उन्हें इस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। ब्रेसवेल के उपचार कार्यक्रम पूरा करने की शर्त पर आयोग द्वारा लगाए गए शुरुआती तीन महीने के प्रतिबंध को घटाकर एक महीने कर दिया गया था। एक महीने का प्रतिबंध इस साल अप्रैल में लागू किया गया, जिसका मतलब यह है कि ब्रेसवेल अब क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं।

# मजबूत स्कोर के बाद भी ड्रा रहा मैच

- 12 अंक हासिल कर उत्तर प्रदेश एलीट ग्रुप बी में अभी भी टॉप पर
- ग्रीनपार्क में हुआ कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी का मैच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** गेंदबाजों में खराब प्रदर्शन के कारण सोमवार को ग्रीनपार्क में कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में यूपी टीम को गोवा के खिलाफ ड्रा खेलना पड़ा। पहली पारी में 393 रनों की बड़ी लीड लेने और गोवा को फॉलोऑन देने के बावजूद टीम दूसरी पारी में मेहमान टीम के केवल दो विकेट ही गिरा सकी और उसे मैच ड्रा खेलकर तीन अंकों से ही संतोष करना पड़ा। हालांकि बैटिंग और बॉलिंग के अंक मिलाकर यूपी 12 अंक हासिल कर एलीट ग्रुप बी में 60 अंकों के साथ पहले स्थान पर बरकरार है। वहीं गोवा को इस मैच में चार अंक मिले। कुल 29 अंक के साथ वह सातवें स्थान पर है।



बल्लेबाजी करते गोवा के बल्लेबाज।

ग्रीनपार्क में मैच के अंतिम दिन गोवा ने कल के बिना किसी नुकसान के 107 रनों से आगे खेलते हुए अंतिम दिन का खेल समाप्त की घोषणा तक 87 ओवर में दो विकेट 283 रन बनाए। दोनों पारियों को मिलाकर भी वह यूपी के पहली पारी में बनाए गए 587 रनों के स्कोर को लांघ नहीं सकी। कल के नाबाद बल्लेबाज एजान थोता ने शानदार शतकीय पारी खेली। उन्होंने 149 गेंदों में 14 चौकों की मदद से 111 रन बनाए। उनका विकेट स्वास्तिक चिकारा ने लिया। वहीं दूसरे ओपनर चित्तम देवानकुमार 82 रन बनाकर रिषभ बंसल का शिकार हुए। दो विकेट गिरने के बाद कप्तान कुशल हट्टंगडी नाबाद 28 रन और शिवेंद्र भुजवाल नाबाद 41 रन पर रहे। वे टीम का स्कोर 87 ओवर में दो विकेट पर 283 रन तक ले जाने में सफल रहे। अंतिम दिन केवल 58 ओवर का ही खेल खेला गया।

## जूनियर एशिया कप हॉकी टीम का ऐलान

**नई दिल्ली।** डिफेंडर आमिर अली मस्कट में 26 नवंबर से होने वाले पुरूष जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के लिये भारत की 20 सदस्यीय टीम के कप्तान होंगे। यह टूर्नामेंट अगले साल होने वाले जूनियर विश्व कप का क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है। **गोलकीपर :** प्रिंसदीप सिंह, बिक्रमजीत सिंह, **डिफेंडर :** आमिर अली (कप्तान), टी प्रियब्रत, शारदानंद तिवारी, योगेम्बर रावत, अनमोल इक्का, रोहित, **मिडफील्डर :** अंकित पाल, मनमीत सिंह, रोशन कुजूर, मुकेश टोप्पो, थोकचोम किंगसन सिंह, **फॉरवर्ड :** गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाहा, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह, अराइजीत सिंह हुंडल, **वैकल्पिक खिलाड़ी :** सुखविंदर और चंदन यादव।

# भुवनेश्वर उप्र सीनियर टी-20 टीम के कप्तान

- सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी के लिए यूपी टीम घोषित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार बीसीसीआई की सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश की कमान संभालेंगे। 23 नवंबर से दिल्ली के खिलाफ होने वाले पहले मुकाबले के लिए सोमवार को उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) ने अपनी 19 सदस्यीय टीम की घोषणा की है।

इस टीम में शामिल यश दयाल को बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए आस्ट्रेलिया का बुलावा आ गया है। यूपीसीए के मीडिया कमेटी के चेयरमैन डा. संजय कपूर ने बताया कि यूपी सीनियर टी-20 टीम की कमान भुवनेश्वर कुमार को सौंपी गयी है। भुवनेश्वर के अलावा टीम में पीयूष चावला, रिंकू सिंह, नितीश राणा, मोहसिन खान जैसे स्टार खिलाड़ी हैं, जो टीम को खिताब की होड़ में ले जाने का जज्बा रखते हैं।

**यूपी टी-20 टीम**

भुवनेश्वर कुमार (कप्तान), माधव कौशिक (उपकप्तान), करन शर्मा, रिंकू सिंह, नितीश राणा, समीर रिजवी, स्वास्तिक चिकारा, प्रियम गर्ग, आर्यन जुयाल, आदित्य शर्मा, पियूष चावला, विपराज निगम, शिवम शर्मा, मोहसिन खान, आकिब खान, शिवम मावी, कार्तिकेय जायसवाल, विनीत पंवर, यश दयाल।

# डेविप कप: विदाई की तैयारी में जुटे नडाल



मालागा (स्पेन), एजेंसी

स्पेन के महान खिलाड़ी राफेल नडाल मंगलवार से यहां घरेलू दर्शकों के सामने होने वाले डेविस कप फाइनल्स के जरिये टेनिस से विदा लेने की तैयारी में हैं। 38 वर्ष के नडाल 20 साल से अधिक समय से खेल रहे हैं और टेनिस के बिग थ्री में से रिटायर होने जा रहे दूसरे खिलाड़ी हैं। रोजर फेडरर ने 2022 में खेल से विदा ली थी जबकि नोवाक जोकोविच अभी खेल रहे हैं।

पिछले सप्ताह से मालागा में लगातार अभ्यास कर रहे नडाल ने कहा, यह कठिन फैसला है जिसे लेने में मुझे समय लगा। लेकिन जीवन में जो शुरू हुआ है, वह खत्म होना ही है। मुझे लगता है कि यह विदा लेने का सही समय है। मेरा कैरियर इतना लंबा और सफल रहा जितना मैने सोचा भी नहीं था। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि नडाल का आखिरी मैच कब होगा क्योंकि डेविस कप टीम स्पर्धा है और अभी तय नहीं है कि आगे के नतीजे क्या होते हैं। स्पेन को मंगलवार को नीदरलैंड से खेलना है जिसमें जीतने पर कनाडा या जर्मनी से शुक्रवार को सेमीफाइनल खेलना होगा। एकल में दो और युगल में एक मैच होना है। अभी पता नहीं है कि नडाल एकल खेलेंगे, युगल या दोनों या एक भी नहीं। नडाल के साथ स्पेन की टीम में चार बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन कार्लोस अल्काराज, रॉबर्टो बतिस्ता एगुट, पेड्रो मार्तिनेज और मार्शेल ग्रानोलेर्स हैं।

## बॉलीवुड हलचल

### 17 जनवरी को रिलीज होगी कंगना की फिल्म इमरजेंसी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी, 17 जनवरी 2025 को रिलीज होगी। कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी खूब चर्चा में रही है। इस साल 06 सितंबर को फिल्म इमरजेंसी रिलीज होने वाली थी, लेकिन सेंसर से सर्टिफिकेट नहीं मिल पाने के कारण ऐसा नहीं हो पाया। अब इमरजेंसी की नई रिलीज डेट का एलान कर दिया गया है। कंगना रनौत ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने फिल्म का पोस्टर साझा किया है और इसके साथ कैप्शन लिखा है, 17 जनवरी 2025, देश की सबसे शक्तिशाली महिला की महाकाव्य गाथा और वो पल जिसने भारत की नियति बदल दी। इमरजेंसी से पर्दा हटेगा सिर्फ सिनेमा में। ज़ी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फ़िल्म्स द्वारा निर्मित, इमरजेंसी की कहानी वर्ष 1975 पर आधारित है, जब भारत में इमरजेंसी लागू हुई थी। इस फिल्म में कंगना, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आयेंगी। फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत के अलावा अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कंगना ने इमरजेंसी में अभिनय करने के साथ ही फिल्म का निर्माण और निर्देशन भी किया है।

### पांच सितंबर को रिलीज होगी टाइगर श्रॉफ की फिल्म बागी 4



**मुंबई।** बॉलीवुड के एक्शन स्टार टाइगर श्राफ की आने वाली फिल्म बागी 4, 05 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टाइगर श्राफ ने बागी फ्रेंचाइजी की फिल्म बागी ,बागी 2 और बागी 3 में काम किया है। अब टाइगर, फिल्म बागी 4 में नजर आयेंगे ।बागी 4 के फर्स्ट लुक पोस्टर के साथ इसकी रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है। टाइगर श्रॉफ ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर बागी 4 की पहली झलक दिखाई है। उन्होंने बागी 4 का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर किया है ।पोस्टर में टाइगर ,बाथरूम में बैठे नजर आ रहे हैं, उनके हाथ में शराब की बोतल, मुंह में बीड़ी और हाथ में तलवार टाइप का एक खून से सना हथियार है, जिससे उन्होंने नरसंहार मचाया है। पोस्टर के कैप्शन में टाइगर श्राफ ने लिखा है, एक ज्यादा काली आत्मा, एक अधिक खूनी मिशन, इस बार पहले जैसा बिल्कुल भी कुछ नहीं है। साजिद नाडियाडवाला निर्मित और ए. हर्षा द्वारा निर्देशित फिल्म बागी 4, 05 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### अमिताभ ने जलसा के बाहर बांटे गिफ्ट्स



**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपने फैंस का अभिवादन किया और उन्हें गिफ्टस दिये हैं। हर रविवार अमिताभ के घर जलसा के बाहर उनसे मिलने के लिए फैंस की भीड़ इकट्ठी होती है। पिछले 40 से अधिक वर्षों से,अमिताभ अपने फैंस से मिल रहे हैं। अमिताभ अपने फैंस का दिल खोलकर अभिनंदन करते हैं। इस रविवार अमिताभ ने जलसा के बाहर मिलने आए फैंस के साथ मुलाकात की, साथ ही उन्हें गिफ्ट्स भी बांटे। अमिताभ की तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि अमिताभ बच्चन अपने बंगले जलसा के बाहर फैंस से मिलने के लिए आए हैं और दोनों हाथ जोड़ उनका अभिनंदन कर रहे हैं। अमिताभ अपने प्रशंसकों से मुलाकात करते हुए काफी खुश नजर आ रहे हैं और बाद उन्हें तोहफे भी बांटते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### पाकिस्तानी सेना का एक जवान, छह आतंकी मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी में पाकिस्तानी सेना का एक कमांडो और छह आतंकवादी मारे गए। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह घटना शनिवार को अफगानिस्तान की सीमा से लगे खैबर जिले की तिराह घाटी के लूर मौदान इलाके में हुई। इस घटना में पाकिस्तानी सेना का एक कमांडो मारा गया और एक अन्य घायल हो गया।

### न्यू ऑरलियन्स में गोलीबारी में दो की मौत, 10 घायल

**न्यू ऑरलियन्स (अमेरिका)।** अमेरिका के न्यू ऑरलियन्स में दो विभिन्न स्थानों पर रविवार को हुई गोलीबारी की अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई जबकि 10 व्यक्ति घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि इन घटनाओं के संबंध में अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। न्यू ऑरलियन्स पुलिस विभाग की एक समाचार विज्ञप्ति के अनुसार, न्यू ऑरलियन्स के सेंट रोच इलाके में दोपहर 3 :30 बजे के बाद गोलीबारी की सूचना मिली थी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस को वहां आठ व्यक्ति घायल मिले।

### ब्रेंडन कैर को एफसीसी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वकील ब्रेंडन कैर को संघीय संचार आयोग (एफसीसी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है।एफसीसी अमेरिका में दूरसंचार और मीडिया को विनियमित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जिसमें इंटरनेट, टेलीविजन प्रसारण और नयी प्रौद्योगिकियों की शुरूआत की देखरेख करना शामिल है। यह इसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था और संचार बुनियादी ढांचे के लिए सबसे महत्वपूर्ण एजेंसियों में से एक बनाता है।

### फिलीपींसः मान-यी तूफान से आठ लोगों की मौत

**मनीला।** फिलीपींस में सप्ताहांत में मान-यी तूफान से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई है। नुएवा विज्काया प्रांतीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन कार्यालय (पीडीआरआरएमओ) ने अंबागुइओ शहर में भूस्खलन में घर दब जाने से कम से कम सात लोगों की मौत होने की पुष्टि की। पीडीआरआरएमओ के एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा हम अभी भी आपदा के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

### आर्मेनिया : सर्वोच्च न्यायिक परिषद के अध्यक्ष इस्तीफा देंगे

**येरेवन।** आर्मेनिया की सर्वोच्च न्यायिक परिषद के अध्यक्ष करेन एंड्रियासियन ने अपने पद से इस्तीफे की घोषणा की है। यह जानकारी आर्मेनिया के न्यायिक अधिकारियों ने सोमवार को दी। उन्होंने टेलीग्राम पर कहा, सुप्रीम कोर्ट के अध्यक्ष ने फेसबुक पेज पर सूचित किया है कि उन्होंने अपना इस्तीफा पत्र सौंप दे दिया है। एंड्रियासियन ने न केवल सर्वोच्च न्यायिक परिषद के अध्यक्ष पद से, बल्कि परिषद से भी इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने फैसले के कारणों का खुलासा नहीं किया है।

# मृतक महिला के भारतीय मूल के पति की तलाश

लंदन, एजेंसी

- लंदन में कार की डिक्की में एक महिला का शव बरामद होने के मामले की जांच कर रही पुलिस

पूर्वी लंदन में कुछ दिन पहले एक कार की डिक्की से एक महिला का शव बरामद होने के बाद मामले की जांच कर रही ब्रिटेन की पुलिस ने हत्या के संदेह में भारतीय मूल के उसके पति की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को संदेह है कि आरोपी इस माह की शुरूआत में अपनी पत्नी हर्षिता ब्रेलाकी हत्या करने के बाद देश छोड़कर भाग गया।

नॉर्थम्पटनशायर पुलिस की ओर से रविवार को जारी एक अद्यतन बयान में मुख्य निरीक्षक पॉल कैश ने कहा कि इस मामले पर 60 से अधिक जासूस काम कर रहे हैं और पुलिस ने आरोपी पंकज लांबा की तस्वीर जारी कर लोगों से किसी भी तरह की सूचना मिलने पर जानकारी देने की अपील की है। कैश ने कहा, पूछताछ के बाद हमें संदेह है कि हर्षिता की हत्या इस महीने की शुरुआत में नॉर्थम्पटनशायर में उसके पति पंकज लांबा ने की थी। इससे पहले, नॉर्थम्पटनशायर पुलिस ने सप्ताहांत में हत्या की जांच शुरू करते हुए लंदन में एक कार की डिक्की में पाई गई मृतक का नाम हर्षिता ब्रेला बताया था।

## मोदी-शी के बीच अहम मुद्दों पर बनी सहमति होगी लागू

**बीजिंग।** चीन ने सोमवार को कहा कि वह रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर हुई मुलाकात में राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच अहम मुद्दों पर बनी आम सहमति को लागू करने के लिए तैयार है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा, राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कजान में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की थी। चीन दोनों देशों के नेताओं के बीच अहम मुद्दों पर बनी आम सहमति को लागू करने, संवाद एवं सहयोग बढ़ाने और रणनीतिक आपसी विश्वास को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करने को तैयार है।

मनोरम दृश्य



जर्मनी के वर्निगेरोड के पास शरद ऋतु के रंगों वाले हार्ज़ जंगल से होकर गुजरती एक भाप रेलगाड़ी। • एजेंसी

## पुतिन से बात करने की कोई योजना नहीं : स्टारमर

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने कहा है कि उनकी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात करने की कोई योजना नहीं है। स्टारमर ने जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ द्वारा व्लादिमीर पुतिन के साथ फ़ोन पर बातचीत करने के फ़ैसले पर टिप्पणी करते हुए यह बात कही। क्रेमलिन और बर्लिन ने शुक्रवार को स्कोल्ज़ और पुतिन के बीच फ़ोन पर बातचीत की सूचना दी। यह जर्मन पक्ष की पहल पर हुआ। स्टारमर ने स्काई न्यूज़ ब्रॉडकास्टर से कहा, यह चांसलर स्कोल्ज़ का मामला है कि वे किससे बात करते हैं। मेरी पुतिन से बात करने की कोई योजना नहीं है।

# एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का संदेश अब भी प्रासंगिक : मोदी

## कहा- खाद्य, ईंधन और उर्वरक संकट से ग्लोबल साउथ के देश सबसे अधिक प्रभावित

रियो डी जेनेरियो, एजेंसी

- मोदी ने वैश्विक शासन की संस्थाओं में सुधार का भी आह्वान किया
- वैश्विक गठबंधन के लिए ब्राजील की पहल का किया समर्थन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि वैश्विक संघर्षों के कारण खाद्य, ईंधन और उर्वरक संकट से ग्लोबल साउथ के देश सबसे अधिक प्रभावित हैं और जी-20 को इसे दूर करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जी-20 शिखर सम्मेलन के एक सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत में पिछले साल आयोजित जी-20 का विषय एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य इस शिखर सम्मेलन में भी उतना ही प्रासंगिक है जितना कि पिछले वर्ष था।

उन्होंने कहा, मैं यह कहना चाहूंगा कि वैश्विक संघर्षों के कारण खाद्य, ईंधन और उर्वरक संकट से ग्लोबल साउथ के देश सबसे अधिक प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, इसलिए हमारी चर्चा तभी सफल हो सकती है जब हम ग्लोबल साउथ की चुनौतियों और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखें। ग्लोबल साउथ का आशय कमजोर या विकासशील देशों से है। प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी जी-20 के



रियो डी जनेरियो में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेते पीएम मोदी।

सामाजिक समावेशन और भुखमरी तथा गरीबी के खिलाफ लड़ाई विषय पर आयोजित सत्र में की। मोदी ने वैश्विक शासन की संस्थाओं में सुधार का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा, जिस तरह हमने नयी दिल्ली शिखर सम्मेलन के दौरान अफ्रीकी संघ को जी-20 की स्थायी सदस्यता देकर ग्लोबल साउथ की आवाज को बुलंद किया, उसी तरह हम वैश्विक शासन की संस्थाओं में सुधार करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत भुखमरी और गरीबी के खिलाफ वैश्विक गठबंधन के लिए ब्राजील की पहल का समर्थन करता है। उन्होंने कहा, नयी दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन में लिए गए जन-केंद्रित निर्णयों को ब्राजील की अध्यक्षता के दौरान आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा, यह बहुत संतोष की बात है कि हमने एसडीजी (सतत विकास लक्ष्य) को प्राथमिकता दी।

### मोदी ने कई देशों के नेताओं से मुलाकात की

**रियो डी जेनेरियो।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान ब्राजील, सिंगापुर और स्पेन सहित कई देशों के नेताओं से बातचीत की। ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला डा सिल्वा ने प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया, जो रियो डी जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे हैं। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, रियो डी जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन का इंतजार है। गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए राष्ट्रपति लूला का आभार। मोदी ने शिखर सम्मेलन से इतर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस, सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग, स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज़ से भी मुलाकात की।

## श्रीलंका में 21 सदस्यीय मंत्रिमंडल ने शपथ ली

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायका ने सोमवार को अपनी नई सरकार में 21 सदस्यीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति की। उन्होंने शासन प्रणाली को सुव्यवस्थित करने और करदाताओं पर बोझ कम करने के उनके चुनाव पूर्व किए गए वादे को ध्यान में रखते हुए मंत्रिमंडल में कम सदस्यों को ही जगह दी है।

श्रीलंका की सत्ता में आई दिसानायके की नेशनल पीपुल्स पॉवर (एनपीपी) जनता के लिए लागत कम करने के वास्ते एक लघु सरकार की वकालत करती रही है। सितंबर में राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद से, सरकार राष्ट्रपति सहित सिर्फ 3 मंत्रियों के साथ काम कर रही थी। श्रीलंका के संविधान के अनुसार, 30 सदस्यीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति का प्रावधान है। दिसानायका ने वित्त और रक्षा विभागों को अपने पास ही रखा है, जबकि 12 नए संसद सदस्यों को प्रमुख पदों पर नियुक्त किया। उन्होंने वर्ष 2000 से सेवाएं दे रहे आठ अनुभवी सदस्यों को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। कैबिनेट में नए चेहरों में पांच प्रोफेसर भी हैं। कैबिनेट में दो महिला सदस्य हैं जिनमें प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या के पास शिक्षा विभाग है। सरोजा सावित्री पॉलराज के पास महिला और बाल मामलों के विभाग की जिम्मेदारी है।

# बाइडेन की मंजूरी के बाद जेलेंस्की ने रूस को धमकाया

कीव, एजेंसी

यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमिर ज़ेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की ओर से उनके देश को रूस के अंदर तक हमला करने के लिए लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग करने की अनुमति देने के बारे में मीडिया रिपोर्टों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसी बातों की घोषणा नहीं की जाती।

जेलेंस्की ने कहा आज, मीडिया में बहुत कुछ कहा जा रहा है कि हमें उचित कार्रवाई करने की अनुमति मिल गई है। लेकिन हमले शब्दों से नहीं किए जाते हैं। ऐसी बातें घोषित नहीं की जाती हैं। मिसाइलें खुद ही बोलती हैं। जैसा कि कई अमेरिकी मीडिया आउटलेट्स ने 17 नवंबर को बताया कि बाइडेन प्रशासन ने यूक्रेन को रूसी क्षेत्र में गहरी हमला करने के लिए लंबी दूरी की मिसाइलों का उपयोग करने की अनुमति दी थी। फ्रांस के ले फिगारो ने यह भी दावा किया कि अमेरिका का अनुसरण करते हुए फ्रांस और यूनाइटेड किंगडम ने भी कथित तौर पर यूक्रेन को अपने लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग करके रूसी क्षेत्र में हमला करने की अनुमति दी थी। रूस का मानना है कि यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति समझौते में बाधा डालती है, जिससे संघर्ष में सीधे तौर पर नाटो देश शामिल हो जाते हैं। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि यूक्रेन के लिए हथियार युक्त कोई भी माल रूस के लिए वैध लक्ष्य होगा। क्रेमलिन ने कहा कि पश्चिम द्वारा यूक्रेन में हथियार भेजना वार्ता में योगदान नहीं देगा और इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

### रूस ने यूक्रेन के बुनियादी ढांचे पर किया घातक हमला

**कीव।** रूस द्वारा यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमलों में नौ मंजिला एक इमारत ध्वस्त हो गई जिससे आठ लोगों की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। यूक्रेन के गृह मंत्री इगोर क्लिमेंको ने बताया कि रूस की सीमा से 40 किमी दूर सुमी में मारे गए आठ लोगों में दो बच्चे भी शामिल हैं। 400 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

## देश में पहली बार पांच माह के बच्चे की कोकलियर इंप्लांट सर्जरी

**नई दिल्ली।** जन्म से ही कम सुनने के विकार से पीड़ित पांच महीने के शिशु में देश में पहली बार कोकलियर इंप्लांट सर्जरी करके चिकित्सा जगत में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गयी है। राष्ट्रीय राजधानी में फरीदाबाद के सर्वोदय अस्पताल में ईएनटी एवं कोकलियर इंप्लांट्स विभाग के निदेशक डॉ. रवि भाटिया ने सोमवार को बताया कि इतनी छोटी उम्र में यह सर्जरी भारत में पहली बार हुई है। शिशु को जन्म से ही सुनने की समस्या थी। इस प्रक्रिया में मरीज के कान में एक छोटा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण स्थापित किया जाता है। अध्ययन के अनुसार भारत में जन्म लेने वाले हर 1000 बच्चों में से चार से छह बच्चों में जन्म से ही कम सुनने का विकार होता है। इस स्थिति में बच्चे सुनने की कम क्षमता के साथ जन्म लेते हैं।

# रैगिंग से मौत के बाद 15 छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी

पाटन (गुजरात), एजेंसी

- गैर इरादतन हत्या और अन्य अपराधों के तहत मामला दर्ज किया गया

गुजरात के पाटन जिले के मेडिकल कॉलेज में 18 वर्षीय छात्र की रैगिंग के कारण मौत होने पर पुलिस ने 15 छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्राथमिकी के अनुसार, एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के आरोपी छात्रों ने पीड़ित सहित कुछ जूनियर छात्रों को शनिवार रात तीन घंटे से अधिक समय तक छात्रावास के कमरे में कथित तौर पर खड़ा रखा और उन्हें मानसिक एवं शारीरिक यातना दी।

प्राथमिकी में कहा गया है कि उन पर गैर इरादतन हत्या और अन्य अपराधों के तहत मामला दर्ज किया गया है। पाटन के धारपुर स्थित जीएमईआरएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि आरोपी छात्रों को अगले आदेश तक छात्रावास एवं शैक्षणिक गतिविधियों से निलंबित कर दिया गया है। कॉलेज के डीन डॉ. हार्दिक शाह ने रविवार को बताया कि एमबीबीएस प्रथम वर्ष का छात्र अनिल मेथानिया शनिवार रात कॉलेज के छात्रावास में अपने वरिष्ठों द्वारा रैगिंग के दौरान कथित तौर पर तीन घंटे तक खड़े रहने के बाद बेहोश हो गया और उसकी मौत हो गई। डॉ. शाह की अध्यक्षता में कॉलेज की रैगिंग विरोधी समिति ने प्रथम वर्ष के 11 और द्वितीय वर्ष के 15 समेत कुल 26 छात्रों के बयान लिए। कॉलेज के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि समिति ने पाया कि प्रथम वर्ष के 11 छात्रों की द्वितीय वर्ष के 15 छात्रों के एक समूह द्वारा रैगिंग ली गई थी।

## तेलंगाना में रैगिंग के आरोप में मेडिकल के चार छात्र निलंबित

**हैदराबाद।** तेलंगाना के नलगोंडा जिले के सरकारी मेडिकल कॉलेज के चार छात्रों को अपने जूनियर छात्रों की रैगिंग लेने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह घटना 11 नवंबर को लड़कों के छात्रावास में घटी थी, जहां केरल के पांच छात्रों को वरिष्ठों ने 'शारीरिक रूप से परेशान करते हुए रैगिंग' ली थी। अगले दिन जूनियर छात्रों ने कॉलेज प्रशासन के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच की गई और रैगिंग विरोधी समिति की बैठक के बाद वरिष्ठ चार छात्रों को एक से छह महीने की अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उचित कदम उठाए गए हैं। छात्रों के लिए पुलिस विभाग के सहयोग से रैगिंग विरोधी जागरूकता बैठकें आयोजित करने का प्रस्ताव है।

# प्रतीक्षित रोपवे परियोजना लागू करने का फैसला किया

जम्मू, एजेंसी

- वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने लिया तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने का निर्णय

श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) ने तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक और त्वरित बनाने के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित रोपवे परियोजना को लागू करने का निर्णय किया है। एसएमवीडीएसबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अंशुल गर्ग ने कहा कि रोपवे परियोजना एक परिवर्तनकारी परियोजना होगी, विशेषकर उन तीर्थयात्रियों के लिए, जिन्हें मंदिर तक जाने के लिए 13 किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई चढ़ना चुनौतीपूर्ण लगता है।

कटरा में उन्होंने कहा कि बोर्ड ने आखिरकार रोपवे परियोजना को लागू करने का फैसला कर लिया है। परियोजना पूरी हो जाने पर, प्रत्येक वर्ष पवित्र गुफा में आने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या की जरूरत पूरी हो सकेगी। गर्ग ने कहा कि पिछले साल माता वैष्णो देवी की यात्रा ने 95 लाख तीर्थयात्रियों से अधिक का नया रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना पर कई वर्षों से चर्चा चल रही थी और बोर्ड ने तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करते हुए आगे बढ़ने का निर्णय किया है।

गर्ग ने कहा कि रोपवे से विशेष रूप से बुजुर्ग तीर्थयात्रियों और उन लोगों को लाभ होगा जो शारीरिक कमियों या हेलीकॉप्टर सेवाओं की सीमित क्षमता के कारण कठिन यात्रा पूरी नहीं कर सकते। बोर्ड ने इस बात पर जोर दिया कि परियोजना के कार्यान्वयन के दौरान स्थानीय हितधारकों की चिंताओं पर भी विचार किया जाएगा।

## बेरूत के प्रमुख सरकारी भवनों, दूतावासों के पास इजराइल का हमला

**बेरूत।** इजराइली हवाई हमले में सोमवार देर रात लेबनान की राजधानी में घनी आबादी वाले आवासीय क्षेत्र को निशाना बनाया गया। हमलों में बेरूत के जिस क्षेत्र को निशाना बनाया गया वहां से पास में ही संयुक्त राष्ट्र कार्यालय, संसद भवन, प्रधानमंत्री कार्यालय और कई दूतावास हैं। लेबनान की सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने कहा कि बेरूत के जौक अल-ब्लाट इलाके में दो मिसाइलें गिरी हैं। यह हमला ऐसे वक्त हुआ है जब खबर आई है कि अमेरिकी दूत ने युद्धविराम वार्ता के लिए अपनी यात्रा स्थगित कर दी है। हमलों के बाद पूरे इलाके में एम्बुलेंस के सायरन गूंज रहे थे, लेकिन हताहतों की कोई आधिकारिक संख्या जारी नहीं की गई है। घटनास्थल पर मौजूद एसोसिएटेड प्रेस (एपी) के एक रिपोर्टर ने बताया कि सड़क पर काफी संख्या में लोग हताहत हुए हैं।

खगोल विज्ञान

**दक्षिण ब्रिटेन में सामान्य से अधिक नजर आई नॉर्दन लाइट, बदलाव से वैज्ञानिक हैं आश्चर्यचकित**

# निशिचत स्थान से जगह बदल रही है ऑरोरा की रंगबिरंगी रोशनी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पिछले कुछ समय से ऑरोरा की रोशनी अपने निश्चित स्थान से हटकर दूसरी जगह नजर आने लगी। इस साल मई के बाद ब्रिटेन के ऊपर सामान्य से अधिक दक्षिण में दिखाई दे रही है। इस बदलाव से वैज्ञानिक आश्चर्यचकित हैं और कारण जानने का प्रयास कर रहे हैं।

ऑरोरा की रंगबिरंगी रोशनी ध्रुवीय क्षेत्रों का मुख्य आकर्षण है। जिसका लुत्फ उठाने दुनियाभर से लोग ध्रुवीय क्षेत्रों में पहुंचते हैं। यह रोशनी मामूली नहीं, बल्कि भू-चुंबकीय तूफानों से पैदा होती हैं। यह स्थिति तब बनती है जब सूर्य से आने वाले आवेशित कण पृथ्वी के वायुमंडल से टकराते हैं। ये कण सूर्य द्वारा लगातार छोड़े जाते हैं। सौर गतिविधि बढ़ने के दौरान



ऑरोरा की रोशनी का मनमोहक नजारा।

ऑरोरा की तीव्रता बढ़ जाती है। यह अवसर 11 वर्ष के दौरान दो से तीन साल ही मिल पाता है। इन दिनों सूर्य अधिकतम सक्रियता के दौर से गुजर रहा है। जिसे मैक्सिमा कहा जाता है। जिस कारण जबरदस्त ऑरोरा का नजारा देखने को मिल रहा है। सदियों पहले लोग अक्सर अरोरा को एक रहस्यमय और अशुभ घटना मानते थे। 14वीं से 19वीं शताब्दी के बीच इसे लघु हिमयुग के नाम से जाना जाता था। तब उत्तरी अटलांटिक में मौसम और जलवायु आम तौर पर आज की तुलना में बेहद ठंडा हुआ करता था। इतिहास व साहित्यिक अभिलेखों में इस अवधि के दौरान जलवायु परिवर्तनशीलता के बारे में बहुत कुछ जानकारी मिलती हैं, जबकि धार्मिक ग्रंथों में भी इनका जिक्र मिलता है। कुछ लोग इसे दैवीय घटनाएं भी मानते थे। वास्तव में वह दौर अजीबोगरीब व रोचक अफवाहों का रहा होगा। मगर 19वीं सदी से खगोल विज्ञान की प्रगति के बाद अंधविश्वास का दौर छटते चला गया और वर्तमान में बहुत कुछ हम समझ चुके हैं। मगर अपनी जगह बदल रही नॉर्दन रोशनी हैरत में डालती है। अब यह नए स्थानों में नजर आने लगी है। कनाडा समेत भारत के लद्दाख में भी रंग बिरंगी रोशनी का उत्पन्न होना आश्चर्यजनक है।

### 1770 में भी दुनिया के कई स्थानों में देखी गई थी

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डॉ. वहाबउद्दीन के अनुसार नॉर्दन लाइट का कम या अधिक बनना सौर सक्रियता पर निर्भर करता है। 1770 में जापान से लेकर स्पेन तक दुनिया भर में अरोरा देखे गए थे। वर्तमान दौर 25वें सौर चक्र का है। सूर्य अधिकतम सक्रियता के दौर से गुजर रहा है। इस बार सूर्य पिछले दो दशकों के अंतराल में बेहद सक्रिय हो चला है। आए दिन सूर्य की सतह पर विस्फोट हो रहे हैं। भीषण ज्वालाएं निकल रही हैं। जिनके असर से पृथ्वी के कई हिस्सों में ब्लैक आउट हो रहे है। अंतरिक्ष मौसम प्रभावित हो रहा है और ध्रुवीय क्षेत्र ऑरोरा की रोशनी से चकाचौंध हो रहे है, इसके पीछे सूर्य पर हो रही गतिविधियां हैं, जो अगले वर्ष तक जारी रहेंगी।

## रिजॉर्ट में 3 छात्राओं की मौत मामले में रिजॉर्ट मालिक-प्रबंधक गिरफ्तार

**मंगलुरु (कर्नाटक)।** कर्नाटक के मंगलुरु में रिजॉर्ट के स्वीमिंग पूल में इंजीनियरिंग की तीन छात्राओं की डूबने से हुई मौत के मामले में पुलिस ने सोमवार को रिजॉर्ट के मालिक और उसके प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया। मंगलुरु के पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने बताया कि इंजीनियरिंग की तीनों छात्राएं 16 नवंबर को मंगलुरु पहुंची थीं और तीनों उल्लाल थाना क्षेत्र के सोमेश्वर गांव में समुद्र तट पर स्थित वज्को रिजॉर्ट में ठहरी थीं। उन्होंने बताया कि रविवार को सुबह लगभग 10 बजे उनमें से एक छात्रा स्वीमिंग पूल में नहाने गई, लेकिन पानी में डूबने लगी। दूसरी छात्रा उसे बचाने के लिए पानी में कूदी लेकिन वह भी डूबने लगी, दोनों को बचाने की कोशिश में तीसरी छात्रा भी पूल में कूद गयी।

# गुलमर्ग और पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से कम

श्रीनगर, एजेंसी

- सोमवार को शून्य से 3.0 डिग्री सेल्सियस और शून्य से 2.6 डिग्री सेल्सियस कम रहा तापमान

जम्मू-कश्मीर के स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग और पर्यटन स्थल पहलगाम में सोमवार को न्यूनतम तापमान शून्य से 3.0 डिग्री सेल्सियस कम और शून्य से 2.6 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया, जिससे ये दोनों सबसे ठंडे स्थान रहे।

मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) श्रीनगर ने बताया कि बारामूला जिले के गुलमर्ग स्की रिसॉर्ट में रविवार देर रात न्यूनतम तापमान शून्य से 3.0 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया, जबकि रविवार को न्यूनतम तापमान शून्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो सामान्य से शून्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस कम है। पर्यटन स्थल पहलगाम में भी रात के तापमान में और गिरावट देखी गई। यहां पिछली रात शून्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस कम तापमान के मुकाबले शून्य से 2.6 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया।

श्रीनगर में भी सोमवार को न्यूनतम तापमान 2.0 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, जबकि पिछली रात 5.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो इस अवधि के दौरान यहां के लिए सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस अधिक है। कश्मीर घाटी के प्रवेश द्वार काजीगुंड में न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि पिछली रात 5.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था, जो सामान्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।